
RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 7 अंक 10
फरीदाबाद, मंगलवार, 13 फरवरी, 2024
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana

पॉल ने कॅरियर का दूसरा एटीपी खिताब जीता

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 71072 | ▼ 523 | |
| निफ्टी | 21612 | ▼ 170 | |
| सोना | 63150 | ▼ 510 | /10 gm |
| चांदी | 75400 | ▲ 400 | /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 22.00°C
न्यूनतम 13.00°C

## क्विक न्यूज

### एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के पुष्प विहार स्थित एमिटी इंटरनेशनल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी वाला एक ईमेल सोमवार सुबह मिलने के बाद परिसर में पुलिस और बम निरोधक दस्ते ने तलाशी ली लेकिन कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (दक्षिण) अंकित चौहान ने बताया कि तड़के यह ईमेल भेजा गया था लेकिन स्कूल प्रशासन को कुछ घंटे बाद इसका पता चला। चौहान ने कहा, धमकी के बारे में सुबह साढ़े आठ बजे सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस बम निरोधक दस्ते के साथ स्कूल परिसर पहुंची। उन्होंने बताया कि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

### रामबन में घर में आग लगने से तीन बहनों की मौत



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में रामबन जिले के एक सुदूर गांव में एक मकान में आग लगने से सोमवार को तीन बहनों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि उखराल मंडल के धनमस्ता-तजनीहाल गांव में तीन मंजिला मकान में सोमवार सुबह आग लग गई। उन्होंने बताया कि घटना के वक्त बिस्मा (18), शाइका (14) और सानिया (11) सबसे ऊपरी मंजिल पर सो रही थीं और आग के पूरे घर में फैलने के कारण वे बाहर नहीं निकल पाईं। अधिकारियों ने बताया कि दमकल और आपातकालीन सेवाओं के कर्मियों ने उनके शव बरामद किए। आग लगने की वजह का अभी पता नहीं चला है।

### पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ईडी हिरासत तीन दिन बढ़ाई



**रांची।** यहां की एक विशेष धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने कथित भूमि घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की हिरासत सोमवार को तीन दिन के लिए बढ़ा दी। वकीलों ने यह जानकारी दी। ईडी ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) नेता की चार दिनों की हिरासत मांगी थी। सोरेन की ओर से पेश महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कहा, वे (ईडी) चार दिन की हिरासत मांग रहे थे। उनके पास आगे की हिरासत के लिए कोई आधार नहीं बचा है।

# कतर ने 8 पूर्व भारतीय नौसैनिकों को रिहा किया, सात भारत लौटे

### जासूसी का आरोप था, इनकी मौत की सजा कैद में बदली थी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**कतर** ने आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को रिहा कर दिया है। इनमें से सात सोमवार सुबह भारत लौट आए हैं। ये कतर में जासूसी के आरोप में उम्रकैद की सजा काट रहे थे। पहले इन्हें फांसी की सजा सुनाई गई थी। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को देर रात कहा- भारत सरकार कतर में गिरफ्तार किए गए दहरा ग्लोबल कंपनी के लिए काम करने वाले आठ भारतीयों की रिहाई का स्वागत करती है। हम इनकी घर वापसी के लिए कतर के फैसले की सराहना करते हैं। कतर की इंटेलिजेंस एजेंसी के स्टेट सिक्योरिटी ब्यूरो ने 30 अगस्त 2022 को 8 पूर्व नौसैनिकों को गिरफ्तार किया था।

दुबई में 1 दिसंबर को सीओपी28 समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी कतर के अमीर (चीफ रूलर) शेख तमीम बिन हमाद अल थानी से मिले थे। उन्होंने कहा था- दुबई में कतर के अमीर से मुलाकात हुई। मैंने उनसे कतर में रहने वाले भारतीय नागरिकों के हालचाल जाने। दुबई में 1 दिसंबर को सीओपी8 समिट के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी कतर के अमीर (चीफ रूलर) शेख तमीम बिन हमाद अल थानी से मिले थे। उन्होंने कहा था- दुबई में कतर के अमीर से मुलाकात हुई। मैंने उनसे कतर में रहने वाले भारतीय नागरिकों के हालचाल जाने।

दिल्ली एयरपोर्ट पर लौटने के बाद कुछ पूर्व नौसैनिकों ने मीडिया से बात की। एक पूर्व नौसैनिक ने कहा- पीएम मोदी के हस्तक्षेप के बिना हमारे लिए भारत लौटना संभव नहीं होता। भारत सरकार के लगातार प्रयासों के बाद ही हम वापस आ सके हैं। एक अन्य पूर्व नौसैनिक ने कहा- हम 18 महीने बाद भारत आ सके हैं। हम पीएम मोदी और भारत सरकार को उनके प्रयासों के लिए धन्यवाद देते हैं। घर लौटकर अच्छा लग रहा है। ये सभी अफसर कतर की नौसेना को ट्रेनिंग देने वाली एक निजी कंपनी दहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजीज एंड कंसल्टेंसी में काम करते थे। दहरा ग्लोबल डिफेंस सर्विस प्रोवाइड करती है। ओमान एयरफोर्स के रिटायर्ड स्क्वाड्रन लीडर खमिस अल अजमी इसके प्रमुख हैं। उन्हें भी आठ भारतीय नागरिकों के साथ गिरफ्तार किया गया था, लेकिन नवंबर में उन्हें छोड़ दिया गया। गिरफ्तारी से करीब 14 महीने बाद, 26 अक्टूबर 2023 को इन सभी पूर्व नेवी अफसरों को मौत की सजा सुनाई गई थी। 28 दिसंबर 2023 को इनकी मौत की सजा कैद में बदली गई थी।

### प्रधानमंत्री मोदी 14 फरवरी को कतर की यात्रा करेंगे



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की अपनी दो दिवसीय यात्रा के समापन के बाद 14 फरवरी को कतर की राजधानी दोहा की यात्रा करेंगे। मोदी की कतर यात्रा की घोषणा खाड़ी देश द्वारा जेल में बंद आठ पूर्व भारतीय नौसैनिकों को रिहा करने के एक दिन बाद हुई है। रिहा किए गए लोगों में से सात सोमवार सुबह भारत लौट आए। विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से इस मामले के घटनाक्रम की निगरानी की है। उन्होंने कहा, हम भारतीयों को रिहा करने के कतर के निर्णय से प्रसन्न हैं। व्यापार व निवेश, ऊर्जा और डिजिटल सहित कई क्षेत्रों में समग्र द्विपक्षीय संबंधों का विस्तार करने के उद्देश्य से मोदी सोमवार को यूएई की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना हो रहे हैं। क्वात्रा ने प्रेसवार्ता में कहा, संयुक्त अरब अमीरात की अपनी यात्रा पूरी करने के बाद, प्रधानमंत्री 14 फरवरी को दोहा, कतर की यात्रा करेंगे। विदेश सचिव ने कहा कि मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी द्विपक्षीय संबंधों को और विस्तार देने के लिए व्यापक बातचीत करेंगे। पूर्व भारतीय नौसैनिकों को पिछले अक्टूबर में दी गई मौत की सजा को अलग-अलग अवधि की जेल की सजा में तब्दील किए जाने के 46 दिन बाद वे भारत वापस लौट आए।

## किसानों का दिल्ली कूच आज, चंडीगढ़ में वार्ता बेनतीजा

# हरियाणा-दिल्ली की सीमाएं सील, इंटरनेट पर पाबंदी लगी

**पायनियर समाचार सेवा।** चंडीगढ़






**राष्ट्रीय** राजधानी में 13 फरवरी को किसानों के प्रस्तावित दिल्ली चलो मार्च के मद्देनजर सिंघू, गाजीपुर और टिकरी सीमाओं पर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है तथा यातायात पाबंदियां लागू की गई हैं। वाहनों को शहर में प्रवेश करने से रोकने के लिए दिल्ली की सीमाओं की कंकरीट के अवरोधक और सड़क पर बिछाए जाने वाले लोहे के नुकीले अवरोधक लगाकर किलेबंदी कर दी गई है। इन उपायों से सोमवार को सुबह दिल्ली के सीमावर्ती इलाकों में यातायात की आवाजाही पर असर पड़ा, जिससे यात्रियों को असुविधा हो रही है। एक अधिकारी ने कहा कि पुलिस सीमा बिंदुओं पर कड़ी निगरानी रखने के लिए ड्रोन का भी उपयोग कर रही है। उन्होंने कहा कि वे कानून एवं व्यवस्था संबंधी किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। बता दें, एसकेएम (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा ने घोषणा की है कि फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी के लिए कानून बनाने सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्र पर दबाव बनाने के वास्ते 200 से अधिक कृषि संगठन मंगलवार को दिल्ली कूच करेंगे। केंद्रीय मंत्रियों और किसान संगठनों के नेताओं के बीच आठ फरवरी को पहली बैठक में विस्तृत चर्चा हुई थी।

दिल्ली पुलिस ने किसानों के दिल्ली चलो मार्च के मद्देनजर राष्ट्रीय राजधानी में आपराधिक दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की धारा 144 लागू कर दी है और यह आदेश एक माह तक लागू रहेगा। दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा की ओर से सोमवार को जारी आदेश में किसी भी प्रकार की रैली या जुलूस निकालने तथा सड़कों एवं मार्गों को अवरुद्ध करने पर रोक लगा दी है। दिल्ली पुलिस के आदेश के तहत ट्रैक्टर रैलियों के राष्ट्रीय राजधानी की सीमाओं को पार करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ट्रैक्टर और अन्य वाहनों पर सवार होकर किसान अगस्त 2020 से दिसंबर 2021 तक इन तीन - सिंघू, गाजीपुर और टिकरी सीमाओं पर बैठे रहे थे।

बदलती स्थिति पर चौबीसों घंटे निगरानी रखने के लिए सिंघू बॉर्डर पर एक अस्थायी कार्यालय स्थापित किया गया है। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को दिल्ली में प्रवेश करने से रोकने के लिए हरियाणा की सीमा से लगती ग्रामीण सड़कों को भी सील कर दिया है।

दिल्ली-रोहतक और दिल्ली-बहादुरगढ़ मार्गों पर अर्धसैनिक बलों की भारी तैनाती की गई है। बाहरी दिल्ली के पुलिस उपायुक्त जिमी चिराम ने व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। उत्तर प्रदेश, हरियाणा और पंजाब के ज्यादातर किसान संघों ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर कानून बनाने समेत अपनी मांगों को स्वीकार करने के लिए केंद्र पर दबाव बनाने के सिलसिले में 13 फरवरी को विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है।

### चंडीगढ़ पुलिस ने यातायात परामर्श जारी किया

**चंडीगढ़।** किसानों के प्रस्तावित दिल्ली चलो मार्च के मद्देनजर चंडीगढ़ पुलिस ने सोमवार को यातायात परामर्श जारी कर लोगों से कुछ मार्गों का उपयोग करने से बचने की सलाह दी। संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम), किसान मजदूर मोर्चा और अन्य किसान संगठनों ने 13 फरवरी को दिल्ली चलो मार्च का ऐलान किया है। किसानों ने फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी देने के लिए कानून बनाने सहित उनकी कई मांगों को स्वीकार करने के लिए केंद्र पर दबाव डालने के वास्ते संसद भवन के बाहर विरोध-प्रदर्शन करने की घोषणा की है। परामर्श के मुताबिक, 13 फरवरी को चंडीगढ़ में कानून-व्यवस्था बरकरार रखने और सुचारू यातायात के लिए एहतियाती इंतजाम किए जा रहे हैं। परामर्श में कहा गया कि जनता को सलाह दी जाती है कि वह मटौर बैरियर (डिवाइडिंग रोड सेक्टर-51-52), फर्नीचर मार्केट बैरियर (चंडीगढ़-मोहाली रोड सेक्टर-53-54), बधेरी बैरियर (डिवाइडिंग रोड सेक्टर-54-55), डिवाइडिंग रोड सेक्टर-55-56, मोहाली बैरियर, जिरकपुर बैरियर, मुल्लांपुर बैरियर, नया गांव बैरियर और ढिल्लो बैरियर की ओर यात्रा करने से बचे।

### पाबंदियां लगाने के खिलाफ उच्च न्यायालय में याचिका दायर

**चंडीगढ़।** किसान संगठनों के 13 फरवरी को निर्धारित दिल्ली मार्च के मद्देनजर सीमाएं सील करने और मोबाइल इंटरनेट सेवाओं पर रोक लगाने के हरियाणा सरकार के फैसले के खिलाफ सोमवार को पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय में एक याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता उदय प्रताप सिंह ने अदालत से किसानों के विरोध प्रदर्शन के खिलाफ हरियाणा और पंजाब की सरकारों और केंद्र की सभी कार्वाइयों पर रोक लगाने के लिए निर्देश देने का अनुरोध किया है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि इन कदमों से मौलिक अधिकारों का उल्लंघन होता है और ये असंवैधानिक हैं। इस मामले पर मंगलवार को सुनवाई होने की उम्मीद है।



# फरीदाबाद निगम का क्लर्क पांच हजार रिश्वत लेते काबू

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद



**हरियाणा** के फरीदाबाद में नगर निगम में तैनात सैलरी क्लर्क अरुण भाटिया को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने 5000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता संजीव भाटिया निवासी नेहरू ग्राउंड फरीदाबाद के मुताबिक वह अपना जन्म प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 9 फरवरी को नगर निगम में आए थे। यहां उनका संपर्क अरुण भाटिया से हुआ जो कि नगर निगम में सैलरी क्लर्क हैं। संजीव भाटिया ने बताया कि उन्होंने जब उससे अपना जन्म प्रमाण बनवाने की बात की तो पांच हजार रुपये रिश्वत मांग ली। इसकी शिकायत एसीबी को दी, तो पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे पकड़ लिया।

### पर्यटक का शव आठ दिन बाद हिमाचल से बरामद

**शिमला।** चेन्नई के एक पूर्व महापौर के बेटे का शव हिमाचल प्रदेश में सतलुज नदी से सोमवार को बरामद किया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। चेन्नई के पूर्व महापौर का बेटा जिस गाड़ी में यात्रा कर रहा था, वह चार फरवरी को किन्नौर जिले में 200 मीटर की ऊंचाई से गिरकर सतलुज नदी में चली गई थी और उसके बाद से ही पूर्व महापौर के बेटे का कुछ पता नहीं चल पा रहा था। आठ दिन बाद उसका शव बरामद किया गया।

# पाकिस्तान चुनाव : विपक्ष में बैठने को तैयार इमरान की पार्टी

### पीटीआइ निर्दलीयों से वफादारी के शपथ पत्र भरवा रही

**एजेंसी।** इस्लामाबाद/लाहौर



**पाकिस्तान** में आम चुनाव के बाद वोटों की गिनती पूरी हो चुकी है। कोई भी पार्टी 134 का जादुई आंकड़ा यानी बहुमत हासिल नहीं कर सकी है। 80 घंटों के बावजूद चुनाव आयोग ने अब तक नतीजों की आधिकारिक घोषणा नहीं की है। जबकि गठबंधन की सरकार के लिए कवायद तेज हो चुकी है। नवाज शरीफ की पार्टी पीएमएल-एन के प्रेसिडेंट शाहबाज शरीफ ने रविवार रात पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के नेता आसिफ अली जरदारी और उनके बेटे बिलावल से मुलाकात की। इसके बाद पीपीपी ने कहा- सोमवार को सेंट्रल एग्जीक्यूटिव कमेटी की मीटिंग के बाद कोई फैसला करेंगे। दूसरी तरफ, इमरान खान की पार्टी पीटीआइ के समर्थन से जीते निर्दलीय पाला बदलकर नवाज के साथ जाने लगे हैं। पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में कुल 336 सीटें हैं। इनमें से 265 सीटों पर चुनाव हुए। एक सीट पर चुनाव टाल दिया गया, जबकि एक सीट एनए-88 के नतीजों को खारिज कर दिया गया है।

# दिल्ली में तोड़फोड़ की कार्रवाई पर भाजपा की आलोचना

**एजेंसी।** नई दिल्ली

**आम** आदमी पार्टी (आप) ने पिछले कुछ महीनों में कथित तौर पर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा शहर में तोड़फोड़ की कार्रवाई किए जाने को लेकर सोमवार को भाजपा पर निशाना साधा और दिल्ली में पार्टी के सभी सात सांसदों से इस मुद्दे पर रुख जानना चाहा। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री और आप के राष्ट्रीय प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह भी दावा किया कि लोगों को बेघर किया जा रहा है और झुग्गी झोपड़ी क्षेत्रों एवं अन्य संरचनाओं को पीड़ित लोगों के पुनर्वास के बिना नष्ट किया जा रहा है। भारद्वाज ने केंद्र में सत्तारूढ़ पार्टी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए दावा किया कि केंद्रीय एजेंसियों द्वारा राष्ट्रीय राजधानी में तोड़फोड़ की कई कार्रवाई की जा रही हैं।

# राजग के साथ जाने का निर्णय पार्टी कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श के बाद लिया : जयंत चौधरी

**एजेंसी।** नई दिल्ली



**राष्ट्रीय** लोक दल (रालोद) के प्रमुख जयंत चौधरी ने सोमवार को कहा कि उनके दादा चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद उनकी पार्टी के विधायकों और कार्यकर्ताओं से विचार-विमर्श के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के साथ जाने का फैसला किया गया। यह पूछे जाने पर कि क्या पार्टी के विधायक रालोद के राजग में शामिल होने से नाराज हैं, उन्होंने कहा, अगर कोई यह खबर दे रहा रहा है, तो मुझे नहीं लगता कि उन्होंने विधायकों से बात की है। मैंने विधायकों और कार्यकर्ताओं से बात की और उसके बाद कोई निर्णय लिया।

**परिस्थितियों के कारण कम समय में निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा**

जयंत चौधरी ने कहा कि पहले से कोई योजना नहीं थी और परिस्थितियों के कारण कम समय में निर्णय लेने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, सिंह और भाजपा ने कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है, लेकिन दोनों पक्षों ने नौ फरवरी से रालोद के इंडिया गठबंधन से राजग में जाने के बारे में पर्याप्त संकेत दिए थे। इसे उस वक्त बहुत बल मिला, जब पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न देने की घोषणा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने की। सिंह ने अपने पिता दिवंगत अजित सिंह की जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में, अपने लोगों और देश के लिए हमारे अच्छे इरादे हैं। जब भारत रत्न दिया गया है तो हम बहुत खुश हैं। यह हमारे परिवार या पार्टी तक सीमित नहीं है। यह हर किसान, युवा, गरीब का सम्मान है। यह पूछे जाने पर कि वह भाजपा के साथ अपने गठबंधन की घोषणा कब करेंगे, उन्होंने इसका सीधा जवाब नहीं दिया। चौधरी ने सिर्फ यह कहा, आज एक महत्वपूर्ण अवसर है, हम जश्न मना रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा चरण सिंह को भारत रत्न देने की घोषणा के बाद सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया था, दिल जीत लिया।

## राजा नाहर सिंह को भारत रत्न से सम्मानित करे सरकार

### राजा नाहर सिंह वेलफेयर सोसायटी ने प्रधानमंत्री को पत्र भेजकर की मांग



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अमर** शहीद राजा नाहर सिंह वेलफेयर सोसायटी ने शहीद राजा नाहर सिंह को भारत गणराज्य के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से अलंकृत किए जाने की मांग की है। इस संदर्भ में सेक्टर-3 स्थित ओंकार गार्डन में एक पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया।

पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए हरियाणा के पूर्व मंत्री करण सिंह दलाल ने कहा कि अमर शहीद राजा नाहर सिंह ने अपना सर्वोच्च बलिदान, अपनी हुकूमत, राजपाठ को ठोकर मारते हुए देश के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। उनकी शहादत बहुत बड़ी है, इसलिए उन्हें भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जाना चाहिए, क्योंकि देश की आजादी में राजा नाहर सिंह जी का जो योगदान व कुर्बानी थी, उसका मुकाबला देश का कोई स्वतंत्रता सेनानी नहीं कर सकता। इस अवसर पर चेयरमैन सुरेंद्र तेवतिया, वीरपाल गुर्जर, रेनू चौहान, कपिल डागर, ठाकुर राजाराम, गिरीश भारद्वाज, राजबीर सिंह, केपी तेवतिया, भूपेश रावत, ओमी रावत, मनोज तेवतिया, यश तेवतिया आदि गणमान्य लोग मौजूद थे।

दलाल ने कहा कि यह कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं बल्कि शहीद के सम्मान का मामला है, इसलिए सर्व समाज को इसके लिए एकजुट होना चाहिए। श्री दलाल ने कहा कि सरकार उनके इलाके को महत्व नहीं दे रही, मजबूरन उन्हें इस मामले को लेकर बड़ा आंदोलन भी करना पड़े तो पीछे नहीं हटेंगे। भाजपा बिना किसी विलंब के राजा नाहर सिंह को भारत रत्न की उपाधि दे।

## जेपीसीए टीम ने स्लेजहैमर पर 10 विकेट से शानदार जीत दर्ज की

### अकादमी में हुआ मैच







पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**स्लेजहैमर** क्रिकेट अकादमी के मैदान पर स्लेजहैमर अंडर-12 का मुकाबला जेपीसीए फरीदाबाद की क्रिकेट टीम से हुआ। स्लेजहैमर क्रिकेट टीम के कप्तान ने टॉस जीता और पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। स्लेजहैमर की तरफ से स्टीव जेकब व निशांत ने पारी की शुरुआत की। परंतु वे 10 व आठ की निजी स्कोर पर ही पवेलियन लौट गए। दोनों ओपनर के आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए चेतन्य व देवांश भदौला बल्लेबाजी के लिए आए।

चेतन्य भी 28 गेंदों में 13 रन बना कर ही पवेलियन लौट गए। उनके आउट होने के बाद निहाल बल्लेबाजी के लिए आए, परंतु वे शून्य के स्कोर पर ही पवेलियन लौट गए। उनके आउट होने के बाद आदित्य भी बगैर खाता खोले ही पवेलियन लौट गए। उनके आउट होने के बाद बल्लेबाजी के लिए आए जसवंत भी बिना कोई रन बनाए पवेलियन लौट गए। उसके बाद बल्लेबाजी के लिए आए आराध्य भी बिना कोई रन बनाए ही पवेलियन लौट गए। स्लेजहैमर की तरफ से चार बल्लेबाज लगातार शून्य पर आउट हो गए। वहीं देवांश भदौला ने एक छोर संभाले रखा। उन्होंने 76 गेंदों में 58 रनों की नाबाद पारी खेली। पीयूष ने भी 41 गेंदों में 19 रन की पारी खेली। परंतु वे भी मेहन नागपाल की गेंद पर पगबाधा आउट होकर पवेलियन लौट गए। पीयूष के आउट होने के बाद प्रांजल व अथर्वा भी शून्य और एक ही रन बनाकर पवेलियन लौट गए। देवांश भदौला की 58 रनों की पारी की बदौलत स्लेजहैमर अंडर 12 की टीम ने 40 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 135 रन बनाने में कामयाब रही। स्लेजहैमर की पारी में 26 अतिरिक्त रनों का योगदान भी मुख्य रहा। जेपीसीए फरीदाबाद की तरफ से परमेश अत्री ने आठ ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट, मोहन नागपाल ने छह ओवर में 24 रन देकर दो विकेट, सोनित सैनी ने पांच ओवर में 19 रन देकर दो विकेट, अभिषेक ने पांच ओवर में 22 रन देकर दो विकेट लिए। जेपीसीए फरीदाबाद की तरफ से कर्ण चंदेला व अंशुमान सिंह पारी की शुरुआत के लिए मैदान में उतरे। कर्ण चंदेला ने 81 गेंदों में 50 रन की बेहतरीन पारी खेली, वहीं अंशुमान सिंह ने 100 गेंदों में 71 रन बनाकर बगैर विकेट खोए ही 30.1 ओवर में 136 रन बनाकर मैच जेपीसीए के पक्ष में जीता दिया। स्लेजहैमर की तरफ से देवांश भदौला ने चार ओवर में 16 रन, चेतन्य ने पांच ओवर में 11 रन, अथर्वा ने 5.1 ओवर में 34 रन, आराध्य ने छह ओवर में 27 रन, प्रांजल ने चार ओवर में 25 व पियूष ने तीन ओवर में 12 रन दिए। स्लेजहैमर का कोई भी गेंदबाज विकेट लेने में सफल नहीं हुआ। जेपीसीए ने यह मैच 10 विकेट से जीता। अंशुमान सिंह को 71 रन, देवांश भदौला को 58 रन व कर्ण चंदेला को 50 रन बनाने पर बेहतरीन बल्लेबाज चुना गया।

# कई अवार्ड प्राप्त कर चुके राजस्थानी दंपति कला को दे रहे अनोखी पहचान

### दस साल पूर्व कनाडा के शिल्पकार से सीखीं इजिप्ट कला की बारीकियां

### आधा दर्जन देशों में इजिप्सन आर्ट को पहुंचाकर कर चुके हैं ख्याति प्राप्त



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**37वें** सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय मेला शिल्पकारों को अलग पहचान दिलाने का एक प्लेटफार्म है। जहां देश-विदेश के प्रख्यात हुनरमंद शिल्पी अपनी कला से पर्यटकों को परिचित करवाते हैं।

देश व विश्व के अलग अलग हिस्सों से आए शिल्पकार अपने बेहतरीन उत्पाद मेले में पर्यटकों के लिए उपलब्ध करवा रहे हैं। इन्हीं में से एक हैं राजस्थान के जयपुर से आए शिल्पकार दंपत्ति भागचंद और सुमित्रा देवी, जिनकी स्टाल पर जैम स्टोन व इजिप्सन कला में एक से बढ़कर एक आइटम उपलब्ध हैं। दसवीं पास शिल्पकार भागचंद ने कनाडा के शिल्पकार से 10 साल पहले इजिप्ट कला की बारीकियां जानीं और खुद इजिप्सन की नई कला को जन्म देकर दुनिया के आधा दर्जन देशों तक पहचान दिलाने में कामयाब रहे। वे अपनी इस शिल्पकारी के लिए बेस्ट आर्टिजन, बेस्ट प्रोडक्ट और मास्टर अवार्ड भी प्राप्त कर चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने राजस्थान में पाए जाने वाले जैम स्टोन से बनाए उत्पादों को देश भर में नई पहचान दिलाई।

#### विदेशी से सीखे हुए कला के गुर को किया मशहूर

**भागचंद** ने बताया कि करीब दस साल पहले सूरजकुंड मेले में कनाडा से आए एक शिल्पकार से उन्हें इजिप्ट कला की बारीकियां सीखने का मौका मिला। इसके बाद उन्होंने स्वयं इस कला में अपना हाथ आजमाया। उन्होंने बताया कि कॉपर सीट को गरम करके उसे मुलायम बनाया जाता है। इसके बाद औजार से ठोक कर अलग-अलग प्रकार के आकार का रूप दिया जाता है। कॉपर के बुरादे से ही उसमें पॉलिश की जाती है। इजिप्ट आर्ट की एक आकृति को बनाने में उन्हें करीब डेढ़ से दो दिन का वक्त लगता है। अपनी इजिप्सन कला को भागचंद जर्मनी, जापान, कनाडा, सिंगापुर आदि देशों तक पहुंचाया।

#### जैम स्टोन से बनाते हैं विभिन्न उत्पाद

**शिल्पकार** भागचंद ने जानकारी देते हुए बताया कि उनके पिता मजदूरी के साथ-साथ बढई का कार्य करते थे। उन्होंने अपने पिता से कला की बारीकी सीखीं और दसवीं पास करने के बाद आजीविका कमाने के लिए सब्जी बेचने का कार्य शुरू किया। भागचंद ने धीरे धीरे जैम स्टोन से छोटी छोटी आकृति बनाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि जयपुर में मिलने वाला जैम स्टोन डायमंड सिटी सूरत तक सप्लाई होता है। इस स्टोन से वह लेटर होल्डर, की-होल्डर, ट्रे, तस्वीर, डायरी, ज्वैलरी बॉक्स, गिफ्ट आइटम आदि उत्पाद बनाते हैं। उन्होंने बताया कि पत्थरों की सलौटी को लोहे के औजार से पीसा जाता है। इसके पश्चात उसे छानकर सबसे बारीक कण एकत्रित करके पेन से आकार बनाकर उसमें लिक्विड डालकर उसमें पत्थर के पिसे बुरादे को डालकर जैम स्टोन पेंटिंग को आकार देते हैं। उन्हें वर्ष 2005 में मुंबई में बेस्ट प्रोडक्ट, 2013 में कोलकाता से बेस्ट आर्टिजन और वर्ष 2023 में कोलकाता से मास्टर अवॉर्ड मिल चुका है।

## किर्गिस्तान की स्टाल बना पहली पसंद

### स्टाल पर कलाकारों के साथ पैसे देकर खूब फोटो खिंचवा रहे पर्यटक



**फरीदाबाद।** सूरजकुंड अंतराष्ट्रीय हस्त शिल्प मेले में किर्गिस्तान का स्टाल लोगों की पहली पसंद बना हुआ है। हर रोज हजारों लोग यहां पर मौजूद कलाकारों के साथ पैसे देकर सेल्फी ले रहे हैं। वहीं इस स्टाल से जमकर खरीददारी भी कर रहे हैं। लोगों के आने से स्टाल पर मौजूद अंतरराष्ट्रीय किर्गिस्तान कलाकार भी बहुत ही खुश हैं। कलाकारों का कहना है कि वे लोगों के मिल रहे प्यार से बहुत ही खुश हैं।

वहीं स्टाल पर मौजूद बैग, टोप, टोपी, कपडे, जूते, मालाओं आदि की भी खूब बिक्री कर रहे हैं। स्टाल पर मौजूद सामान भी और स्टाल की अपेक्षा बेहतर और सस्ता है। स्टाल पर मौजूद सामान 200 रुपये से लेकर 5000 रुपये तक का मिल रहा है। स्टाल पर काम करने वाले अंतरराष्ट्रीय कलाकार अमन गिलेदेव इब्रारत का कहना है कि उनके स्टाल पर हर रोज हजारों पर्यटक फोटो व सामान खरीदने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि अधिकारिक तौर पर किर्गिज गणतंत्र मध्य एशिया में स्थित देश है।

यह देश चारों तरफ से जमीन व पहाड़ियों से घिरा हुआ है। इसकी सीमा उत्तर में कजाकिस्तान, पश्चिम में उज्बेकिस्तान, दक्षिण-पश्चिम में ताजिकिस्तान और पूर्व में चीन से मिलती है। इस देश के पास प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक संसाधन है। इसके जल विद्युत उत्पादन, कृषि क्षेत्र औक पर्यटन उधोग में विस्तार की क्षमता हैं। देश की राजधानी बिश्केक है। यह शहर पुराने सोवियत गणराज्यों में सबसे हरित शहर यानि ग्रिन सिटी में से एक माना जाता है।

बिश्केक शहर को संसार का सबसे हरा-भरा शहर माना जाता है। इसका कुल क्षेत्रफल एक लाख 99 हजार 951 वर्ग किलोमीटर है। किर्गिस्तान की संस्कृति में लोग हाथ मिला कर अभिवादन करते हैं। यहां के लोग स्वच्छता को बहुत ही अधिक महत्व देते हैं। जूते-चप्पल घर के बाहर ही उतार देते हैं। किर्गिस्तान अपने बड़े अखरोट के लिए भी जाना जाता है।

## अनंगपुर गांव में चर्च निर्माण के विरोध में ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा

**फरीदाबाद।** अनंगपुर गांव में चर्च बनाए जाने के विरोध में आज सैकड़ों ग्रामवासी सेक्टर-12 लघु सचिवालय पहुंचे और जिला उपायुक्त की अनुपस्थिति में एक ज्ञापन सीटीएम को सौंपा।

ग्रामीणों मनोज भड़ाना, प्रेमकृष्ण आर्य, अत्तरसिंह और विरेन्द्र भड़ाना ने सीटीएम को बताया कि फरीदाबाद के सामाजिक धार्मिक वातावरण को बिगाड़ने के लिये कुछ बाहरी असामाजिक तत्वों द्वारा गांव में चर्च का निर्माण शुरू किया जाने का प्रयास किया जा रहा है। हमारी जानकारी के अनुसार हमारे गांव में एक भी इसाई नहीं रहता है। ऐसे में चर्च के निर्माण कुछ तत्वों द्वारा हिंदू निवासियों को परेशान करने की कार्रवाई है। हमारी पंचायत में भी यह निर्णय हुआ था कि हिंदुओं के गांव में चर्च का निर्माण नहीं करने दिया जा सकता। वर्तमान समय में धार्मिक वातावरण को बिगाड़ने के लिए सांप्रदायिक तत्वों द्वारा मजार या मस्जिद या चर्च बनाने का आम चलन है। ग्रामीणों ने अनुरोध किया कि संबंधित अधिकारी इसे रोकने के लिए उचित कार्रवाई के तुरंत निर्देश करें।

## वार्षिक खेल उत्सव में प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा



**फरीदाबाद।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि खेल व्यक्तित्व विकास की खुराक है। हर विद्यार्थी को खेलों के माध्यम से अपने व्यक्तित्व का विकास करना चाहिए। विद्यार्थियों के लिए यह पढ़ाई का दबाव कम करने के लिए भी एक सर्वश्रेष्ठ माध्यम है। वह सोमवार को श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के वार्षिक खेल उत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में अपना दमदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने खेलों एवं विज्ञान पर आधारित मॉडल भी प्रदर्शित किए।

कुलपति डॉ. राज नेहरू ने कहा कि खेलों के माध्यम से जीवन के दूसरे क्षेत्रों में भी प्रगति की ओर बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। वर्तमान दौर में शारीरिक श्रम एवं गतिविधियां कम हो रही हैं। इसलिए विद्यार्थियों को खेलों की ओर रुचि बढ़ानी चाहिए।







1. मेले में आकर्षण का केंद्र बने जंगली बिल्ली के बहुरुपिये के साथ नन्ही बच्ची निव्यांशी।
2. चौपाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते किर्गिस्तान के प्रसिद्ध कलाकार।
3. शहर में आयोजित सूरजकुंड क्राफ्ट मेले में बीन की धुन पर नाचते विदेशी कलाकार।

फोटो- राजेश पुंजानी

### पायनियर पाठकों के लिए

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट मो.नं. -7428353299
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक मो. नं. - 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ मो.नं.- 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मो.नं. -9255029919
- त्रिलोक, फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलमचौक, मो. नं. 9910754890
- हितेश सेक्टर-29, फरीदाबाद मो. नं. 9910533103

### नज़रिया



**दिनेश रघुवंशी, कवि**

समय ज़िद छोड़ने का है उन्हें ये कौन समझाये
भरम सब तोड़ने का है उन्हें ये कौन समझाये
दिलों में बढ़ रहे हैं फाँसले और वक्त अब शायद
दिलों को जोड़ने का है उन्हें ये कौन समझाये

## किसानों के दिल्ली कूच के आह्वान पर गदपुरी टोल प्लाजा पर किए बंबोदस्त

### सीकरी, झाड़सेंतली, खोरी व मांगर के नाकों पर लिया जायजा



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**13 फरवरी** को विभिन्न किसान संगठनों के दिल्ली कूच का आह्वान किया गया है। जिसके मद्देनजर एहतियातन फरीदाबाद पुलिस पूरी तरह से अलर्ट है। कानून व व्यवस्था को बनाए रखने के लिए फरीदाबाद पुलिस ने पर्याप्त व पुख्ता पुलिस बंदोबस्त किए हैं। इसी के मद्देनजर फरीदाबाद पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने जिले के सीकरी बॉर्डर नाका, पलवल के गदपुरी नाका और फरीदाबाद-दिल्ली बॉर्डर पर सराय नाका, सीकरी, झाड़सेंतली, खोरी व मांगर के नाकों पर व्यवस्थाओं और बंदोबस्तों का जायजा लेने के लिए दौरा किया गया तथा किसानों की हर गतिविधि पर पूरी तरह से नजर रखने के सख्त निर्देश दिए।

इस दौरान पुलिस आयुक्त के साथ डीआईजी कम डीसीपी बल्लभगढ़ राकेश दुग्गल, डीसीपी एनआईटी अमित यशवर्धन, एसीपी बल्लभगढ़ विनोद कुमार, एसीपी मुजेसर महेश कुमार भी मौजूद रहे। इसके अलावा गदपुरी नाका पर पलवल पुलिस के अधिकारियों से भी समन्वय स्थापित किया गया। इस दौरान पलवल की तरफ बॉर्डर के नाके पर पलवल की एसपी डॉक्टर अंशु सिंगला, एडिशनल एसपी मयंक मिश्रा व पलवल के डीएसपी नरेंद्र यादव मौजूद रहे।

इस संबंध में पुलिस आयुक्त राकेश कुमार आर्य ने बताया कि फरीदाबाद पुलिस द्वारा किसानों की हर गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है। किसान नेताओं से वार्तालाप करके कानून एवं व्यवस्था को बनाए रखने व किसी भी प्रकार के उपद्रव को रोकने के लिए एहतियातन कदम उठाए जा रहे हैं। जिले के हर हालात के बारे में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों को भी नियमित तौर पर अवगत करवाया जा रहा है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जैसे- ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम, यूट्यूब व अन्य प्लेटफॉर्म पर पुलिस द्वारा विशेष निगरानी रखे हुई है, ताकि किसी भी प्रकार की भ्रामक, गलत, लोगों को उकसाने के लिए पुरानी फोटो व वीडियो के साथ छेड़छाड़ करके वायरल करने वाले व दुष्प्रचार करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जा सके। फरीदाबाद पुलिस की आमजन से अपील है कि आपस में किसी भी प्रकार की भ्रामक, गलत व उकसाने वाली खबर/फोटो/वीडियो पर ध्यान ना दें। कोई भी गैर कानूनी गतिविधि न करें। जिले में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखें। साथ ही कानून व व्यवस्था भंग करने वाले असामाजिक तत्वों को चिन्हित करके उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाएगी।

यातायात व्यवस्था के चलते फरीदाबाद पुलिस की अपील है कि दिल्ली बॉर्डर पर स्थित दुर्गा बिल्डर के पास दिल्ली व फरीदाबाद पुलिस के नाके पर भी किसान आंदोलन के चलते व वाहनों की चेकिंग के चलते वाहन चालकों को थोड़ी असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए आमजन से अपील है कि वह दिल्ली की तरफ आवागमन करते समय निजी वाहन का प्रयोग करने की बजाय पब्लिक ट्रांसपोर्ट जैसे मेट्रो, रेलवे व बस आदि का उपयोग करें और फरीदाबाद पुलिस का सहयोग करें।

## नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन



**फरीदाबाद।** पन्हेड़ा खुर्द के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में ग्रामीण युवा विकास समिति के तत्वावधान में केवल प्रेम-आंखों का अस्पताल के सौजन्य से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। अस्पताल से अध्यक्ष अजीत सिंह पटवा, डॉ. अखिलेश कुमार, डॉ. दिवाकर मलिक टीमके साथ उपस्थित रहे। गोपाल शास्त्री ने बताया शिविर में 227 मरीजों ने अपनी-अपनी आंखों की जांच एवं जरूरत के अनुरूप दवाइयां प्राप्त कीं। शिविर में 26 मरीजों को मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए चयनित किया गया। जिनका अस्पताल के सौजन्य से निशुल्क ऑपरेशन किया जाएगा। वहीं शिविर में वतौर मुख्य अतिथि संदीप शर्मा जिला पार्षद मौजूद रहे।

# दिन में तेज गर्मी, रात में कड़ाके की ठंड कर रही बीमार

## स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**दिन** में तेज गर्मी और रात में कड़ाके की ठंड लोगों को बीमारियों की चपेट में ले रही है। सबसे अधिक बच्चे खांसी, जुखाम और बुखार के शिकार हो रहे हैं, जिससे अस्पतालों में मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। पिछले कई दिनों से फरीदाबाद का न्यूनतम तापमान पांच के आसपास और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास दर्ज किया गया। ऐसे में स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है।

पिछले एक सप्ताह से मौसम में उतार-चढ़ाव की स्थिति देखने को मिल रहा है। तेज धूप निकलने से दिन में गर्मी बढ़ जाती है और शाम ढलते ही ठंड का प्रकोप काफी बढ़ जाता है। इस बदलते मौसम में संक्रमण का खतरा काफी बढ़ गया है। शहर के सरकारी और निजी अस्पतालों की ओपीडी 25 से 30 प्रतिशत बढ़ गई है। अस्पतालों में खांसी, जुखाम, बुखार, उल्टी और पेट दर्द संबंधी बीमारियों के रोगी इलाज के लिए ज्यादा पहुंच रहे हैं। नागरिक अस्पताल बीके में एक हफ्ते पहले रोजाना करीब दो हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते थे, अब संख्या बढ़कर 2400 तक पहुंच गई है।

इसी तरह एनआईटी तीन स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज के फिजिशियन विभाग की ओपीडी में बढ़ोतरी हुई है। यहां पहले चार हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते थे। अब इनकी संख्या बढ़कर 4700 पहुंच गई है। एनआईटी तीन स्थित ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. प्रवीन मलिक ने कहा कि इस मौसम में गर्मी और ठंड की वजह से बैक्टीरिया बढ़ जाते हैं। ज्यादा तला भुना खाना खाने से पेट में दर्द के साथ खांसी, जुखाम, बुखार के रोगी काफी बढ़ गए हैं। ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने की जरूरत है।

### सामान्य से चार गुणा खराब हवा

जिले के प्रदूषण के स्तर में पिछले कुछ दिनों से उतार चढ़ाव बना हुआ है। कभी वायु गुणवत्ता सूचकांक 300 से ऊपर पहुंच जाता है और हवा चलने की स्थिति में कभी इससे नीचे आ जाता है। हालांकि यह लगातार सामान्य से चार गुना अधिक बना हुआ है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की ओर से जारी सूची के अनुसार फरीदाबाद का एक्यूआई 224 दर्ज किया गया। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों की बात करें तो सेक्टर 16 की हवा सबसे खतरनाक श्रेणी में रही। यहां का एक्यूआई 290 दर्ज किया गया। सेक्टर 11 क्षेत्र में 168, सेक्टर 30 क्षेत्र में 149 और एनआईटी क्षेत्र में 288 एक्यूआई दर्ज किया गया। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की क्षेत्रीय अधिकारी आकांशा तंवर ने बताया कि हवा चलने से एक्यूआई में थोड़ा सुधार देखा गया है। हालांकि अभी भी यह मध्यम श्रेणी में है।

# गो रक्षकों व क्राइम ब्रांच की टीम पर फायरिंग

गायों से भरे केंटर को छोड़कर भागे गो तस्कर

## एक आरोपी चढ़ा हत्थे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**गो तस्करों** ने गो रक्षकों और क्राइम ब्रांच की टीम पर दनादन फायरिंग की। गो रक्षक और क्राइम ब्रांच की टीम ने उनका पीछा करना नहीं छोड़ा, जिसके चलते गो तस्कर कैंटर को लेकर भागने में कामयाब नहीं हो पाए। जिनमें से एक गो तस्कर को क्राइम ब्रांच की टीम ने काबू करने में सफलता हासिल की।

फिलहाल केंटर से बरामद पांच गायों को फरीदाबाद की गौशाला में भेज दिया गया है। वहीं कैंटर और आरोपी को पुलिस ने काबू कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस मामले में लिव फॉर नेशन संगठन के गो रक्षक अनिल कौशिक ने बताया कि उन्हें अपने सूत्रों द्वारा सूचना मिली थी कि दिल्ली की तरफ से एक केंटर गायों को भरकर फरीदाबाद की ओर आ रहा है, जो सूरजकुंड से होते हुए बड़खल की ओर निकलेगा। इस सूचना के आधार पर उन्होंने क्राइम ब्रांच सेक्टर-56 की टीम के साथ गोल चक्कर पर नाका लगा दिया।

लिव फॉर नेशन संगठन के संस्थापक ने बताया कि उनकी टीम के साथ पवन बैंसला, टीम शैलेंद्र, टीम सोहना, टीम सोनू भिवाड़ी आदि गोरक्षक सभी ने मिलकर नाकाबंदी कर दी। इसके बाद लगभग सुबह 4.30 बजे के आसपास सूरजकुंड रोड की तरफ से केंटर आता दिखाई दिया, जिसे रुकने का इशारा किया, लेकिन वह नाका को तोड़ता हुआ भागने लगा। जिसका पीछा उनकी टीम और क्राइम ब्रांच की टीम ने किया। गो तस्कर केंटर लेकर भागने लगे और इस दौरान गो तस्करों ने उनकी और पुलिस की टीम पर फायरिंग भी की।

कई राउंड फायरिंग करने के बाद भी उन्होंने और क्राइम ब्रांच की टीम ने उनका पीछा करना नहीं छोड़ा। फिर गो तस्कर केंटर को लेकर नीलम बाटा रोड की तरफ से भागने लगे। एसी नगर में मंदिर की दीवार होने के चलते केंटर आगे नहीं जा सका इसके बाद केंटर में सवार सात आठ गो तस्कर नीचे उतरे और फायरिंग करते हुए भागने लगे। जिनमें से एक गो तस्कर को काबू किया। केंटर को पुलिस ने कब्जे में लेकर केंटर से बरामद पांच गायों को फरीदाबाद की गोशाला में छोड़ दिया गया है। वहीं कोतवाली थाने में गो तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज कर पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

### मारपीट व गर्भपात मामले में छह नामजद समेत 15 पर केस

**फरीदाबाद।** गांव धौज में बाइक धीरे चलाने की नसीहत देने पर हुए झगड़े के दौरान महिला के गर्भपात मामले में पुलिस ने छह नामजद सहित 15 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। छह फरवरी को हुई मारपीट के दौरान महिला का पांच माह का गर्भ गिर गया था। पुलिस ने भ्रूण को बीके अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। धौज निवासी आरिफ ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था तभी गांव में रहने वाला हसमुद्दीन नाम का युवक तेज रफ्तार में बाइक चलाकर ले जा रहा था।

# फरीदाबाद निगम का क्लर्क पांच हजार की रिश्वत लेते धरा

## एंटी करप्शन ब्यूरो ने की कार्रवाई

### जन्म प्रमाण पत्र के लिए ले रहा था घूस

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**नगर** निगम में तैनात सैलरी क्लर्क अरुण भाटिया को एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने पांच हजार की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता संजीव भाटिया निवासी नेहरू ग्राउंड फरीदाबाद के मुताबिक वह अपना जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए नौ फरवरी को नगर निगम में आए थे। यहां उनका संपर्क अरुण भाटिया से हुआ जोकि नगर निगम में सैलरी क्लर्क हैं।

संजीव भाटिया ने बताया कि उन्होंने जब उससे अपना जन्म प्रमाणपत्र बनवाने के लिए बात की तो उसने 25000 रुपये उनके जन्म प्रमाणपत्र को बनवाने के लिए मांगे। लेकिन उन्होंने जब 25000 रुपये देने में असमर्थता जताई तो अरुण भाटिया ने 10000 रुपये में उनका जन्म प्रमाण पत्र बनवा कर देने की बात की। बता दें की संजीव भाटिया आम आदमी पार्टी में युवा जिला अध्यक्ष हैं। जिसके चलते उन्होंने इसकी शिकायत एंटी करप्शन ब्यूरो से की। एंटी करप्शन ब्यूरो ने एक टीम गठित कर रिश्वत मांगने वाले अरुण भाटिया को पकड़ने के लिए प्लानिंग के तहत भेजा।

जब संजीव भाटिया अरुण भाटिया के पास पहुंचे तो उसने उनसे 10000 रुपये की डिमांड की, लेकिन संजीव भाटिया ने कहा कि उनके पास केवल अभी 5000 रुपए हैं, 5000 रुपए बाद में दे देगा। जिस पर अरुण भाटिया राजी हो गया और उसने पाउडर लगे नोटों को पकड़ लिया और गिनकर जेब में रख लिया।

शिकायतकर्ता संजीव भाटिया का इशारा मिलने के बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अरुण भाटिया को मौके पर ही दबोच लिया और हाथ धुलवाए, तो वह लाल हो गए। इसके बाद एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम अरुण भाटिया को गिरफ्तार कर लिया।

# 34 बीपीएल महिलाओं ने प्रमाण पत्र प्राप्त किए



पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**पंजाब** नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान रतीपुर, पलवल द्वारा 34 बीपीएल महिलाओं ने स्वावलंबी बनने के लिए 13 दिवसीय जूट प्रोडक्ट उद्यमी बैच का प्रशिक्षण प्राप्त किया।

सोमवार को प्रशिक्षण समापन एवं मूल्यांकन हुआ, जिसमें अजय कुमार अग्रवाल ईडीपी असेसर एवं कोमल डोमेन असेसर ने मूल्यांकन किया। रवि शर्मा निदेशक ने सभी महिलाओं को भविष्य में रोजगार चालू करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभी का उत्साह बढ़ाते हुए बताया कि छोटे छोटे उद्यम से बड़ा उद्यम स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि वह बैंकों द्वारा लोन लेकर अपना रोजगार चालू कर सकते हैं। संस्थान द्वारा हर संभव सहायता की जाएगी।

रवि शर्मा निदेशक ने बताया कि संस्थान पलवल जिले में वर्ष 2011 से कार्यरत है, जिसमें पलवल जिले के बेरोजगार युवक युवतियों को प्रशिक्षण देकर अपना खुद का स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता की जाएगी। संस्थान द्वारा फ्रिज एसी रिपेयरिंग, मोबाइल रिपेयरिंग सिखाया जाता है।

# शाम ए गजल में झूमने पर मजबूर हुए श्रोता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद



**फरीदाबाद** की साहित्यिक संस्था परवाज ए गजल द्वारा जयपुर के डॉ. राधाकृष्णन राज्य केंद्रीय पुस्तकालय में एक शानदार निशस्त शाम-ए-सुखन मुनअक्कद की गई। जिसमें फरीदाबाद, दिल्ली, नोएडा तथा जयपुर के नामचीन शायर/ शायराओं ने शिरकत की। कार्यक्रम के संयोजक राजेंद्र राजन रहे।

संस्था परवाज-ए-गजल के संस्थापक अजय अज्ञात ने लोकेश कुमार सिंह साहिल को दुर्रे-नायाब तथा राजेंद्र राजन को शान-ए-गजल के खातिब से नवाजा। सवाई माधोपुर से पधारे शायर जनाब एएफ नजर ने परवाज-ए-गजल के सभी गजलों को राजस्थानी पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। निशस्त की सदारत मशहूर शायर जनाब तबस्सुम रहमानी ने की। मोहतरमा मलका नसीम ने मुख्य अतिथि की भूमिका का निर्वहन किया। जयपुर से जनाब माहिर शैदाई, सुहैल हाशमी, अखिलेश तिवारी, ए एफ नजर और रविंद्र गुरगल की शायरी ने खास तौर पर सभी को मुतअस्सिर किया।

निशस्त में जयपुर के वरिष्ठ गजलकार प्रेम पहाड़पुरी, मनोज मित्तल, नीरज गोस्वामी, सुनील कुमार जश्न, निरूपमा चतुर्वेदी, सुनील सोंसी भी उपस्थित रहे। परवाज-ए-गजल संस्था की तरफ से अजय अज्ञात, रीता अदा, प्रमोद शर्मा असर, देवेंद्र शर्मा देव, डॉ. बबिता किरण और मोहन संप्रास ने कार्यक्रम में अपनी-अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया।

### डंपर की टक्कर से ऑटो सवार युवक की मौत, पांच घायल

**फरीदाबाद।** एक तेज रफ्तार डंपर ने ऑटो में टक्कर मार दी, जिसके चलते ऑटो में बैठी छह सवारियां बुरी तरह घायल हो गई। जिन्हें आसपास के लोगों ने बादशाह खान सिविल अस्पताल की इमरजेंसी वार्ड में पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने घायल कुलदीप को मृत घोषित कर दिया। गोविंद के मुताबिक, वह दोपहर ढाई बजे ऑटो में सवार होकर फरीदाबाद गुरुग्राम रोड स्थित हनुमान मंदिर से दर्शन करके वापस लौट रहे थे। जैसे ही उनका ऑटो सैनिक कॉलोनी के पास आया सामने से आए तेज रफ्तार डंफर ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसके चलते उनका ऑटो पलटता हुआ दूर जा गिरा। टक्कर लगने के चलते सभी को काफी गंभीर चोट आई हैं। वहीं इस मामले में बादशाह खान सिविल अस्पताल के डॉक्टर हितेश नरवाल ने बताया कि जब सभी घायल बीके अस्पताल में पहुंचे तो उनमें से एक घायल कुलदीप की मौत हो चुकी थी। घायलों की हालत काफी गंभीर थी, जिनमें से खुशबू और ऋतिक को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के लिए रेफर किया गया तो वहीं दो घायलों अमन और बबली के परिजन उन्हें फरीदाबाद के अलग-अलग अस्पतालों में इलाज के लिए लेकर गए और गोविंद का इलाज बादशाह खान सिविल अस्पताल में चल रहा है। घायलों में एक नाबालिग लड़की सहित दो युवतियां शामिल थीं।

# लोगों ने जो ताकत दी है, उससे हरियाणा में सरकार बदल देंगे

## जनआक्रोश रैली में बोले पूर्व मुख्य मंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**होडल** की नयी अनाज मंडी में कांग्रेस पार्टी द्वारा आयोजित जनआक्रोश रैली में पूर्व मुख्य मंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि लोगों ने जो ताकत दी है, उससे हम हरियाणा में सरकार बदलने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा के बारे में किसी को कुछ बताने की जरूरत नहीं है। लोग खुद भुगतभोगी हैं और परेशानी झेल रहे हैं। ऐसा कोई दिन नहीं बीतता जब कत्ल न हो, लूट, फिरौती की धमकी न मिलती हो।

केंद्र सरकार के आंकड़े बता रहे कि पिछले नौ साल में हरियाणा सबसे असुरक्षित प्रदेश बन गया है। जो हरियाणा प्रति व्यक्ति आय, प्रति व्यक्ति निवेश, नौकरी देने में, कानून व्यवस्था में नंबर एक पर था, वो आज पूरे देश में बेरोजगारी, महंगाई, अपराध में नंबर एक पर है।

उन्होंने कहा कि मौजूदा गठबंधन सरकार ने हमारी सरकार के समय गरीबों के लिए चल रही सारी कल्याणकारी योजनाओं को बंद कर दिया। हुड्डा ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार आने पर 6000 रुपये महीने बुढ़ापा पेंशन देंगे। हर परिवार को महीने में 300 यूनिट बिजली मुफ्त देंगे। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में देंगे। खाली पड़े दो लाख सरकारी पदों पर पक्की भर्ती शुरू करेंगे और जो कच्चे हैं उनको पक्का करेंगे। 100-100 गज मुफ्त प्लाट की योजना दोबारा शुरू करेंगे और उस पर दो कमरों का मकान बनवाने के लिये सरकारी मदद देंगे। बैकवर्ड क्लास की क्रीमी लेयर आय सीमा को छह लाख से बढ़ाकर 10 लाख करेंगे। हर गरीब का पीला कार्ड बनवायेंगे। पदक लाओ, पद पाओ योजना फिर से लागू करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस सरकार की गलत नीतियों के कारण अमीर और गरीब के बीच खाई बढ़ गयी। बीजेपी सरकार ने कहा था कि 2022 तक किसान की आमदनी दोगुनी करेंगे। लेकिन आमदनी दोगुनी नहीं हुई लागत दोगुनी से ज्यादा बढ़ गयी। खाद के कट्टे का वेट घटा दिया। किसानों को एमएसपी तक नहीं मिलती। जबकि 2014 तक होडल में ही पड़ोस के राज्य से अनाज आकर बिकता था, क्योंकि यहां एमएसपी मिलती थी। पहले दिल्ली से सस्ता डीजल हरियाणा में मिलता था, लेकिन आज उलटा हो रहा है। लोगों को प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, मेरी फसल मेरा ब्यौरा के झंझट में फंसा दिया गया।

हरियाणा कौशल रोजगार निगम, अग्निपथ योजना के जरिये पक्की सरकारी नौकरियों की बजाय कच्ची नौकरी दी जा रही है। जिसमें न पेंशन है न भविष्य की सुरक्षा। सारा फर्जीवाड़ा चल रहा है। दफ्तरों में करोड़ों रुपये पकड़े गए, वहीं भर्तियों में घोटाले हो रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष उदयभान ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज होडल की जनआक्रोश रैली का संदेश पूरे हरियाणा में गया है। लोगों ने आगामी चुनाव में झूठे और जुमलेबाजों को सबक सिखाने का मन बना लिया है। उन्होंने बीजेपी के पिछले तमाम झूठे वायदों का जिक्र करते हुए बताया कि किसानों को सी2+50 पर भाव, एमएसपी, 2022 तक दोगुनी आमदनी, हर व्यक्ति को छत, 100 दिन में काला धन वापस लाकर हर व्यक्ति को 15 लाख देने, 100 दिन में महंगाई कम करने, 100 स्मार्ट सिटी बनाने, डीजल 35 रुपये लीटर और सिलेंडर 250 में देने, हर साल दो करोड़ नौकरी देने का झूठा वादा किया।

10 साल में 20 करोड़ रोजगार की बजाय केवल सात लाख 30 हजार रोजगार दिये और नोटबंदी लागू करके 12 करोड़ लोगों का रोजगार छीन लिया। देश भर में लाखों कारखाने, फैक्ट्री बंद हो गयी। आज जल-थल-नभ सब बिक रहा है। हवाई अड्डे से लेकर रेलवे स्टेशन, कोयला खदानें सब एक उद्योगपति के हवाले किया जा रहा है। चीन को लाल आंख दिखाने की बात करने वाले आज चीन के सामने कांप रहे हैं। वहीं हमारी पहलवान बेटियों को सड़कों पर घसीटा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बालिका विद्यालय बामनीखेड़ा में सूर्य नमस्कार आयोजित



**पलवल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बालिका बामनीखेड़ा में प्रधानाचार्य जगत सिंह एवं अध्यापकों की उपस्थिति में हर घर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सभी विद्यार्थियों ने तत्परता से भाग लिया। आयुष योग सहायिका नेहा भारद्वाज ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया तथा सूर्य नमस्कार से होने वाले शारीरिक व मानसिक कल्याण के बारे में सभी को अवगत करवाया। वहीं राजकीय विद्यालय खजूरका एवं फाजलपुर में भी सूर्य नमस्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जहां आयुष योग सहायक पवन वशिष्ठ ने विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार के फायदे बताए तथा बच्चों को सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। विद्यालय की प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह ने कार्यक्रम में सहयोग किया। हर घर परिवार हर घर परिवार सूर्य नमस्कार कार्यक्रम 20 फरवरी तक जिले में महत्वपूर्ण स्थान स्थानों पर मनाया जाएगा। सभी योग से संबंधी सामाजिक संस्थाएं भी इस कार्यक्रम में आयुष विभाग पलवल को पूरा सहयोग कर रही हैं, जिसके लिए जिला आयुष सरकारी डॉक्टर संजीव कुमार ने सभी का आभार जताया है।

### सामाजिक आयोजन यज्ञ में आहुति डालने के समान : शर्मा



**फरीदाबाद।** होडल विधानसभा क्षेत्र के गांव खांबी में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पलवल, होडल, बल्लभगढ़, फरीदाबाद, दिल्ली, नोएडा आदि कई जगह से आये सामाजिक धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं गणमान्य हस्तियों ने भाग लिया। एमवीएन स्कूल फरीदाबाद के संस्थापक स्वर्गीय गोपाल शर्मा के बड़े भाई मनीराम शर्मा के हाल में ही स्वर्ग सिधारने के उपलक्ष्य में भंडारे का आयोजन हुआ। परिवारजनों ने बताया कि हमारी यारी रिश्तेदारी के लोग देश विदेश में कार्यरत हैं। किंतु हम अपने पैतृक गांव खांबी की भीनी सुगंध को भूले नहीं हैं, इसलिए जन्म भूमि से जुड़े लोगों में मेलजोल बढ़ाने के लिए भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर चावला कॉलोनी बल्लभगढ़ से प्रख्यात कथा व भजन गायक राधेश्याम महाराज ने उदगार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज से बढ़कर कोई धर्म नहीं है एवं ब्राह्मण समाज की खांबी राजधानी है। कार्यक्रम के यजमान एमवीएन स्कूल फरीदाबाद के चेयरपर्सन वरूण शर्मा ने कहा कि गांव के समाज में आयोजन करना यज्ञ में आहुति डालने के समान है। इस मौके पर पलवल जिले के पूर्व विधायक करण सिंह दलाल के पुत्र दीपकरण, जिला ब्राह्मण सभा पलवल से संबद्ध विष्णु गौड़, रामेश्वर शर्मा, खांबी के सरपंच राजबीर, गिर्राज शर्मा, जगदीश शर्मा, हरि दत्त शर्मा पूर्व सरपंच, युगल किशोर शर्मा आदि कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। तोताराम ब्रजवासी ने संगीतमय भजनों के माध्यम से समां बांध दिया।

### लिपिक कर्मचारियों ने वेतन को लेकर जताया विरोध



**पलवल।** सोमवार को लघु सचिवालय पलवल पर हेमसा यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ के आह्वान पर विरोध प्रदर्शन किया किया। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार द्वारा लिपिक साथियों के साथ जो भद्दा मजाक किया गया है, उनकी मांग 35400 की थी, उसको 21700 का लेटर जारी किया है, इस सब इसका विरोध करते हैं। इसी के संदर्भ में लघु सचिवालय पलवल पर सर्व कर्मचारी संघ के जिला सचिव योगेश शर्मा, मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन राज्य उपप्रधान राकेश तंवर ने बताया कि जो सरकार ने यह आदेश जारी किए हैं, हम इनका विरोध करते हैं। हेमसा यूनियन के राज्य सचिव भूपेंद्र शर्मा व लखबीर तंवर, पब्लिक हेल्थ क्लर्क एशोसिएशन के जिला प्रधान राजेश शर्मा, सचिव भारतभूषण शर्मा, रघुनाथ, भगत सिंह तेवतिया आदि नेताओं ने इस के विरोध में नारे वह विरोध प्रदर्शन किया। हेमसा यूनियन के प्रधान राज बहादुर, सचिव राम गोपाल शर्मा, प्रधान उमेश सेहरावत तथा जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी व जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के सभी लिपिक तथा अन्य विभागों के फील्ड से साथी उपस्थित रहे।

### एसडी कॉलेज में कौशल विकास कोर्स के एमओयू साइन



**पलवल।** जीजीडीएसडी कॉलेज पलवल में कौशल विकास प्रोत्साहन के लिए लोटस पेटल फाउंडेशन सोहना, गुरुग्राम के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर हुए। लोटस पेटल से आए रविंद्र कुमार प्रोग्राम मैनेजर इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने जिसमें विभिन्न प्रकार के सर्टिफिकेट कोर्स जैसे हार्डवेयर एंड नेटवर्किंग, रिटेल सेल्स, हॉस्पिटैलिटी, डिजिटल मार्केटिंग, बैंकिंग, फाइनेंस शुरू किया जा रहे हैं। जिसमें तीन महीने की निशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी, ताकि विद्यार्थी ट्रेनिंग लेकर भविष्य में अपने रोजगार को प्राप्त कर सकें। इन कोर्स के बाद विद्यार्थियों को इंटरव्यू कंडक्ट कराया जाएगा एवं विद्यार्थियों को प्लेसमेंट के अवसर प्रदान किए जाएंगे। कॉलेज प्राचार्य डॉ. नरेश कामरा ने कहा कि विद्यार्थी यह कोर्स करके अपना रोजगार प्राप्त कर सकते हैं और विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। डॉ. सत्यवीर सिंह सीनियर प्राध्यापक ने बताया इन कोर्स के अलावा भी विश्वकर्मा स्किल यूनिवर्सिटी के अंतर्गत अगले सत्र से इस प्रकार के और भी कोर्स को चलाया जाएगा। कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष पवन मुखीजा ने बताया कि 72 विद्यार्थी इसमें अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं और विशेष रूप से कोर्स के अंदर रुचि दिखा रहे हैं।

### सही कारणों का पता लगाकर ही मिर्गी का उपचार संभव

**फरीदाबाद।** मिर्गी ऐसी मेडिकल कंडीशन होती है, जिसमें नर्व सैल्स तंत्रिका कोशिकाएं सही तरीके से न्यूरॉस तक संदेश को कम्युनिकेट नहीं कर पातीं। कई बार ब्रेन में अचानक इलेक्ट्रिक एक्टिविटी होती है, जो संवेदात्मक व्यवहार और मांसपेशियों की गतिशीलता को प्रभावित करती है। हालांकि एपिलेप्सी का इलाज उपलब्ध नहीं है, लेकिन इसे मैनेज करने के कई विकल्प हैं। दवाओं के सेवन से, करीब 70 प्रतिशत एपिलेप्सी मरीजों में मिर्गी के दौरे मैनेज किए जा सकते हैं। यह जानकारी देते हुए डॉ. कुणाल बहरानी, डायरेक्टर ऑफ न्यूरोलॉजी, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स अस्पताल फरीदाबाद ने बताया कि मिर्गी कई कारणों से होती है। करीब 70 प्रतिशत मामलों में, सही कारणों का पता नहीं चल पाता। लेकिन कुछ कारण जेनेटिक होते हैं और परिवारों में कुछ खास प्रकार की एपिलेप्सी पीढ़ी दर पीढ़ी बनी रहती है। इसके अलावा, मेसियल टेंपोरल स्क्लेरोसिस, जोकि ब्रेन में घाव का कारण बनती है, की वजह से मिर्गी के दौरे आते हैं। ब्रेन इंफेक्शंस की वजह से कुछ घाव या चोट और इम्यून डिसऑर्डर भी दौरे का कारण बन सकते हैं। मेटाबॉलिक डिसऑर्डर और ब्रेन की अन्य कंडीशंस जैसे ट्यूमर्स स्ट्रोक और असामान्य ब्लड वैसल्स की वजह से मिर्गी की शिकायत हो सकती है।

# गुरुग्राम मैराथन में 20 हजार से अधिक धावक लगाएंगे दौड़

## डीसी निशांत कुमार यादव ने संवाददाता सम्मेलन में दी जानकारी

### मुख्यमंत्री होंगे गुरुग्राम मैराथॉन के चीफ गेस्ट

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

साइबर सिटी में 25 फरवरी को गुरुग्राम मैराथॉन नाम से एक बड़ा इवेंट होने जा रहा है। इस इवेंट में अलग-अलग श्रेणियों में 20 हजार से अधिक धावक भागीदारी करेंगे। मुख्यमंत्री मनोहर लाल गुरुग्राम मैराथॉन में मुख्य अतिथि के तौर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करेंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में संवाददाताओं से यह जानकारी सांझा की।

दिल्ली और मुंबई जैसे देश के प्रमुख शहरों में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों की तर्ज पर गुरुग्राम मैराथन भी साइबर सिटी का एनुअल इवेंट होगा। गुरुग्राम मैराथन में भागीदारी के लिए साढ़े तीन हजार से अधिक प्रोफेशनल रनर्स ने गुरुग्राम मैराथॉन डॉट कॉम पर अपना पंजीकरण भी कराया है। डीसी निशांत कुमार यादव ने बताया कि पूरे आयोजन



गुरुग्राम के लघु सचिवालय स्थित कांफ्रेंस हॉल में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए डीसी निशांत कुमार यादव।

को चार श्रेणियों में बांटा गया है। जिसमें 42.2 किलोमीटर की फुल मैराथॉन के लिए रिपोर्टिंग टाइम सुबह 4 बजे रहेगा। इस मैराथन को सुबह 4.30 बजे फ्लैग ऑफ किया जाएगा। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिक भाग ले सकते हैं। दूसरी श्रेणी में 21.1 की हॉफ मैराथन सुबह 6.30 बजे आयोजित की जाएगी। इस श्रेणी में 14 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिक भाग ले सकेंगे जिसमें रिपोर्टिंग टाइम सुबह 6 बजे रखा गया है।

तीसरी श्रेणी में 10 किलोमीटर की रन आयोजित की जाएगी, जोकि सुबह 7.30 बजे शुरू होगी। इसमें रिपोर्टिंग टाइम सुबह 6.30 बजे रखा गया है। 12 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के नागरिक इसमें सहभागी बन सकेंगे। डीसी ने बताया कि आयोजन की अंतिम व चौथी श्रेणी में 5 किलोमीटर की फन रन आयोजित की जाएगी। जिसका रिपोर्टिंग टाइम सुबह 7.30 का रहेगा व मुख्य अतिथि द्वारा इसे सुबह 8:30 बजे फ्लैग ऑफ किया जाएगा। सभी श्रेणियों में समापन समय सुबह 10 बजे निर्धारित किया गया है। डीसी ने बताया कि मुख्य आयोजन से दो दिन पूर्व यानि 22 व 23 फरवरी को लेजर वैली पार्क में एक्सपो का आयोजन किया जाएगा। जिसमें स्पोर्ट्स व फिटनेस से जुड़ी स्टॉल लगाई जाएंगी।

# सैनी समाज ने जैकबपुरा में धूमधाम से मनाई महाराजा सैनी जयंती



गुरुग्राम के जैकबपुरा स्थित सैनी धर्मशाला में महाराजा सैनी जयंती समारोह में श्रद्धासुमन अर्पित करते मुख्य अतिथि।

### गुरुग्राम सैनी युवा जागृति मंच ने किया समारोह का आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**गुरुग्राम** सैनी युवा जागृति मंच (सम्बंधित समाज उत्थान न्यास गुरुग्राम) के तत्वाधान में जैकबपुरा स्थित सैनी धर्मशाला में सूर्यवंशी महाराजा सैनी जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में उद्योगपति सुरेंद्र सैनी के सुपुत्र अनुराग सैनी, सोनू सैनी (रेवाड़ी स्वीट्स), नरेश सैनी चेयरमैन बाल भारती विद्या मंदिर स्कूल एवं उपाध्यक्ष शिक्षा समिति सोहना, कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, समाजसेवी मदन लाल सैनी पहुंचे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकिशन सैनी (लीडर) ने की। इस दौरान सुंदर कांड पाठ भी किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रपाल सैनी, पार्षद रूप सैनी सोहना, कृष्ण गोपाल प्रधान युवा सैनी समाज विकास समिति, तेजिंदर प्रधान सैनी सभा जैकमपुरा, परशुराम प्रधान सैनी सभा पटौदी, कृष्ण सैनी सभा मौजाबाद, अतिथि के रूप में रमेश सैनी, सतेंद्र भगत सैनी, सुरेश गौड़, महाबीर सैनी, विजय सैनी, राकेश सैनी पहुंचे। मंच संचालन हितेश सैनी ने किया। अतिथियों ने दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। महाराजा सैनी जी को नमन करते हुए सभी अतिथियों ने समाजसेवा को समर्पित इस कार्यक्रम की सराहना की।

अपने संबोधन में अनुराग ने कहा कि गुरुग्राम सैनी समाज युवा जागृति मंच अच्छा काम कर रहा है। इसमें ज्यादातर युवाओं की भागीदारी है। युवाओं के कंधों पर समाज को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी है। युवा नशे व अन्य बुराइयों से दूर रहकर इस तरह से समाज करते रहें तो समाज में वे एक मॉडल के रूप में देखे जा सकते हैं। डॉ. डीपी गोयल ने कहा कि जैसे कैनविन स्वास्थ्य के लिए काम कर रही है, ऐसे ही गगनदीप व उनकी टीम शिक्षा, स्वास्थ्य के लिए काम कर रही है। इस तरह से युवाओं को समाजसेवा में आना समाज के लिए अच्छे संकेत हैं। निवर्तमान मेयर मधु आजाद ने कहा कि गुरुग्राम में सामाजिक संस्थाएं जनसेवा में आगे रहती हैं। समाजसेवी मदन लाल सैनी ने कहा कि सूर्यवंशी महाराजा सैनी जी के समाजसेवा के लिए दिखाए मार्ग पर सैनी समाज चल रहा है। समाज की संस्थाओं ने शिक्षा की अलख जगाई है। अपने बच्चों को सभी अच्छी शिक्षा जरूर दें।

# विश्व की तीन प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में भारत होगा शामिलः हरदीप सिंह पुरी

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नवचयनित युवाओं को वर्चुअल संबोधित किया

### कादरपुर सीआरपीएफ सेंटर में रोजगार मेले में कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

केंद्रीय आवास, शहरी मामले, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारा देश निरंतर आर्थिक प्रगति की ओर अग्रसर है। इस समय हम दुनिया में पांचवें स्थान पर हैं। आने वाले समय में विश्व की पहली तीन अर्थव्यवस्थाओं में भारत का नाम होगा। यह बात उन्होंने गांव कादरपुर स्थित केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) परिसर के सभागार में आयोजित रोजगार मेला को संबोधित करते हुए कही।

इस दौरान वर्चुअल मोड से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश भर के



गुरुग्राम के कादरपुर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप सेंटर में आयोजित रोजगार मेला में प्रधानमंत्री की ओर से नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपते हुए केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी।

एक लाख युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाने के कार्य का शुभारंभ किया और अपना वक्तव्य दिया।

मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि 17वीं शताब्दी तक भारत को समृद्ध जीडीपी के बल पर सोने की चिड़िया कहा जाता था। उस समय भारत का विश्व की अर्थव्यवस्था में 25 प्रतिशत योगदान होता था। ब्रिटिश हुकूमत के समय भारत की अर्थव्यवस्था में भारी गिरावट आई। वर्ष 2014 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली तो भारत आर्थिक दृष्टि से दुनिया में 11वें स्थान पर था। प्रधानमंत्री ने इस स्थिति से देश को निकालने के लिए भरसक प्रयत्न किए और परिणामस्वरूप आज हम पांचवें स्थान पर आ गए हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले पांच साल में भारत दुनिया की तीन बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होगा।

केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री का लक्ष्य है कि वर्ष 2047 तक भारत को एक विकसित राष्ट्र के रूप में निर्मित किया जाए। इस दिशा में यह रोजगार मेला एक सार्थक प्रयास है। इससे युवाओं को नई ऊर्जा मिलेगी और वे राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान देंगे। कार्यक्रम में 350 युवाओं को अर्द्धसैनिक बल, दिल्ली पुलिस व केंद्र सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के नियुक्ति पत्र दिए गए।

उन्होंने सीआरपीएफ में अनुकंपा के आधार पर नौकरी पाने वाले दो शहीद कर्मचारियों के आश्रितों को भी नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इस अवसर पर केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिरीक्षक नरेश कुमार यादव, उप महानिरीक्षक दिलीप सिंह अंबेश, उप महानिरीक्षक चिकित्सा डा. शालिनी तिवारी, कमांडेंट विजय सिंह खटाना, उप कमांडेंट रंजीत कुमार सिंह सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# सफाई मित्रों के लिए नमस्ते योजना का कार्यान्वयन किया शुरू



नमस्ते योजना के तहत सफाई मित्रों को सुरक्षात्मक किट वितरित करते अधिकारी।

पायनियर समाचा सेवा। गुरुग्राम

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय तथा आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय की एक संयुक्त पहल नेशनल एक्शन फॉर मैकेनाइज्ड सेनिटेशन इकोसिस्टम (नमस्ते) योजना का कार्यान्वयन नगर निगम गुरुग्राम द्वारा शुरू कर दिया गया है। इसके तहत सभी चारों जोनों में विशेष शिविर लगाकर सीवर व सेप्टिक श्रमिकों की विस्तृत प्रोफाइलिंग का कार्य 15 दिनों में पूरा किया जाएगा।

सोमवार को निगम के अधीक्षक अभियंता राधेश्याम शर्मा, कार्यकारी अभियंता निजेश व हरीश कुमार ने सफाई मित्रों को वर्दी के 2 सेट तथा जूते, हेलमेट, रिफ्लैक्टव जैकेट, दस्ताने और मास्क जैसे सुरक्षात्मक किट वितरित किए। निगम आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ के अनुसार निगम गुरुग्राम सफाई कर्मचारियों की सुरक्षा और कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

नमस्ते योजना सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय तथा आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय की एक संयुक्त पहल है। निगमायुक्त ने बताया कि नमस्ते योजना में सीवर एवं सेप्टिक टैंक वर्कस की पहचान करने और डेटाबेस में उनकी विस्तृत डिजिटल प्रोफाइलिंग की गई है। इसके साथ ही उनको व्यावसायिक प्रशिक्षण, पीपीई किट वितरण, सुरक्षा उपकरणों के लिए सहायता, आयुष्मान योजना के तहत उनके परिवारों तक स्वास्थ्य बीमा योजना का लाभ तथा ऋण योजनाओं का लाभ प्रदान करना शामिल है।

## संक्षिप्त समाचार

### मां काम पर गई, घर से निकली बेटी वापस नहीं लौटी


**गुरुग्राम।** जिला के गांव झाड़सा के राधा-कृष्ण मंदिर के निकट एक किराये के मकान में परिवार के साथ रह रही किशोर संदिग्ध परिस्थितियों में गायब हो गई। रोजाना उसकी मां उसे काम करने के लिए अपने साथ लेकर जाती थी। एक दिन शाम के समय वह बेटी को साथ लेकर नहीं गई और बेटी गायब हो गई। किशोरी के गायब होने की सूचना पर पुलिस ने केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार साहिबगंज थाना के अंतर्गत खारिया कलाई घाटी गांव निवासी करीब साढ़े 15 साल की किशोरी अपने परिवार के साथ रहती थी। उसकी मां घर से बाहर काम करने जाती है। वह हमेशा अपनी बेटी को साथ लेकर जाती थी। बीते रोज शाम को बेटी घर पर ही थी। शाम को 5 बजे वह घर से बाहर निकली और घर पर नहीं लौटी। शाम को जब परिवार को इस बारे में पता चला कि उनकी बेटी घर पर भी नहीं है और शाम तक लौटी भी नहीं। इस पर उसके उसके गायब होने की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी। किशोरी की तलाश शुरू कर दी गई।



गायब हुई किशोरी।

### दीवार कूदकर घुसा चोर नकदी और मोबाइल लेकर फरार

**सोहना।** शहर के वार्ड-9 में मकान की दीवारा कूदकर अंदर घुसा चोर नकदी व मोबाइल फोन चोरी कर ले गया। पीडित ने स्थानीय पुलिस को चोरी की शिकायत देकर आरोपी को पकड़ने की मांग की है। नगर परिषद के गांव जखोपुर निवासी जतिन ने पुलिस को बताया कि वह मुर्गी फार्म पर काम करता है। रविवार को रात को फार्म हाउस से घर आने पर अपने पर्स और मोबाइल फोन को पास रखकर सौ गया। उसके मकान की दीवार पीछे की तरफ ऊँची है। जिसे अज्ञात चोर कूदकर अंदर आया। कमरे के दरवाजे खुले होने के कारण चोर उसके पर्स में रखे 17 हजार रुपये और पास रखा मोबाइल फोन को लेकर गया। सोमवार की सुबह उसने नींद से उठने के बाद देखा तो मोबाइल और पर्स में रखी नकदी गायब थी। जनित ने पुलिस को बताया कि उसके घर के सामने सीसीटीवी कैमरे लगे होने के कारण चोर पीछे दीवार को कूदकर आया था। वह मकान के आगे से आता तो उसकी पहचान हो सकती थी। शहर थाना पुलिस ने पीड़ित की शिकायत के बाद चोरी का खुलाशा करने में जुट गई है।



# सोहना मंडी में अतिक्रमण करने की मची होड़, कमेटी प्रशासन मौन

पायनियर समाचार सेवा। सोहना।

**अनाज** मंडी परिसर में अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों की संख्या दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। दुकानदारों ने अपने दुकानों से बाहर 15 से 20 फुट तक आम रास्ते में सामान रख यहा के चौड़ें रास्ते व खुले परिसर को छोटा कर दिया है। मार्केट कमेटी प्रशासन देखकर भी उक्त अतिक्रमण को अंदेखा कर रहा है।

अनाज मंडी परिसर में बढ़ता अतिक्रमण से यहा के रास्ते और खुला परिसर छोटा होने लगा है। अतिक्रमण करने वालों ने आम रास्तों से लेकर यहा की फड, खुला परिसर और गंदे नाले को भी नहीं छोड़ा है। आढ़तियों ने अनाज का कामकाज छोड़ किरायाना और अन्य कारोबार कर लिए है। जिससे आढ़तियों की संख्या कम होती जा रही है। किरायाणा और अन्य कारोबार करने वालों ने अपनी दुकान व बूथों के सामने 10 से 15 फुट तक लोहे की टीन सेड लगा रखी है। इसके अलावा भी खुले परिसर में



सोहना अनाज मंडी में दुकानदारों द्वारा किया हुआ अतिक्रमण।

5 से 10 फुट तक सामान रखकर अतिक्रमण किया हुआ है।

**झगड़ा करने को आतुर**

दुकानदारों द्वारा सड़क, खुला परिसर और आम रास्ते में रखा सामान से यदि गलती से किसी बाइक सवार से लेकर स्कूटी या गाड़ी भीड़ भी जाती है। दुकानदार उक्त वाहन चालक के जान लेने पर उतर आता है। दुकानदारों ने एक दूसरे से होड़ करते हुए गत्ता की खाली पेटियों को भी रखा हुआ है।

**मंडी गेट पर अवैध कब्जा**

मंडी के गेट के साथ जूस बेचने वाले ने कौने में काउंटर व जूस निकालने वाली मशीन लगार स्थाई रुप से कब्जा किया हुआ है। इतना ही नहीं उक्त जूस बेचने वाले ने 15 से 20 कुर्सियां ग्राहकों को बैठने के लिए बिछाई हुई है। जिससे 80 से 100 वर्गगज क्षेत्र में कब्जा किया हुआ है। यह सब देखकर भी मार्केट कमेटी प्रशासन अपनी आंखों पर पट्टियां बांधे हुए हैं।

> “बहुत ही जल्द ही दुकानों से बाहर रखा हुआ सामान के खिलाफ अभियान चलाकर हटाया जाएगा। जो भी दुकानदार अवैध कब्जा करेगा। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
> (सुनीता -सचिव मार्केट कमेटी)

# रेवाड़ी में पीएम मोदी की रैली के संदर्भ में विधायक ने ली बैठक

## बैठक में कार्यकर्ताओं की संख्या और व्यवस्था लेकर चर्चा

### विधायक बोले, गुरुग्राम शहर में मेट्रो के विस्तार की आधारशिला भी रखेंगे प्रधानमंत्री

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

आगामी 16 फरवरी को रेवाड़ी में होने वाली प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की विशाल रैली के संदर्भ में सोमवार को गुरुग्राम के विधायक सुधीर सिंगला ने साथियों के साथ बैठक की। बैठक में चर्चा की गई कि रेवाड़ी में कार्यकर्ताओं की संख्या कितनी होगी। किस तरह से व्यवस्थाएं की जाएंगी।

बैठक में भाजपा जिला महामंत्री सर्वप्रिय त्यागी, जिला उपाध्यक्ष सीमा पाहुजा, सुंदरी खत्री, निवर्तमान मेयर मधु आजाद, विधायक सभा के चारों मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुलाटी, प्रियवर्त कटारिया, श्रवण आहुजा, नितिन शांडिल्य, निवर्तमान पार्षद



अपने निवास पर साथियों के साथ बैठक करते विधायक सुधीर सिंगला।

अनूप सिंह, सुभाष सिंगला, महेश दायमा, कपिल दुआ, संजय प्रधान, मंगतराम बागड़ी, मनीष वजीराबाद, अनिल यादव, पंकज यादव, धर्मबीर बागोरिया, रमा रानी राठी व अन्य वरिष्ठ सदस्य मौजूद रहे। इस दौरान विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि आगामी 16 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेवाड़ी में विशाल रैली को संबोधित करेंगे।

हमारे दक्षिण हरियाणा के लिए यह खुशी और शान की बात है कि प्रधानमंत्री ने चुनावी तैयारियों के बीच इसी क्षेत्र को चुना है।

विधायक सिंगला ने कहा कि रेवाड़ी के भालखी माजरा में एम्स की आधारशिला रखने के साथ प्रधानमंत्री गुरुग्राम शहर को भी बड़ा तोहफा देंगे। वे रेवाड़ी से ही गुरुग्राम शहर के लिए मंजूर मेट्रो रूट मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी तक के रूट की भी आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही गुरुग्राम की वर्षों पुरानी मांग को अमलीजामा पहनाया जाएगा। गुरुग्राम में मेट्रो का विस्तार यहां के विकास की नई गाथा लिखेगी।

# गुरुग्राम की ग्राम पंचायतों को दिए जाएंगे इंटरनेट केबल कनेक्शन

## बीएसएनएल की ओर से गांव-गांव में बिछाई जा रही है भूमिगत लाइन

### ग्राम स्तर पर सरकारी कार्यक्रमों को पहुंचाने में मददगार साबित होंगे ये कनेक्शन

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** सरकार की ओर से सभी ग्राम पंचायतों में बीएसएनएल के जरिए इंटरनेट केबल कनेक्शन पहुंचाए जाने के लिए कार्यवाही की जा रही है। ग्राम स्तर पर रोजगार दिए जाने व सरकार के अन्य कार्यक्रमों से जुड़ने में ये कनेक्शन काफी मददगार साबित होंगे। पंचायत प्रतिनिधि एवं सरकारी विभाग इस कार्य में बीएसएनल को पूरा सहयोग करें।

गांवों में इंटरनेट केबल कनेक्शन दिए जाने के लिए अधिकारियों की आयोजित की गई ऑनलाईन मीटिंग



ऑनलाइन मीटिंग में जुड़े एडीसी हितेश कुमार मीणा।

को संबोधित करते हुए एडीसी हितेश कुमार मीणा ने ये निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि वन विभाग, जीएमडीए, गुरुग्राम व मानेसर नगर निगम, विकास एवं पंचायत विभाग के अधिकारी बीएसएनएल को सहयोग करेंगे। इसके अलावा सभी गांवों के सरपंच भी ये कनेक्शन जुड़वाने और आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाने में बीएसएनएल कर्मचारियों को सहयोग दें।

एडीसी ने कहा कि जब तक हमारे गांवों का समुचित विकास नहीं होगा, तब तक पूरे प्रदेश का विकास होना असंभव है। इसी उद्देश्य को लेकर सरकार ने यह मुहिम शुरू की है। उन्होंने बताया कि जिला के प्रत्येक गांव में दस या आवश्यकता के अनुसार इससे अधिक इंटरनेट कनेक्शन दिए जाएंगे। गुरुग्राम जिला में इसकी कवायद शुरू हो चुकी है। ऑनलाइन मीटिंग में बीएसएनएल के जीएम विवेक जायसवाल ने बताया कि जिला के 220 गांवों को अभी 996 कनेक्शन दिए जाने हैं। जिला की 27 ग्राम पंचायतों में यह कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर जीएमडीए के सलाहकार पीके अग्रवाल ने बताया कि प्राधिकरण के नियमानुसार भूमिगत केबल कनेक्शन के लिए कुछ औपचारिकताएं पूरी की जाती हैं। जो कि बीएसएनएल को करनी है। जीएमडीए ने खुद भी अपनी 400 किमी लंबी फाइबर लाइन बिछा रखी है।

### 8 वर्षीय मासूम के साथ कुकर्म करने के आरोपी को भेजा जेल

**सोहना।** सोहना सदर थाना के अंतर्गत एक 8 वर्षीय बच्चे के साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीड़ित बच्चे के पिता की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपी को भोंडसी जेल भेज दिया है। पीड़ित बच्चे के पिता ने पुलिस को बताया कि उसका नाबालिग बेटा पशुओं को बांधने के लिए पशुओं के बेड़े में गया था।

वहां पर पहले से ही उनका पड़ोस में रहने वाला अमित उसके 8 वर्षीय बेटा को फुसला कर अपने साथ ले गया। अमित ने उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म कर दिया। आरोपी ने उसके बेटा को किसी से भी शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी देकर डरा दिया और उसे वहा से तुरन्त भागते हुए वहां से चले जाने को कहा। उसका मासूम बेटा दर्द के कारण चलने में भी परेशानी हो रही थी। वह दर्द में पीड़ित होता हुआ घर पर पहुंचा।

# रेवाड़ी एम्स के साथ गुरुग्राम को मेट्रो विस्तार का भी तोहफा देंगे प्रधानमंत्री

## 16 फरवरी को रेवाड़ी जिला में पीएम मोदी एम्स की रखेंगे आधारशिला

### पुराने गुरुग्राम शहर तक मेट्रो विस्तार की रखेंगे नींव

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी 16 फरवरी को रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रैली में ओल्ड गुरुग्राम सिटी में मेट्रो विस्तार परियोजना की आधारशिला भी रखेंगे। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का जिला स्तर व ब्लॉक स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में लाइव प्रसारण होगा। यह जानकारी सोमवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने अपने कार्यालय में पत्रकार वार्ता में दी।

डीसी निशांत कुमार यादव ने कहा कि मिलेनियम सिटी में पब्लिक ट्रांसपोर्ट सिस्टम को बेहतर बनाने के लिए धरातल पर निरन्तर नई



टरनेट से ली गई सांकेतिक तस्वीर।

परियोजनाओं को क्रियान्वित किया जा रहा है। इसी कड़ी में 16 फरवरी को गुरुग्राम ओल्ड सिटी में मेट्रो की वर्षो पुरानी मांग को मूर्त रूप मिलने जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उक्त तिथि को रेवाड़ी के भालखी माजरा में बनने जा रहे एम्स की आधारशिला रखने के साथ ही गुरुग्राम शहर में मंजूर मेट्रो के नए रूट (मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर सिटी) की भी आधारशिला रखेंगे। डीसी निशांत कुमार यादव ने यह जानकारी सोमवार को लघु सचिवालय स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी।

इससे पहले जिला स्तर पर 16 फरवरी को आयोजित होने वाले कार्यक्रम को लेकर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के मुख्य प्रधान सचिव आरएस खुल्लर ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से डीसी निशांत कुमार यादव व अन्य अधिकारियों के साथ जिला स्तर पर की जा रही तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

डीसी यादव ने बताया कि अगले चार वर्षों में 5452.72 करोड़ रुपए की लागत से 28.50 किमी लंबाई वाले इस लिंक पर 27 स्टेशन बनेंगे। ओल्ड गुरुग्राम के लोगों का मेट्रो से जुड़ाव सार्वजनिक यातायात में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने बताया कि 28.5 किलोमीटर लंबे मिलेनियम सिटी सेंटर से साइबर पार्क 148 तक के मेट्रो रूट पर सेक्टर-45, सुभाष चौक, हीरो-होंडा चौक, सेक्टर-37, सेक्टर-10, बसई, सेक्टर 4, रेजांगला चौक, पालम विहार, सेक्टर-23 आदि स्टेशनों सहित करीब 2 दर्जन स्टेशनों का निर्माण किया जाएगा।

# हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध: उपायुक्त

## असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को भी मिलेगा सरकार की योजनाओं का लाभ

## श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए पंजीकरण सुविधा की शुरू

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**उपायुक्त** धीरेंद्र खड़गटा ने कहा कि श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के कल्याणार्थ शुरू की गई नई पहल ई-श्रम पोर्टल को हरियाणा में मजबूती से लागू किया जा रहा है। इसके तहत श्रम विभाग ने असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का पंजीकरण फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा श्रम विभाग श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। असंगठित क्षेत्र के अंतर्गत कृषि, मजदूर, रेहड़ी-पटरी वाले, घरेलू कामगार और निर्माण श्रमिक आदि आते हैं। यह डिजिटल प्लेटफॉर्म असंगठित श्रमिकों को कल्याणकारी योजनाओं से जोडऩे के लिए बनाया गया है।

उपायुक्त ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल केवल एक डिजिटल मंच नहीं, बल्कि यह असंगठित कामगारों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाने की एक पहल है। अभी असंगठित श्रमिकों को बहुत सी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, इसलिए उन्हें ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकरण के माध्यम से जोड़ा जा रहा है ताकि वे सरकार द्वारा दी जा रही योजनाओं का लाभ ले सकें। उन्होंने सभी असंगठित श्रमिकों से आह्वान किया कि वे ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण जल्द से जल्द करवाना सुनिश्चित करें। श्रम विभाग सभी जिलों में ई-श्रम पोर्टल पर असंगठित कामगारों के पंजीकरण के लिए एक विशाल अभियान चलाया जा रहा है, जिसके माध्यम से प्रत्येक पंजीकृत श्रमिक को 12-अंकीय यूनिवर्सल खाता संख्या (यूएएन) दिया जाएगा जो श्रमिक के पूरे जीवनकाल के लिए वैध होगा। साथ ही श्रमिकों का कौशल मानचित्रण भी किया जाएगा जहां श्रमिक अपने हुनर की पूरी जानकारी रजिस्टर करेंगे, जिसकी मदद से नियोक्ता अपनी आवश्यकता अनुसार श्रमिकों को रोजगार प्रदान कर सकेंगे।

उन्होंने बताया कि कोई भी श्रमिक eshram.gov.in पर स्वयं पंजीकरण कर सकता है या निकटतम सामान्य सेवा केंद्र या सरल केंद्र पर जा सकता है। पंजीकरण के बाद श्रमिक अपनी जरूरत अनुसार स्वास्थ्य, शिक्षा और अन्य सामाजिक सुरक्षा जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकते हैं। अब अप्रवासी श्रमिक भी श्रम विभाग में अपना पंजीकरण अवश्य करायें और विभाग की सभी योजनाओं का लाभ उठायें। उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि ई-श्रम पोर्टल पर छोटे और सीमांत किसान, खेतिहर मजदूर, बटाईदार, मछुआरे, पशुपालन के क्षेत्र में शामिल लोग, बीड़ी बनाने वाले, लेबलिंग और पैकिंग, भवन और निर्माण श्रमिक, चमड़े उद्योग के क्षेत्र में शामिल श्रमिक अपना पंजीकरण कर सकते हैं।

साथ ही, बुनकर, बढ़ई, नमक श्रमिक, ईट भट्टों और पत्थर खदानों में काम करने वाले श्रमिक, श्रमिक आराघर, घरेलू कामगार, नाई, सब्जी और फल विक्रेता, समाचार पत्र विक्रेता, रिक्शा चालक, ऑटो चालक, रेशम उत्पादन श्रमिक, टेनरी श्रमिक, स्ट्रीट वेंडर, एमएनजीआर ए श्रमिक, आशा वर्कर्स , प्रवासी श्रमिक भी ई श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाना सुनिश्चित करें। पंजीकरण करने लिए श्रमिक की आयु 16-59 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वह श्रमिक ईपीएफओ और ईएसआईसी का सदस्य नहीं होना चाहिए और न ही आयकर दाता नहीं होना चाहिए। श्रमिक अपने आधार नंबर, मोबाइल नंबर, आधार लिंक बैंक खाता इत्यादि से अपना पंजीकरण करवा सकते हैं।

# हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर पहुंचेगा घर: अभय चौटाला

## रसोई के खर्च के लिए भी खाते में आएंगे 1100 रुपए

पायनियर समाचार सेवा। मेवात



**इंडियन** नेशनल लोकदल विधायक अभय सिंह चौटाला सोमवार को मेवात पहुंचे। मेवात में इंदाना सहित कई गांव में पहुंचकर आगामी 24 फरवरी को नूंह अनाज मंडी में होने वाली रैली का न्योता दिया। मेवात पहुंचने पर चौधरी अभय सिंह चौटाला का लोगों ने फूल मालाओं व पगड़ी बांधकर जोरदार स्वागत किया। चौधरी अभय सिंह चौटाला ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि चौधरी देवीलाल का मेवात से पुराना नाता है।

मेवात के लोगों ने इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी का हमेशा साथ दिया है और हमें उम्मीद है आने वाले चुनाव में फिर से मेवात के लोग इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी का साथ देंगे। चौधरी अभय सिंह चौटाला ने कहा कि मेवात में सड़कें टूटी हुई है। स्कूलों में अध्यापक नहीं है। हॉस्पिटलों में डॉक्टर नहीं है। भाजपा सरकार का मेवात की तरफ कोई ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा एक - दूसरे को लड़ाने का काम किया है। हमारे भाईचारे को खत्म करने का काम किया है। हम ऐसा हरगिज नहीं होने देंगे। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल ने बुजुर्गों की पेंशन शुरू की थी। आज भाजपा सरकार ने उस पेंशन को काटने का काम किया है। जब चौधरी देवीलाल ने बुजुर्गों की पेंशन बांधी थी, यह नहीं देखा था कि इसकी आय कितनी है। सिर्फ यह देखा कि इसकी उम्र 60 साल होनी चाहिए, लेकिन भाजपा सरकार ने 180000 का नाम देकर बुजुर्गों की पेंशन काटने का काम किया है। बीपीएल कार्डो को काटने का काम किया है। भाजपा ने हर वर्ग के लोगों के साथ धोखा किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार कहती थी की गैस सिलेंडर मुफ्त में दिया जाएगा। आज गैस सिलेंडर के भाव आसमान छू रहे हैं।

अगर इंडियन नेशनल लोकल सरकार हरियाणा में आई तो हर महीने की पहली तारीख को गैस सिलेंडर घर भिजवा दिया जाएगा और रसोई के खर्चे के लिए 1100 रुपए अकाउंट में भेज दिए जाएंगे। हर एक परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी दिलाई जाएगी। जिनको नौकरी नहीं मिलेगी, उसको भत्ते के तौर पर 21000 रुपए दिए जाएंगे।

उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने आप लोगों के साथ धोखा किया है। अब की बार भाजपा सरकार को धक्का देना है और हरियाणा में इंडियन नेशनल लोकदल पार्टी को बहुमत से जिताना है । अपनी मांगों को लेकर हरियाणा में प्रदर्शन कर रहे किसानों को लेकर चौधरी अभय सिंह चौटाला ने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा किसानों के साथ अत्याचार किया है। भाजपा किसानों का भला नहीं चाहती हम ऐसा नहीं होने देंगे।



# शाहाबाद नेशनल हाइवे पर बीएसएफ, आईआरबी तैनात

## शाहाबाद एंट्री से पहले किसानों को रोकने के लिए चारों तरफ से नेशनल हाइवे सील

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र/शाहाबाद

**शाहाबाद** में नेशनल हाइवे को मारकंडा नदी के बाद पूरी तरह से सील कर दिया गया है। नलवी-ठोल रोड पर बने जलेबी पुल से भी अब कोई आ-जा नहीं सकता है। दिल्ली-पानीपत से अम्बाला, राजपुरा, चडीगढ़ साइड जाने वाले वाहनों को बराड़ा चौंक से बराड़ा-दोसड़का-पंचकूला साइड डायवर्ट किया गया है। उधर, इंडिया रिजर्व बटालियन (आईआरबी) और बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (बीएसएफ) के जवान पहुंच गए है, उनका रात्रि ठहराव ऋषि मारकंडेश्वर शिव मंदिर धर्मशाला में किया गया है।

पुलिस एंव प्रशासन द्वारा की गई तैयारी के मुताबिक अगर किसान शंभू बॉर्डर सहित अन्य किसी बॉर्डर से निकल कर अंबाला के रास्ते दिल्ली कूच करने का प्रयास करेंगे, तो शाहाबाद में मारकंडा पुल पर किसानों को पुलिस रोकेगी। इसके लिए मारकंडा पुल के दोनों तरफ पुलिस ने पक्के सीमेन्टेड बेरिकेट्स बना दिए है। मंगलवार सुबह सीमेंटेड बेरिकेट्स के पीछे कांटेदार तारों के साथ लोहे के बेरिकेट्स लगाए जाएंगे। उसके बाद आईआरबी और बीएसएफ अपना मोर्चा संभालेंगे। उनके साथ हरियाणा पुलिस के भी सैंकड़ो जवान रहेंगे। सोमवार रात शाहाबाद के उपमंडल अधिकारी पुलकित मल्होत्रा और डीएसपी रणधीर सिंह सहित अधिकारी खुद मारकंडा नदी के बाद नेशनल हाईवे पर सीमेंटेड बेरिकेट्स लगवाने का काम कर रहे हैं।

**वाहन चालक परेशान :** दिल्ली से अम्बाला साइड जाने वाले वाहनों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वाहन चालकों को शाहाबाद से बराड़ा, दोसड़का और पंचकूला की ओर डायवर्ट किया जा रहा है।

# मनोहर सरकार ने विधुर, अविवाहितों के लिए शुरू की पेंशन स्कीम

पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने प्रदेश के 40 वर्ष होने के बाद विधुर व 45 साल तक उम्र के अविवाहित पुरुषों को पेंशन देने की योजना बनाई है। जिला नूंह में 158 विदुर और अविवाहित पुरुष सरकार की योजना का लाभ उठा रहे हैं, जिन्हें तीन हजार रुपए मासिक पेंशन दी जा रही है।

उपायुक्त धीरेंद्र खड़गटा ने बताया कि जिला में 158 विधुर और अविवाहितों की हुई पहचान जिला में सामाजिक न्याय अधिकारिता, अनुसूचित जातियों एवं पिछड़े वर्ग कल्याण तथा अंत्योदय (सेवा) विभाग द्वारा 158 विधुर और अविवाहितों को चिन्हित किया गया है। विधुरों व अविवाहितों को तीन हजार रुपए मासिक पेंशन दी जक रही है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से 40 वर्ष तक की उम्र होने पर विधुर को पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, परिवार पहचान पत्र में परिवार की आय 3 लाख से अधिक ना हो। 45 साल की उम्र होने पर अविवाहित को पेंशन देने का प्रावधान जोड़ा गया है । परिवार पहचान पत्र में उनके लिए वार्षिक आय की सीमा 1 लाख 80 हजार रखी गई है।

डीसी ने बताया कि पेंशन योजना का लाभ लेने के लिए विधुरों की श्रेणी में तीन लाख रुपये तक की सालाना आय वाले 40 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्ति पात्र होंगे। अविवाहित व्यक्तियों के मामले में वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपए से कम होनी चाहिए और आयु 45 वर्ष से अधिक हो।

# तीसरी बार टला कार्यवाहक सरपंच का चुनाव

## एक पक्ष ने स्थानीय प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

### रोजका मेव पंचायत का मामला

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**नूंह** जिले के खंड इंडरी के अंतर्गत और 25 करोड़ रुपए के गबन मामले में चर्चित ग्राम पंचायत रोजका मेव में सरपंच की बर्खास्तगी के बाद अलग अलग पक्षों में कार्यवाहक सरपंच चुने के लिए राजनीतिक जोड़-तोड़ जारी है।

वर्तमान सरपंच की बर्खास्तगी के बाद अब तक तीन बार कार्यवाहक सरपंच का चुनाव स्थगित हो चुका है।सोमवार को भी एक बार फिर ऐसा हुआ,जब राजनीतिक उठक पठक के चलते कोरम नहीं पूरा होने के चलते चुनावी प्रक्रिया तीसरी बार भी टल गई।

रोजका मेव के रहने वाले हाजी अर्जन खान ने बताया कि सोमवार को ग्राम पंचायत में कार्यवाहक सरपंच के लिए इंडरी खंड परिसर में चुनाव होना था। लेकिन तीसरी बार चुनाव प्रक्रिया टल गई। उन्होंने सीधे तौर पर स्थानीय प्रशासन पर भ्रष्टाचार्यों के साथ मिलकर सरकार की छवि को खराब करने का आरोप लगाया। अर्जुन का कहना है कि पंचायत में 25 करोड रुपए का गबन करने वाले भृष्टाचारियो से उन्हें जान का खतरा है। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत के 25 करोड रुपए के गबन का आरोपी कानून की धज्जियां उड़ा रहा उड़ा रहा है। यह सारा खेल चुनाव प्रक्रिया को रोकने के लिए किया गया था।

वहीं खंड इंडरी के बीडीपीओ राजेश का कहना है कि सोमवार को रोजका मेव ग्राम पंचायत से संबंधित कार्यवाहक सरपंच के लिए चुनाव होना था। लेकिन कोरम पूरा नहीं होने के चलते चुनाव स्थगित कर दिया। जल्द ही जिला प्रशासन के आदेश पर नया नई तिथि जारी होगी। बता दें कि 25 करोड़ रुपए गबन के लिए बहुचर्चित जिले की रोजका मेव ग्राम पंचायत में पूर्व सरपंच की बर्खास्तगी की बाद नियम अनुसार कार्यवाहक सरपंच का चुनाव होना है। पहले भी दो बार कार्यवाहक सरपंच का चुनाव स्थगित हो चुका है। सोमवार को तीसरी बार चुनाव के लिए अधिसूचना जारी हुई थी।

# मोदी की रैली में मेवात से हजारों लोग करेंगे शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। मेवात




**लोकसभा** चुनावों के साथ ही भाजपा ने बीते कई माह से अपना चुनावी शंखनांद शुरू कर दिया है। इसी कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 16 फरवरी को रेवाड़ी जिले में होने वाली रैली को लेकर नूंह जिला भाजपा के कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। इसी को ध्यान में रखते हुए सोमवार को नूंह में भाजपा कार्यालय पर जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं की एक बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए जिम्मेदारी सौंपी। जिस पर सभी ने पूरे जोश के साथ कार्यक्रम में अपनी भागीदारी के लिए कहा। इस मौके पर भाजपा नेता जाहिद हुसैन ने कहा कि नूंह जिला से भी हजारों की संख्या में कार्यकर्ता भाग लेंगे। इस दौरान उन्होंने विस्तारपूर्वक कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा कर कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेने के लिए सभी ने अपनी सहमति दी। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता जाहिद हुसैन चेयरमैन ने बताया कि इस रैली में मुख्यातिथि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। जिससे नूंह जिले के साथ प्रदेश के हर कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। जाहिद हुसैन ने कहा कि केंद्र के साथ प्रदेश की भाजपा सरकार ने हर वर्ग के लोगों का भला किया है। नूंह जिला में आजादी के बाद पहली बार किसी सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची व पर्ची के युवाओं को नौकरी प्रदान की है। जिससे आज हर क्षेत्र में युवाओं की भागीदारी दिख रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जिला में बिना भेदभाव के विकास कार्यों को रफ्तार दी है। इससे आने वाले समय में मेवात के विकास को और अधिक गति मिलेगी। भाजपा जो कहती है वह करती है।

आने वाले समय में देश प्रदेश में एक बार फिर से भाजपा की सरकार बनने जा रही है। केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह के लोकसभा क्षेत्र से प्रदेश में लोकसभा चुनावों का शंखनाद हो रहा है। इस मौके पर युवा जिला अध्यक्ष केशव पंडित, जिला महामंत्री दलबीर सिंह, शिव कुमार बंटी, जिला महामंत्री, डॉ शारिक हुसैन मालब, कार्यालय सचिव सतीश शर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा के महामंत्री मोहम्मद जैद, महिला मोर्चा की अध्यक्ष गोल्डी शर्मा, विस्तारक बलविंद्र सिंह जोगी के अलावा रईस खान सहित अन्य मौजूद रहे।

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेश्वर गार्डन, अजमेर रोड़, जयपुर-302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8 (1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन [अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54)]'' और प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम 13 (12) का सपठित नियमों के नियम (3) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में मांग सूचना दिनांक **19 मई 2023** को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **मनोज कुमार (ऋणी), पवन कुमार (सह-ऋणी) (खाता संख्या: L9001060123436760)** से नोटिस में वर्णित **रुपये 378096/- (रु. तीन लाख अठहत्तर हजार छियानबे मात्र)** की राशि इस नोटिस कि प्राप्ति कि दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बन्धकर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बन्धकर्ता को तथा समान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूतिहित प्रवर्तन नियम, 2002 के नियम 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा दिनांक 7 माह **फरवरी** वर्ष **2024** को अधिग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सह-ऋणी/बन्धकर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार **रुपये 378096/- (रु. तीन लाख अठहत्तर हजार छियानबे मात्र)** की राशि **दिनांक 18 मई 2023** तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (ए शेड्यूल्ड कमर्शियल बैंक) के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणियों का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

सम्पति के सभी अभिन्न अंग रिहायशी/गैररिहायशी भूमि, बिल्डिंग, स्ट्रक्चर, एवं फिक्चर सम्पत्ति स्थित ग्राम पंचायत - मेगन पत्ती, बाकल रोड, राजकीय बालिका स्कूल के पास, खसरा नं. 147//11/8, खतौनी नं. 1028, गांव - करोरा, तहसील - पुण्डरी, जिला - कैथल, हरियाणा **क्षेत्रफल 45 वर्ग गज** जो कि **पवन कुमार** के स्वामित्व में है।

**दिनांक: 7 फरवरी 2024**
**स्थान : हरियाणा**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

# संक्षिप्त समाचार

## प्रदीप सिंह ने संभाला अतिरिक्त उपायुक्त नूंह का पदभार

**मेवात।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के 2020 के बैच में प्रथम रैंक हासिल करने वाले अधिकारी प्रदीप सिंह ने सोमवार को नूंह जिला के अतिरिक्त उपायुक्त के रूप में पदभार संभाल लिया है। इससे पहले प्रदीप सिंह एसडीएम सोहना में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। जिले का पदभार संभालते ही एडीसी प्रदीप सिंह ने कहा कि अंत्योदय की भावना के अनुरूप वे सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों का लाभ प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करवाने में अपना दायित्व प्रभावी रूप से निभाएंगे। अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह ने कहा कि सरकार की जन सेवा की भावना के अनुरूप कार्य करते हुए सभी अधिकारी अपनी विभागीय योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा कि बिना किसी भेदभाव के लोगों के कार्य निष्पक्षता व प्राथमिकता के आधार पर किए जाएं। उन्होंने कहा कि जिला नूंह में चल रहे विकास कार्यों को गति प्रदान करते हुए पूरा करवाना उनका मुख्य उद्देश्य रहेगा।

## सड़क हादसे में घायल ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**तावडू।** उपमंडल के गांव किरूरी-घुसपैठी मार्ग पर एक सड़क हादसे में घायल व्यक्ति ने उपचार के दौरान दान तोड़ दिया है। पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज कर आगामी जांच शुरू कर दी है। घुसपैठी गांव में रहने वाली रहने वाली सुनीता ने बताया कि बीते 4 फरवरी को पति मंगल घरेलू सामान लेने के लिए गया था,लौटते समय किरूरी- घुसपैठी के बीच अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। सूचना मिलने पर सभी परिजन घटनास्थल पर पहुंचे। गंभीर रूप से घायल मंगल को नूंह नलहड़ मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने रोहतक पीजीआई के लिए रेफर कर दिया। सुनीता ने बताया कि बीते 11 फरवरी को पति मंगल ने रोहतक में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ मार्च को

**मेवात।** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव कुनाल गर्ग ने बताया कि आगामी 09 मार्च 2024 को इस वर्ष की प्रथम राष्टीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। सीजेएम कुनाल गर्ग ने बताया कि 09 मार्च को आयोजित की जाने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक रिकवरी केस, लेबर डिस्प्यूट, बिजली व पानी बिल के संबंधी मामले, आपराधिक, वैवाहिक, दुर्घटना संबंधी, भूमि अधिग्रहण मामले तथा अन्य दावे संबंधी और अदालत में लंबित अधिक से अधिक केसों का निपटान किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन जिलास्तर के साथ-साथ उपमंडल स्तर पर स्थित अदालतों में भी किया जाएगा।

## किसान 15 फरवरी तक कराएं फसल का पंजीकरण

**सोहना।** क्षेत्र के किसान अपनी फसल का पंजीकरण कराने में रूचि नहीं ले रहे हैं। जिसके कारण मात्र 20 फीसदी किसानों ने ही मेरी फसल, मेरा ब्योरा योजना के तहत फसल का पंजीकरण कराया है। फसल का पंजीकरण करने की आखिरी तारीख 15 फरवरी है। प्रदेश सरकार ने किसानों की फलस की सुरक्षा और उसके खरीदने की गारंटी के लिए मेरी फसल, मेरा ब्योरा योजना चलाई है। योजना के तहत किसानों को अपनी फसल का सरकार के खाते में पंजीकरण कराना होता है। इस बार क्षेत्र का किसान अपनी फसल का पंजीकरण कराने में पिछड़ा हुआ है। कृषि विभाग द्वारा गांव-गांव जाकर बैठके करके किसानों को फसल का पंजीकरण कराने के लिए जागरुक किया भी किया है। इसके बावजूद किसान इसमें रूचि नहीं ले रहे हैं। कृषि विभाग के कर्मचारी और अधिकारी किसानों के साथ बैठक, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से और अन्य योजनाओं के तहत फसल का पंजीकरण कराने के लाभ बताने का काम कर रहे हैं। फसल का पंजीकरण का कराने से किसान को प्राकृतिक आपदा से होने वाले नुकसान का लाभ मिलेगा। सरकार किसान की फसल को तय समर्थन मूल से खरीद करेगी।

## जूनियर ने सीनियर विद्यार्थियों को दी विदाई

**कुरुक्षेत्र।** किड्स प्लेनेट प्रेम पब्लिक स्कूल कुरुक्षेत्र सेक्टर 3 में कक्षा सातवीं के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों की विदाई के लिए भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। विदाई समारोह में स्कूल प्रबंधक परमिंदर बाठ और प्रधानाचार्य वीरेंद्र कुमार, एकेडमिक इंचार्ज मेघा, पीआरओ कुमारी रुचिका, कोआर्डिनेटर सुनीता अरोड़ा, ज्योति खनेजा, पूजा व अन्य शिक्षक शामिल हुए। समारोह का शुभारंभ कक्षा सातवीं की छात्राओं द्वारा मुख्य अतिथि का परंपरागत तरीके से तिलक करके किया गया। इसके पश्चात सरस्वती वंदना के साथ इस भव्य विदाई समारोह का आगाज हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों द्वारा एक लघु नाटिका तथा सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया गया, जिसने गीतों के साथ एक विद्यार्थी झूम उठा। कक्षा सातवीं की छात्राओं ने विभिन्न गीतों पर थिरकते हुए सबका मन मोह लिया।

## सूक्ष्म सिंचाई योजनाओं का लाभ उठाएं किसान

**यमुनानगर।** किसानों की आय में वृद्धि करने तथा फसल उत्पादन के जोखिमों को कम करने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। किसानों को कम पानी लागत में अधिक पैदावार लेने के लिए सूक्ष्म सिंचाई योजना के तहत 85 प्रतिशत तक अनुदान दिया जा रहा है। डीसी कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि किसानों को सूक्ष्म सिंचाई योजना का लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने बताया कि इस योजना के माध्यम से किसान खेत में पानी खड़ा होने, खेत में पानी का असमान वितरण, उर्वरक उपयोग दक्षता को कम कर अपनी फसल की अधिक पैदावार ले सकते हैं।

**पायनियर क्लासीफाइड**

**नाम परिवर्तन**

I, Pushpa Shekhawat W/o Rahul Khandelwal R/o 1648, Sector-28, Faridabad, have changed my name to Payal Khandelwal.

I, Sanjeev Goswami S/o Raj Kumar Goswami R/o K-302, Tower-K, BPTP Park Grandeura, Sector-82, Faridabad, have changed my daughter name Aaira to Aaira Goswami.

I, Umed S/o Moti Ram R/o 309, Vill-Jajru Sector-59, Ballabgarh, Faridabad, have changed my name to Umed Dagar.

I, Rita Katyal W/o Sh. NARESH KUMAR KATYAL R/o H.No. 2082, Sector-7/D, Faridabad, have changed my name to Reeta Katyal for all future purposes.

I, Jhalani Rahul Virender S/o Virendra Gupta R/o 1648, Sector-28, Faridabad, have changed my name to Rahul Khandelwal S/o Virender Gupta.

I, Inder Jeet S/o Lal Chand R/o 1/560, Near Sarvodaya Hospital, Gopi Colony, Old Faridabad, have changed my name to Inder Jeet Babbar.

**सार्वजनिक सूचना**

मैं, पूनम पत्नी वीरेंद्र निवासी मकान नम्बर डीएम 183, वार्ड नम्बर 13, समालखा, पानीपत बयान करती हूं, कि मेरे मकान की ओरिजिनल सेल डीड नम्बर 2959 दिनांक 07.02.2024 को कहीं गुम/खो गई है, अगर किसी को मिले तो इंडिया शेल्टर फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड सेक्टर 14, सोनीपत या सिद्धार्थ वकील को संपर्क करें
829531 5597, 9416168455

**बेदखल सूचना**

मैं, मुलतान (आधार नम्बर 3995 4597 1746) पुत्र फते सिंह निवासी गांव मोहाना, जिला सोनीपत बयान करता हूं, कि मेरा पुत्र सुनील उर्फ लीलू मेरे व मेरे परिवार के कहने-सुनने से बाहर है तथा हमसे रोजाना लड़ाई-झगड़ा करते है, इसलिए मैंने अपने पुत्र सुनील उर्फ लीलू को अपनी तमाम चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है, भविष्य में सुनील उर्फ लीलू से लेन-देन या व्यवहार आदि रखने वाला व्यक्ति स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य की किसी प्रकार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी। आज के बाद मेरा व मेरे परिवार के अन्य किसी सदस्य का सुनील उर्फ लीलू से कोई ताल्लुक व वास्ता नहीं होगा।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। प्रधान संपादक : शोबोरी गांगुली, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

पायनियर
हरियाणा, मंगलवार, 13 फरवरी, 2024



# श्वेत पत्र

## संप्रग की असलियत

**केन्द्र सरकार** द्वारा पेश श्वेत पत्र संप्रग सरकार के आर्थिक कुप्रबंधन के कारण उसके शासन को 'खोया दशक' बताता है। मोदी सरकार ने अपने वादे के अनुसार संप्रग सरकार युग में व्याप्त राजकोषीय कुप्रबंधन पर एक श्वेत पत्र पेश किया है। इसमें अनेक नीतिगत कमियों की ओर संकेत किया गया है जिनमें आर्थिक अव्यावहारिकता, लाल-फीताशाही, आर्थिक सुधारों में सुस्ती, आदि शामिल हैं। इनके कारण आर्थिक वृद्धि धीमी पड़ी तथा अनेक ढांचागत चुनौतियां बनी रहीं। आंकड़ों के विश्लेषण तथा ऐतिहासिक तुलनाओं के आधार पर श्वेत पत्र ने संप्रग सरकार के शासनकाल में ठहराव तथा वर्तमान सरकार में तेज गति को रेखांकित किया गया है। वास्तव में वर्तमान सरकार ने अनेक मामलों में शानदार प्रदर्शन किया है। मोदी सरकार की आर्थिक उपलब्धियों में महत्वपूर्ण सुधार, जैसे जीएसटी का क्रियान्वयन, 'बिजनेस सुगमता' में सुधार की पहल तथा वित्तीय समावेशन के कार्यक्रम 'जनधन योजना' व 'प्रधानमंत्री मुद्रा योजना', आदि शामिल हैं। 'भारतमाला' और 'सागरमाला' जैसी ढांचागत परियोजनायें तथा 'डिजिटल इंडिया' जैसी पहलों का उद्देश्य देश का आधुनिकीकरण तथा उसमें संपर्क बढ़ाना है। विदेशी निवेश आकर्षित करने, स्टार्टअप को प्रोत्साहन देने तथा पीएमएवाई व पीएमकेएसवाई जैसी योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण विकास पर महत्वपूर्ण ढंग से ध्यान दिया गया है। इन उपायों से समावेशी आर्थिक प्रगति तथा खोज एवं विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। विपक्षी कांग्रेस ने इसके जवाब में फौरन एक 'ब्लैक पेपर' जारी कर सरकार के दावों पर सवाल उठाते हुए वर्तमान सरकार की विफलतायें गिनाई हैं।



'ब्लैक पेपर' में सरकार पर आरोप लगाया गया है कि वह आर्थिक असमानतायें बढ़ा रही है, समाज कल्याण कार्यक्रमों को अनदेखा कर रही है तथा बेरोजगारी, कृषि संकट व मुद्रास्फीति दबावों के कारण अर्थव्यवस्था में गिरावट का कारण बन रही है। 'ब्लैक पेपर' में सत्तारूढ़ पार्टी द्वारा आर्थिक समृद्धि के विमर्श को चुनौती देते हुए कहा गया है कि सामान्य नागरिकों की कठिनाइयां बढ़ गई हैं। कांग्रेस द्वारा जारी 'ब्लैक पेपर' में वही बातें दुहराई गई हैं जो कांग्रेस नेता बार-बार कहते रहे हैं, लेकिन ये एक प्रकार से केवल प्रचार का अंग हैं और वस्तुस्थिति से मेल नहीं खाती हैं। हालांकि, 2014 में मोदी सरकार बनने पर ही उस पर पूर्ववर्ती कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के बारे में 'श्वेत पत्र' जारी करने का दबाव था, पर उसने ऐसा नहीं किया। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि ऐसा करने से भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रति निवेशकों का विश्वास और डगमगा सकता था। अब मोदी सरकार ने अपने दो कार्यकाल पूरे करने के बाद जो 'श्वेत पत्र' जारी किया है, उसका उद्देश्य संप्रग सरकार के दस साल तथा मोदी सरकार के दस सालों के बीच तुलनात्मक व तथ्यात्मक तस्वीर मतदाताओं के समक्ष रखना है। सरकार को यह श्वेत पत्र इसलिए भी लाना पड़ा है क्योंकि कुछ अर्थशास्त्री व राजनीतिक विश्लेषक मोदी सरकार की उपलब्धियों के प्रति आंखें बंद कर बिना किसी प्रमाण के अपने पुराने 'आरोप' लगातार दुहराते रहते हैं। जहां तक बेरोजगारी और महंगाई का सवाल है, कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के बावजूद भारत का प्रबंधन विकसित पश्चिमी देशों की तुलना में बहुत अच्छा है। ग्रामीण क्षेत्रों समेत सारे देश की प्रगति सबको दिखाई पड़ रही है। आंकड़ों से परे भी देश की जनता व खासकर युवा पीढ़ी अपने भविष्य के प्रति बहुत उत्साहित है तथा उसका वर्तमान सरकार के प्रति विश्वास बढ़ा है।

# ईरानी क्रांति: सफलता के कारण

पश्चिमी खुफिया एजेंसियों ने अपनी गतिविधियों से ईरानी लोगों को पश्चिम-समर्थक नेताओं के खिलाफ खड़े होने के लिए तैयार कर दिया।



**नीलांत इलांगमुवा**
(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं)

इस सप्ताह ईरानी क्रांति के 45 साल हो गए। पश्चिमी गठबंधन समझ नहीं पाया कि ईरानी जनता अपने अंतिम राजा मुहम्मद रजा पहलवी के खिलाफ क्यों खड़ी हो गई। अपनी सत्ता के अजेय होने के भ्रम ने पहलवी को 'श्वेत क्रांति' के लिए प्रेरित किया था जिसे प्रगति का पर्याय माना जाता था। इससे ईरान को पश्चिमी उदारवाद व आर्थिक प्रगति का उदाहरण मान लिया गया था। लेकिन समृद्धि की ऊपरी चमक के नीचे जो अशांति पनप रही थी, उसे अधिकांश बाहरी पर्यवेक्षक समझ नहीं सके। 21 साल की आयु में सत्तारूढ़ हुए मुहम्मद रजा शाह पहलवी ने अपने पिता रजा शाह पहलवी से विरासत में सत्ता पाई थी जो पहलवी वंश के संस्थापक थे। स्वयं को साइरस महान का समकालीन स्वरूप समझने वाले पहलवी ने 1970 में प्रेसीपोलिस के खंडहरों पर वैश्विक नेताओं को खुश करने और अपने वंश की वैधता स्थापित करने का काम किया था।

लेकिन उनकी आम जनता गरीबी और दमन की शिकार थी जिसे ईरानी खुफिया पुलिस छिपाती थी और अमेरिका-समर्थित खुफिया व्यवस्था 'सवाक' उसकी सहायता करती थी। इससे कल्पना और यथार्थ में भारी अंतर पैदा हो गया था। सत्ता के बेशर्म प्रदर्शन के माध्यम से शाह ने अपनी वैधता स्थापित करने के प्रयास किए, लेकिन इससे उनकी सरकार का खोखलापन और जनता से अलगाव बढ़ता गया और अंतत: उनकी सरकार का पतन हुआ। 1970 के दशक मध्य में जनता में बढ़ते असंतोष के कारण शाह को अपनी सरकार के अत्याचारों के लिए जनता से माफी मांगनी पड़ी। लेकिन इसके बावजूद वे जनता के भारी विरोध प्रदर्शनों को रोकने में विफल हुए जिन्होंने 'इस्लामी क्रांति' को जन्म दिया। इस क्रांति के परिणामस्वरूप शाह का शासन तेजी से ढह गया तथा उस राजतंत्र का अंत हुआ जो हजारों साल से जारी था। इस असाधारण घटना ने



पश्चिमी खुफिया एजेंसियों व प्रशासनिक हस्तक्षेप की सीमायें स्पष्ट कर दीं तथा बीसवीं शताब्दी में भू-राजनीतिक स्थितियों को पूरी तरह बदल डाला। अगस्त, 1978 में बढ़ती अशांति के बावजूद सीआईए ने नतीजा निकाला था कि 'ईरान में क्रांति या क्रांति-पूर्व की स्थिति नहीं है।' वास्तव में ईरान के प्रति दुश्मनी की भावना किसी राजनीतिक विचारधारा के बजाय तेल उद्योग पर नियंत्रण की इच्छा का परिणाम था। इस मुद्दे पर सीआईए द्वारा तैयार विमर्श को अक्सर 'ब्लैक प्रोपेगंडा' कहा जाता है। 1953 में ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित प्रधानमंत्री मुहम्मद मुसादेह के खिलाफ ब्रिटेन तथा अमेरिका ने सैनिक विद्रोह को खड़ा किया था। इसे 'आपरेशन एजेक्स' का नाम दिया गया और ऐसी ही कार्रवाइयां ग्वाटेमाला, चिली, ब्राजील व ग्रीस जैसे अन्य देशों में भी की गईं।

लेकिन पश्चिमी प्रभुत्व स्थापित करने के इरादे से किए इस सफल विद्रोह के कारण क्षेत्र में व्यापक विरोध फैल गया जिसे अयातुल्ला खुमैनी के नेतृत्व में 'इस्लामी क्रांति' का स्वरूप मिला। इससे पश्चिमी विदेश नीति की असलियत उजागर हुई जो अक्सर लोकतंत्र व स्वतंत्रता के नाम पर अपनी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षायें छिपाने का प्रयास करती थी तथा शोषण व दमन का दुष्चक्र पैदा करती थी। मुसादेह के प्रधानमंत्री बनने के पहले ईरानी तेल उद्योग पर एंग्लो-ईरानी तेल कंपनी के माध्यम से पूर्ण ब्रिटिश नियंत्रण था। 1951 में तेल उद्योग के राष्ट्रीयकरण से क्षेत्र में ब्रिटिश हितों को करारा धक्का लगा था। इस प्रकरण में मुसादेह राजतंत्र व विदेशी हस्तक्षेप के खिलाफ विमर्श में केन्द्रीय स्थान पर थे और उनकी सरकार के पतन से ईरान में लोकतांत्रिक आकांक्षाओं पर कुठाराघात हुआ जिससे पुन: पश्चिमी संरक्षण में स्वेच्छाचारी शासन स्थापित हो गया। इस दृष्टिकोण से ईरानी क्रांति न केवल ईरान के आधुनिक इतिहास का एक प्रमुख क्षण है, बल्कि यह पश्चिम एशिया की भू-राजनीति में भी महत्वपूर्ण परिघटना है। इसने राजतंत्र को नष्ट कर इस्लामी गणतंत्र स्थापित किया। इसमें सेक्युलरवादियों, राष्ट्रवादियों, उदारवादियों और वामपंथियों के एक गठजोड़ ने भी सहयोग दिया जो शाह के तानाशाही शासन के खिलाफ जनता की कठिनाइयों को उजागर कर रहे थे। इस्लामी क्रांति का प्रभाव ईरान की सीमाओं से आगे बढ़ा और उसने पड़ोसी देशों में इस्लामवादी आंदोलनों को जन्म देकर मध्यपूर्व की भू-राजनीति में व्यापक परिवर्तन किए। अयातुल्ला खुमैनी के करिश्माई नेतृत्व और धार्मिक पद ने क्रांति के पक्ष में जनता का समर्थन प्राप्त करने में केन्द्रीय भूमिका अदा की। इसके साथ ही बाजार और व्यापार ने शक्तिशाली आर्थिक शक्ति के रूप में क्रांति को और विस्तार दिया। ईरानी क्रांति एक महत्वपूर्ण केस स्टडी की तरह है जो क्रांतिकारी आंदोलनों में जटिल सामाजिक-राजनीतिक गत्यात्मकताओं को प्रदर्शित करती है। धार्मिक विचारधारा जनता को लामबंद करने तथा उसके राजनीतिक प्रतिरोध को वैधता प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। क्रांति के बाद समावेशी शासन का महत्व समझा गया तथा प्रतिरोधी शक्तियों के हाशियाकरण के खिलाफ चेतावनी दी गई क्योंकि इससे तानाशाही व नस्ली हिंसा भड़क सकती थी। ईरानी क्रांति से वैश्विक राजनीति के परस्पर जुड़ाव तथा अवांछित परिणामों से बचने के लिए राष्ट्रीय संप्रभुता को महत्व मिला।

ईरानी क्रांति के दशकों बाद ईरान अब भी बहुआयामी विरासत से आंतरिक और बाहरी रूप से निपट रहा है। यह घटना सामाजिक-राजनीतिक ढांचे में क्रांतिकारी उभार की तीव्रता को याद दिलाती है। ईरान की विदेश नीति उसकी गहरी सांस्कृतिक और मनोवैज्ञानिक विरासत से प्रभावित है। ईरानियों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत 'जोरोस्ट्रनिज्म' जैसी प्राचीन सभ्यताओं से प्रभावित है जिसने दुनिया भर के धर्मों को बदलने में अपनी भूमिका निभाई। इसके बावजूद वे सामूहिक रूप से शताब्दियों के विदेशी दम और शोषण को याद रखते हैं जिसमें पश्चिम की साम्राज्यवादी आकांक्षायें तथा ईरानी लोकतंत्र के खिलाफ उनके इशारे पर किया विद्रोह भी शामिल है। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि विदेशी शक्तियों के प्रति ईरान का दृष्टिकोण निर्धारित करती है। इनमें अमेरिका भी शामिल है जो अक्सर लोकतांत्रिक सिद्धान्तों को वास्तव में समर्थन देने के बजाय अपने आर्थिक व रणनीतिक हितों से संचालित होता है। ईरान के विदेशी संबंधों को समझने के लिए उसकी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और भू-राजनीति को समझना जरूरी है जो उसकी नीतियों को स्वरूप देते हैं। पश्चिमी दुनिया से ईरान के संबंध शताब्दियों से उसके साथ संबंधों व टकरावों पर आधारित हैं जो वर्तमान समय में ईरान की विदेश नीति का निर्धारण करते हैं। ईरान की ऐतिहासिक विरासत अंतरराष्ट्रीय समुदाय से उसके संबंधों को परिभाषित करती है।

ईरानी क्रांति इतिहास में सत्ता संतुलन के महत्वपूर्ण अध्ययन का विषय है जहां विजयें भविष्य में प्रतिरोध के बीज बोती हैं। अनेक चुनौतियों के बावजूद ईरान ने समय बीतने के साथ अनेक क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। युनेस्को के आंकड़ों से स्पष्ट है कि ईरान में साक्षरता दर तथा जीवन प्रत्याशा में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इससे शिक्षा व स्वास्थ्यरक्षा के प्रति ईरान सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इसके साथ ही ईरान की अर्थव्यवस्था में व्यापक प्रगति हुई है। आज यह देश वैश्विक रैंकिंगों में महत्वपूर्ण स्थान बनाने के साथ ही अंतरिक्ष तकनीक जैसे क्षेत्रों में अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रहा है।

पश्चिम-समर्थक शक्तियों पर ईरान की 'इस्लामी क्रांति' की विजय ने न केवल ईरान की घरेलू राजनीतिक संरचना में व्यापक परिवर्तन किए हैं, बल्कि उसकी ध्वनि सारी दुनिया में सुनाई दे रही है। इससे पश्चिमी प्रभुत्व को चुनौती देने वाले अन्य आंदोलनों को प्रेरणा मिल रही है। दुर्भाग्य से पश्चिम के अनेक रणनीतिकार व नीति-निर्माता अपनी पूर्वाग्रही धारणाओं के चलते जल्दी से नतीजे निकाल लेते हैं। इसके परिणामस्वरूप लाल सागर में अशांति तथा पश्चिम एशिया में लंबे समय से उथलपुथल की स्थिति बनी हुई है। यह उथलपुथल फिलिस्तीन से लेकर सीरिया तक जारी है। लू शुन ने क्रांति की अवधारणा अपने लेखों में जोर दे कर बताई है कि यह इस उद्देश्य में निहित है- 'लोगों को मौत का सामना करने के बजाय उनका जीवन सुनिश्चित हो।'

# समाज सेवा और आध्यात्मिकता का संगम

> आध्यात्मिकता, संस्कृति और समाज सेवा सही लोगों के एक साथ मिलकर काम करती है।



**प्रभा गुप्ता**
(लेखिका, सामाजिक विषयों पर टिप्पणीकार हैं)

शायद ही कभी हम मानवता की भलाई के लिए आध्यात्मिकता, सेवा और संस्कृति का संगम देखते हैं। हालाँकि, जैसा कि वे कहते हैं, हर चीज़ के लिए हमेशा एक समय होता है। एक ही मंच पर आध्यात्मिक प्रमुखों का ऐसा संगम और भी दुर्लभ है। गीत भक्ति अमृत महोत्सव, एक आध्यात्मिक उत्सव, में स्वामी श्री गोविंद देव गिरिजी महाराज, श्री श्री रविशंकर, सुधांशुजी महाराज, श्रीमती राजश्रीजी बिड़ला, साध्वी ऋतंभराजी, आदरणीय श्री चिन्ना जीयर स्वामीजी महाराज और बाबा जैसे आध्यात्मिक गुरुओं और बुद्धिजीवियों की सम्मानित उपस्थिति देखी गई। सत्यनारायणजी मौर्य. विशेष रूप से, बाबा रामदेव और योगी आदित्यनाथ इस अवसर पर उपस्थित रहेंगे।

गीता भक्ति अमृत महोत्सव आध्यात्मिकता, समृद्ध भारतीय संस्कृति, देशभक्ति और भक्ति का एक अनूठा मिश्रण है। इस कार्यक्रम में 2500 वैदिक आचार्यों द्वारा हरिकीर्तन, पवित्र ग्रंथों के निरंतर जप और भागवत कथा के साथ 81 कुंडीय महायज्ञ का दिव्य दृश्य देखा गया। 450 से अधिक कलाकारों ने महाकाव्य रामायण और भारतीय संतों की परंपरा पर महानाट्य प्रदर्शन किया। यह आध्यात्मिक उत्सव दिव्य वैदिक विरासत, समृद्ध भारतीय संस्कृति और भक्ति को श्रद्धांजलि देता है।

इस आयोजन की जो बात अलग है, वह है सामाजिक मुद्दों पर इसका ज़ोर देना। गीता परिवार ने समाज में महिलाओं के महत्व और उन्हें सम्मान और सशक्त बनाने की हमारी मौलिक जिम्मेदारी को रेखांकित करने के लिए मातृशक्ति सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण पर गहन विचार-




विमर्श हुआ। देवाची आलंदी में गीता भक्ति अमृत महोत्सव में उपस्थित सभी लोगों को एकजुट करते हुए श्री राम जय राम, जय जय राम के गूंजते मंत्रों के साथ बाघवाड कथा की शुरुआत हुई।

कार्यक्रम के दौरान सामाजिक उत्थान और समाज के सशक्तिकरण के लिए समर्पित विभिन्न क्षेत्रों की बारह सफल महिलाओं को सम्मानित किया गया। गोविंद गिरजी महाराज ने टिप्पणी की, आज, जब हम इन बारह उल्लेखनीय महिलाओं का सम्मान करते हैं, तो आइए हम हमारी सांस्कृतिक विरासत के सार को दर्शाते हुए, समाज के कल्याण के लिए उनके मूल्यवान प्रयासों और अटूट प्रतिबद्धता को पहचानें।

अपने विचार साझा करते हुए, श्री श्री रविशंकर ने कहा, आपने ज्ञान के माध्यम से भारत के संत समुदाय को एकजुट किया है, और यह ज्ञान कोई और नहीं बल्कि दिव्य भगवान कृष्ण का है। आपका उत्सव, गीता भक्ति अमृत महोत्सव, एक संयोग नहीं बल्कि एक दिव्य व्यवस्था है। भक्त भगवत गीता पथ के भावपूर्ण मंत्रोच्चार में डूब गए जो गीत भक्ति अमृत महोत्सव का एक अनिवार्य हिस्सा था। एक ज्ञानवर्धक ज्ञानेश्वरोपासना सत्र हुआ, जहाँ गोविंद गिरजी महाराज ने ज्ञानेश्वर मौली की पूजा करके और उनकी शिक्षाओं पर विचार करके अपने शिष्यों को गहन ज्ञान प्रदान किया। कार्यक्रम में एक सकारात्मक माहौल छा गया क्योंकि वेदशास्त्र संवाद के माध्यम से समृद्ध गुरु-शिष्य परंपरा को पुनर्जीवित किया गया। देश भर से वैदिक विद्वानों ने इस सदियों पुरानी परंपरा के माध्यम से ज्ञान फैलाने के महत्व पर जोर दिया।

आध्यात्मिक कार्यक्रम में जगद्गुरु शंकराचार्य, स्वामी विजयेंद्र सरस्वती जी महाराज और आनंदमूर्ति गुरु मां जैसे दिग्गजों सहित श्रद्धेय आध्यात्मिक मार्गदर्शकों और बुद्धिजीवियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। गोविंद गिरजी महाराज ने कहा, गीता भक्ति अमृत महोत्सव आध्यात्मिक जागृति और ज्ञानोदय की यात्रा रही है। आलंदी की भूमि में श्रीमद्भगवद्गीता की दिव्य शिक्षाओं को देखना सम्मान की बात है। उन्होंने आगे श्री धीरेंद्रकृष्ण शास्त्री जी महाराज के बौद्धिक ज्ञान और युवाओं के बीच इस तरह के आध्यात्मिक ज्ञान की सार्वभौमिक अपील का उल्लेख किया, जो भक्तों के उत्साही अनुसरण में स्पष्ट है।

## आप की बात

### भारत की राजनीति

**भारत** प्रजातंत्र का अमृत महोत्सव मना रहा है और अब आम चुनाव की तैयारियां हो रही हैं। और भाजपा बड़ी पार्टी होने के बावजूद क्षेत्रीय दलों से गठबंधन कर रही है तो कांग्रेस व अन्य दलों ने भी आईएनडीआईए गठबंधन बनाया है। हालांकि, कुछ दल अपने बलबूते पर अकेले चुनाव लड़ने की घोषणा कर चुके हैं। कुल मिलाकर गठबंधन की राजनीति सिर्फ सत्ता तक पहुंचने का मार्ग बन चुकी है। इस बार भी भाजपा के बहुमत पाने के आसार बन रहे हैं। लेकिन इसके बावजूद वह क्षेत्रीय दलों को साथ ले रही है ताकि सशक्त सरकार दे सके। वह अपने नेतृत्व वाले गठबंधन-राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग का विस्तार करने के प्रयास भी कर रही है। दक्षिण भारत की राजनीति में गठबंधन राजनीति का प्रभुत्व है। हालांकि, सरसरी तौर से देखें तो गठबंधन की राजनीति में कोई बुराई नहीं है। लेकिन गठबंधन बनाकर सीटें जीतने के बाद उच्च पद को लेकर गठबंधन धर्म का त्याग कर दूसरे गठबंधन से जुड़ जाना मतदाताओं के साथ सरासर धोखाधड़ी है इस प्रवृत्ति पर रोक लगनी चाहिए। गठबंधन को अपना एजेंडा तथा चुनाव घोषणापत्र अलग से जारी करना चाहिए तथा गठबंधन तोड़ कर दूसरी पार्टी के साथ जाने को दलबदल विरोधी कानून के दायरे मे लाया जाना चाहिए।

– **विभूति बुपक्या,** खाचरोद

### भारत के रत्न

**कर्पूरी ठाकुर** और लाल कृष्ण आडवाणी के बाद अब पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह और पीवी नरसिम्हा राव एवं कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर एम.एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न देने की घोषणा की गई! यह पहली बार हुआ है कि किसी सरकार ने 1 महीने में पांच विभूतियों को भारत रत्न सम्मान से सम्मानित किया है। सवाल उठता है कि आजादी के बाद से अधिकांश भारत रत्न पुरस्कार राजनीति से जुड़े लोगों को ही दिए गए हैं। हालांकि, अन्य क्षेत्र के भी कुछ लोगों को यह सर्वोच्च पुरस्कार मिला है। इस बार भी पांच में मात्र एक वैज्ञानिक को भारत रत्न मिला। एक प्रधानमंत्री ने तो स्वयं ही अपने आप को भारत रत्न घोषित कर दिया था। अच्छा होगा कि भारत रत्न राजनेताओं के बजाय अविष्कारकों, वैज्ञानिकों, चिकित्सा वैज्ञानिकों, आदि को दिए जाएं। मोदी सरकार ने पद्म पुरस्कारों का एक प्रकार से लोकतांत्रीकरण किया है और ये अनेक अनाम लोगों को मिले हैं जो मीडिया की सुर्खियों से बहुत दूर थे। भारत रत्न पुरस्कार का सम्मान बढ़ाने के लिए जरूरी है कि इसे भी राजनीतिक नफा-नुकसान के बजाय भारत के अतीत, वर्तमान व संभवत: भविष्य को गौरवान्वित करने वाले महान लोगों को दिया जाए।

– **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### मोदी के काम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी को अपने शानदार कामों से 140 करोड़ भारतीयों का आशीर्वाद सदा मिलता रहेगा। सदियों की प्रतीक्षा के बाद भव्य श्रीराम मंदिर का निर्माण और उसमें रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा, मुस्लिम महिलाओं को तीन तलाक से मुक्ति तथा अनेक अन्य ऐसे कामों पर देश को तो गर्व है ही, सारी दुनिया भी गौरान्वित हो रही है। हमारा राष्ट्र सबका साथ व सबका विकास के रास्ते पर चल कर सबका विश्वास जीत रहा है। उन्होंने कर्पूरी ठाकुर तथा लालकृष्ण आडवाणी और चौधरी चरणसिंह, नरसिम्हाराव व एम. एस. स्वामीनाथन को भारत रत्न से सम्मानित करके हर व्यक्ति का दिल जीत लिया है। वैसे तो हमारा देश इस समय चहुंमुखी विकास कर ही रहा है, लेकिन इस समय बसंत-बहार से पहले देश में भारत-रत्न की बहार आ गई है। शायद ही देश के इतिहास में एक साथ इतने लोगों को भारत-रत्न से नवाजा गया होगा। भारत को लाइसेंस-परमिट राज से मुक्त कर प्रगति के पथ पर तेजी से बढ़ाने वाले नरसिम्हा राव को सम्मान इस दृष्टिकोण से भी महत्वपूर्ण है कि गांधी-नेहरू परिवार तक संकुचित कांग्रेस ने उनका शव तक कांग्रेस मुख्यालय में लाने नहीं दिया था। चरण सिंह के साथ स्वामीनाथन को भारत रत्न गांवों और देश के किसानों का भी सम्मान है।

–**शकुंतला महेश नेनावा,** इंदौर

### मोदी का आत्मविश्वास

**मोदी** के आलोचक कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री का भाजपा और एनडीए के बारे में इतनी सीटों की घोषणा करना अहंकार हो सकता है, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए यह मोदी का आत्मविश्वास है। जिस तरह विपक्षी इंडिया गठबंधन बिखरने लगा है और उसके घटक अलग-अलग दिशाओं में जा रहे हैं उससे लगता नहीं कि विपक्ष एकजुट होकर भाजपा या मोदी का सामना करने में सक्षम होगा। इसलिए अब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा और उसके नेतृत्व में राजग को हराना दिनेंदिन लगभग असंभव होता जा रहा है। यही मोदी के आत्मविश्वास का कारण है। भाजपा इस बार 1984 में कांग्रेस के पक्ष में आए चुनावी परिणामों को भी पीछे छोड़ना चाहती है जिसमे उसने 404 सीटें जीती थीं। हालांकि, अभी लोगों को मोदी के दावों पर पूरा विश्वास नहीं है, लेकिन 2014 में भाजपा ने 272 प्लस तथा 2019 में 300 पार का नारा दिया था और ये दोनों सही सिद्ध हुए। 2014 व 2019 के मुकाबले आज मोदी की छवि और मजबूत हुई है, देश की जनता और नौजवानों का उन पर विश्वास बढ़ा है तथा विपक्ष खस्ताहाल है।

– **बाल गोविंद,** नोएडा

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते हैं।**

# किसानों का दिल्ली कूच रोकने पर आम आदमी पार्टी ने जताया कड़ा विरोध

## अनुराग ढांडा बोले किसानो की मांग के अनुसार पार्टी उठाएगी कदम

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़



**आम** आदमी पार्टी हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ सुशील गुप्ता और वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने दिल्ली कूच करने वाले किसानो का रास्ता हरियाणा सरकार द्वारा पंजाब से लगती सीमा पर रोके जाने को लेकर सोमवार को यहां कड़ा विरोध जताया। डॉ सुशील गुप्ता ने कहा कि किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एमएसपी को कानून के दायरे में लाने का आश्वासन याद दिलाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं तो उनका रास्ता क्यों रोका जा रहा है।

डॉ सुशील गुप्ता से पहले पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने भी कहा कि किसान एमएसपी को लेकर अपनी बात रखने के लिए दिल्ली जाना चाहते है तो उनका रास्ता रोका जाना मौलिक अधिकार का हनन है।ढांडा ने कहा कि किसान संगठनों की मांग पर आम आदमी पार्टी हर मदद के लिए तैयार है।

गुप्ता ने कहा कि मोदी सरकार ने लंबे किसान आंदोलन के समाधान के लिए एमएसपी को कानून के दायरे में लाने का आश्वासन दिया था। लंबे इंतजार के बाद भी एमएसपी को कानून के दायरे में नहीं लाया गया तो किसान दिल्ली कूच करना चाहते है तो दो दिन पहले ही हरियाणा सरकार ने पंजाब से लगती सीमा पर उनके रास्ते बंद कर दिए।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार अपना वायदा पूरा करने के बजाय पुलिस और अर्ध सैनिक बल तैनात कर रास्ते बंद कर रही है।

कई जिलों में धारा 144लागू कर दी गई।इंटरनेट सेवाएं ठप कर दी गई है। अनुराग ढांडा ने कहा कि हरियाणा सरकार ने किसानो को रखने के लिए पंजाब सीमा पर बने स्टेडियम जेल में बदल दिए है। पिछले किसान आंदोलन के समय दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार ने स्टेडियम को जैल में बदलने की अनुमति नहीं दी थी।उन्होंने कहा कि देश का संविधान देश के किसी भी हिस्से मैं जाने की आजादी देता है। यह मौलिक अधिकार है।किसानो का रास्ता रोककर मौलिक अधिकार का हनन किया जा रहा है।लेकिन हरियाणा सरकार ने पिछले दस फरवरी से ही रास्ते बंद कर दिए।

रास्ते बंद किए जाने के कारण एचसीएस के 80फीसदी परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल नही हो सके।गांव गांव में धमकी दी जा रही है कि आंदोलन में शमिल होने वालो पर मुकदमे दर्ज किए जा रहे है।उनके पासपोर्ट रद्द किए जायेंगे।उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के पोर्टल सिस्टम से किसानो को कोई लाभ नहीं मिला। फसल बीमा पर ,1लाख 40हजार करोड़ प्रीमियम पर मात्र 38हजार करोड़ मुआवजा दिया गया।केंद्र सरकार ने उद्योग पतियों के 13लाख करोड़ के कर्ज माफ किए हैं तो किसानो के कर्ज क्यों माफ नही किए ।

### जिले में धारा 144 लागू आदेश जारी किए

**पानीपत।** जिलाधीश वीरेन्द्र कुमार दहिया ने भारतीय दंड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत तुरंत प्रभाव से जिला में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लागू करने के आदेश जारी किए है। ये आदेश पंजाब एवं हरियाणा के विभिन्न किसान संगठनों द्वारा अपनी मांगों को लेकर की गई घोषणाओं के तहत दिल्ली कूच को लेकर जारी किए गए हैं।

जारी आदेशों के तहत पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने, किसी भी प्रकार के इश्तेहार, पोस्टर लगाने, मीटिंग करने, पैदल या ट्रैक्टर ट्रालियों व अन्य वाहनों के साथ जुलूस निकालने, प्रदर्शन करने, मार्च पास्ट करने, लाठी, डंडा, हॉकी, भाला, कुल्हाड़ी, फरसा, जेली, रॉड, तलवार, ज्वलनशील पदार्थ व हथियार लेकर चलने, ट्रैक्टर या अन्य किसी भी वाहन पर डीजे या लाउडस्पीकर द्वारा भडक़ाऊ संगीत बजाने, ईंट, पत्थर के टुकड़े आदि लेकर चलने पर पाबंदी है।

## वेट लिफ्टिंग में आकाश झा, रितिक, रुद्र व रोहित ने मनवाया अपना लोहा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**राष्ट्रीय** प्रौद्योगिकी संस्थान कुरुक्षेत्र में वार्षिक खेल महोत्सव सिटियस 2024 के समापन समारोह का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता एवं राष्ट्रीय हॉकी टीम के खिलाड़ी सुरेंद्र सिंह रहे। सिटियस 2024 के तीसरे दिन डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रोफेसर दीक्षित गर्ग, प्रोफेसर इंचार्ज फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स डॉ पीसी तिवारी, प्रोफेसर त्रिलोकी एवं खेल अधिकारी शहाबुद्दीन,डा अमित मौजूद रहे। इस अद्वितीय खेल समारोह में बच्चों खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया एवं अपने प्रतिभा को साकार किया। 200 मीटर रेस में हिमांशु, अंकित यादव, रुद्र ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। वही %हैमर थ्रो% में हर्ष, अभय सिंह, प्रमोद ने अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की। %स्लो साइकिल% में लड़कों में निशांत, अमरीश, देवयांश व लड़कियों में रिया, तनिष्का,आरजू विजय रहीं। उसके पश्चात लड़कियों की 1 मील साइकिल रेस में कौशिकी, सुरभि, जुही सिंह एवं लड़कों की 3 मील साइकिल रेस में आशीष, पंकज, देवानंद विजय रहे। उसके बाद वेट लिफ्टिंग में आकाश झा, रितिक, रुद्र, रोहित ने अपना लोहा मनवाया। 4100 मीटर रिले रेस कल की अंतिम प्रतियोगिता थी, जिसमें दिलीप, सुशील, हिमांशु की टीम विजय रहीं। कार्यक्रम के अंत मे भी छात्रों में आने वाले दिनों में होनी वाली प्रतियोगिताओं लिए जोश देखने को मिला। प्रोफेसर पीसी तिवारी ने बताया कि एथलेटिक्स टीम्स से डिंपल ने कई खेलों में भाग लिया एवं उनके प्रतिभा को देखते हुए उनका चयन प्रतिभागी के रूप में आने वाले राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल वार्षिक खेल महोत्सव में हुआ है। डिस्कस थ्रो मैं ट्विंकल सोनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया।

### आदेश अस्पताल में की गई पैंक्रिएटिक कैंसर की सफल सर्जरी

**कुरुक्षेत्र।** आदेश अस्पताल व मेडिकल कॉलेज में पैंक्रिएटिक कैंसर की सफल सर्जरी की गई है। आदेश के अनुभवी चिकित्सक कैंसर सर्जन डा. रिपुदमन सिंह लुबाना और उनकी टीम द्वारा यह सर्जरी की गई है। इस सफल सर्जरी के लिए आदेश ग्रपु के चेयरमेन डा.एच.एस.गिल और एम.डी. डा. गुणतास सिंह गिल ने डा. रिपुदमन सिंह लुबाना व उनकी टीम की प्रशंसा की है और अस्पताल के लिए इसे विशेष उपलब्धि बताया है। यह जानकारी देते हुए डा. रिपुदमन सिंह लुबाना ने बताया कि पैंक्रिएटिक कैंसर से पीड़ित महिला आदेश अस्पताल में उपचार के लिए पहुंची थी जिसे पैंक्रिएटिक सर्जरी के बारे में बताया गया और महिला रोगी ने आप्रेशन के लिए सहमति जताई। सफल आप्रेशन के बाद रोगी महिला ने भी डॉ. लुबाना व उनकी टीम का आभार व्यक्त किया। डा. लुबाना ने बताया कि महिला की सर्जरी जिसे व्हिपल सर्जरी कहा जाता है जोकि सफल रही है।

## राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का सीमावर्ती क्षेत्रों का छठा दौरा 20 से

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़

**पंजाब** के राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित, 20 फरवरी से 23 फरवरी तक एक बार फिर सीमावर्ती क्षेत्रों के दौरे पर जाने वाले हैं। पिछले ढाई वर्षों में राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित का सीमावर्ती क्षेत्रों का यह छठा दौरा होगा। राज्यपालपठानकोट, गुरुदासपुर, अमृतसर, तरनतारन, फिरोजपुर और फाजिल्का के सीमावर्ती जिलों में जाएंगे। उनके इस यात्रा कार्यक्रम में उनके पिछले दौरों के बाद हुई प्रगति की समीक्षा करने और हाल के दिनों में सामने आए किसी भी नए मुद्दे के समाधान के लिए केंद्रीय एजेंसियों और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठकें शामिल हैं।

इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य केंद्रीय और राज्य एजेंसियों के बीच बाधाओं को दूर करने के लिए समन्वय बढ़ाना है। विशेष रूप से सीमा बुनियादी ढांचे, सुरक्षा, तस्करी और सीमावर्ती क्षेत्रों में मादक पदार्थों की तस्करी के खतरे से निपटने के क्षेत्र में समन्वय बनाना है।

राज्यपाल के एजेंडे में ग्राम रक्षा समितियों (वीडीसी) के साथ बातचीत भी शामिल है, जो सीमावर्ती क्षेत्रों में नशीले पदार्थों और अन्य सामाजिक बुराइयों से निपटने में सहायक साबित हुई हैं। इन कार्यवाहियों का उद्देश्य विभिन्न जन प्रतिनिधियों और प्रेस से जमीनी स्तर की जानकारी और प्रतिक्रिया जुटाना है, जिससे कि केंद्र और राज्य सरकार दोनों स्तरों पर सीमावर्ती क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न मुद्दों से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। इस महत्वपूर्ण सीमा दौरे में पंजाब के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), सेना, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) के प्रमुखों के साथ-साथ प्रत्येक जिले के संबंधित उपायुक्तों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीयों के शामिल होने की उम्मीद है।

### स्वयंसेवकों ने किया पौधरोपण

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशु राम कॉलेज में प्रोग्राम आफिसर वासवदता और डॉ. सुषमा वशिष्ठ के नेतृत्व में चल रहे सात दिवसीय कैंप के तीसरे दिन विद्यार्थियों ने गोद लिए गांव आलमपुर में कार्य किया। स्वयंसेवकों ने ग्राम पंचायत सभागार में गांव के गणमान्य व्यक्तियों से बातचीत की और विभिन्न मुद्दों पर विचार आदान-प्रदान किए। विद्यार्थियों ने गांव के स्कूल और स्कूल के बाहर अलग-अलग जगह पर 50 पौधों का रोपण किया। स्वयंसेवकों ने अलग-अलग समूह बनाकर गांव के विभिन्न हिस्सों में जाकर ड्रग्स के खिलाफ, पराली ना जलाने बारे, बेटी बचाओ - बेटी पढ़ाओ, बुजुर्ग और अनपढ़ व्यक्तियों के लिए साक्षरता हेतु जागरूकता रैलियां निकाली। इसके अलावा गांव की महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों से बातचीत कर उनके विचार सुने और अपने विचार साझा किए। इसके बाद स्वयंसेवकों ने पैनोरमा साइंस म्यूजियम और गुरुद्वारा छठी पातशाही का भी दौरा किया।

## 800 केवी थर्मल पावर प्लांट का प्रधानमंत्री करेंगे 16 फरवरी को ऑनलाइन शिलान्यास

### राजेश खुल्लर ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश, तैयारियों की समीक्षा की

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर




**अतिरिक्त** उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि 16 फरवरी को यमुनानगर में 800 केवी थर्मल पावर प्लांट का शिलान्यास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेवाड़ी जिले में आयोजित एम्स के शिलान्यास समारोह के अवसर पर ऑनलाइन करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर सोमवार को मुख्यमंत्री के सीपीएस राजेश खुल्लर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से आवश्यक निर्देश दिए।

अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 16 फरवरी को विधानसभा अनुसार प्रधानमंत्री को लाइव सुना जाएगा। इसके लिए सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। थर्मल पावर प्लांट के शिलान्यास कार्यक्रम के अवसर पर करीब 5 हजार लोगों को बुलाया गया है। इस कार्यक्रम में बुढ़ापा पैंशन व दिव्यांग पैंशन के लाभार्थियों को भी मौके पर पैंशन बना कर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का प्रसारण लाईव होगा जो कि बड़ी स्क्रीन पर दिखाया जाएगा।

उन्होंने बताया कि रादौर, जगाधरी व सढौरा विधानसभा क्षेत्र में भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। इन कार्यक्रमों में भी प्रधानमंत्री का सीधा प्रसारण सुना जाएगा। इसके लिए बड़ी-बड़ी स्क्रीन लगाई जाएगी ताकि लोगों को कोई दिक्कत न हो। अतिरिक्त उपायुक्त ने कार्यक्रम को सुचारू रूप से आयोजित करने के लिए सम्बंधित एसडीएम को जिम्मेदारी दी है। इस अवसर पर एसडीएम जगाधरी सोनू राम, एसडीएम रादौर चंद्रकांत कटारिया, छछरौली राजेश गुलिया, सीटीएम पीयूष गुप्ता, एसई हाईडल थर्मल पावर प्लाट राजेश पांचाल, सीएमओ डॉ. मनजीत सिंह मौजूद थे।

## विज बोले किसान संगठनों के साथ केंद्र के तीन मंत्रियों की बातचीत जारी

पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ



### शांति और सुरक्षा के लिए कदम उठाए

दिल्ली कूच करने वाले किसानो का रास्ता रोकने के सवाल पर हरियाणा के गृह मंत्री अनिल विज ने सोमवार को यहां कहा कि प्रदेश में शांति बनाए रखने और सुरक्षा के लिए जरूरी कदम उठाए गए है लेकिन किसानो के साथ केंद्र के मंत्रियों की पहले दौर की बातचीत हो चुकी है।उन्होंने कहा कि "बातचीत से बड़े-बड़े मसले हल हो जाते हैं और यह मसला भी हल हो जाएगा"। उन्होंने कहा कि "अपने प्रदेश के लोगों की सुरक्षा करने और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए हमें जो करना पडेगा, वह हम करेंगें"।

उन्होंने कहा कि वैसे भी किसान संगठनों के पदाधिकारियों के साथ बातचीत चल रही है और इसी कड़ी में केन्द्र सरकार के तीन मंत्री दिल्ली से चलकर चण्डीगढ आए हैं जिसके तहत पहले दौर की बातचीत हो चुकी है और दूसरे दौर की बातचीत होने जा रही है।

विज ने कहा कि किसान अन्नदाता है और देश के लगभग 140 करोड़ लोगों का पेट भरता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मानते है कि गरीब, महिलाएं, युवा और अन्नदाता (किसान) पर हमें फोकस करना होगा और इस संबंध में उन्होंने बल देने को कहा है।

## यमुनानगर में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए धारा 144 लगाने के आदेश जारी

पायनियर समाचार सेवा। यमुनानगर

**जिलाधीश** कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा किसान मजदूर मोर्चा ने अपनी मांगों को लेकर दिल्ली कूच की काल की है और 13 फरवरी को दिल्ली की तरफ मार्च निकालने की घोषणा की है। इस जिला में कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा वर्ष 2020, 2021,2022 व 2023 में भी धरना प्रर्दशन किया तथा सडक़ों पर जाम लगाया गया। जिसके कारण आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ा। इन तमाम विषयों को ध्यान में रखते हुए जिला में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए 14 फरवरी 2024 तक धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए गए है।

जिलाधीश ने जारी आदेशों में कहा कि जिला में पांच या पांच से ज्यादा लोगों को एक जगह एकत्रित करने की इजाजत नहीं दी जाएगी, जिला में पैदल, वाहनों या किसी भी तरह से जलूस प्रोसेशन करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। किसी व्यक्ति व समूह को पैदल, ट्रैक्टर ट्राली, कार, ट्रक, दोपहिया वाहन, मोडिफाइड ट्रैक्टर, जेसीबी, हाइड्रा आदि वाहनों से संपत्ति को नुकसान पहुंचाने और शांति व्यवस्था भंग करने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को लाठी, डंडा, तलवार, संदेनशील ज्वलन पदार्थ रखने तथा किसी भी प्रकार का हथियार रखने व ले जाने की इजाजत नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि जिला में कानून व्यवस्था बनाएं रखने व आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 14 फरवरी तक धारा 144 लगाने के आदेश जारी किए गए है। यह आदेश पुलिस व ड्यूटी करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू नहीं होंगें। उन्होंने कहा कि जिला में किसी भी शरारती व्यक्ति को आदेशों की अवहेलना नहीं करने दी जाएगी। जो व्यक्ति आदेशों की अवहेलना करेगा उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान शुरू, विधायक व पार्षदों ने घर-घर जाकर किया लोगों से संपर्क

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**हरियाणा** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान को लेकर आज गढ़ी घसीटा स्थित पंजाबी चौपाल में बैठक का आयोजन किया गया। इसके उपरांत डोर टू डोर पहुंचकर घर-घर कांग्रेस, हर घर कांग्रेस अभियान के तहत कांग्रेस पार्टी के संकल्पों के बारे में डोर टू डोर जाकर लोगों को अवगत करवाया गया। कार्यक्रम को सोनीपत से कांग्रेसी विधायक सुरेन्द्र पंवार, मेयर निखिल मदान, सिनियर डिप्टी मेयर राजीव सरोहा, डिप्टी मेयर मनजीत गहलावत, वार्ड 20 की निगम पार्षद नीतू दहिया व अन्य वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं ने शिव नगर, गढ़ी घसीटा, गोपाल नगर आदि कालोनियों में घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों से लोगों को अवगत कराया। प्रचार के दौरान कांग्रेसी नेताओं ने कहा कि युवा रोजगार के अवसरों के लिए तरस रहे हैं, कर्मचारी सड़कों पर संघर्ष कर रहे हैं, सभी वर्गों को परेशानी हो रही है।



कांग्रेस की नीतियों का घर-घर प्रचार करते कांग्रेसी नेता।

## ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में खिलाड़ी अर्जुन राठी ने जीता सिल्वर पदक

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**चंडीगढ़** में आयोजित ऑल इंडिया लॉन टेनिस चैंपियनशिप में लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत के होनहार खिलाड़ी अर्जुन राठी ने फाइनल मैच में चंडीगढ़ के परमवीर से 3-6, 3-6 के स्कोर से खेलते हुए सिल्वर पदक जीता। प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 110 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अर्जुन की सीनियर स्तर पर इस जीत पर अर्जुन के अभिभावक अत्यंत खुश थे। उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रशासन द्वारा प्रदान की जा रही अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेल सुविधाओं के कारण ही यह संभव हो सका। अर्जुन राठी की इस शानदार जीत पर विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ विशाल गर्ग एवं प्रधानाचार्या आशा गोयल ने बधाई दी तथा भविष्य में भी शानदार खेल प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया।



टेनिस चैंपियनशिप खिलाड़ी अर्जुन राठी मेडल के साथ।

## भारत में 500 सबसे मूल्यवान निजी कंपनियों की सूची का तीसरा संस्करण जारी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**बरगंडी** प्राइवेट, एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस और हुरून इंडिया ने '2023 बरगंडी प्राइवेट हुरून इंडिया 500' लॉन्च किया, जो भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची का तीसरा संस्करण है। इन कंपनियों को उनके मूल्य के अनुसार स्थान दिया गया है, जिसे सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाजार पूंजीकरण और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए मूल्यांकन के रूप में परिभाषित किया गया है। इस सूची में कंपनियों को शामिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 थी। यह सूची में केवल भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को शामिल किया गया है। इसमें सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियां और विदेशी या भारतीय कंपनियों की सहायक कंपनियां शामिल नहीं हैं। सूची में शामिल होने के लिए, कंपनियों के पास न्यूनतम 6,700 करोड़ रुपये का मूल्य होना आवश्यक है, जो 807 मिलियन अमेरिकी डॉलर के बराबर है। बरगंडी प्राइवेट हुरून इंडिया 500 में कंपनियों की औसत परिचालन अवधि 38 साल है। 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरून इंडिया 500 कंपनियों का कुल मूल्य 231 लाख करोड़ रुपये (2.8 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर) है, जो 2021 में प्रकाशित उद्घाटन संस्करण की तुलना में सपाट रहता है।

इस सूची के लॉन्च पर अपनी टिप्पणी में, एक्सिस बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अमिताभ चौधरी ने कहा : "बरगंडी प्राइवेट को भारत की 500 सबसे अधिक मूल्यांकन वाली कंपनियों की सराहना के लिए हुरून इंडिया के साथ फिर से साझेदारी करके खुशी हो रही है। रिपोर्ट का तीसरा संस्करण विकास की चुनौतीपूर्ण दुनिया में भारतीय व्यवसायों में निहित लचीलेपन, गतिशीलता और प्रतिस्पर्धी भावना को दर्शाता है। प्रतिकूल परिस्थितियों- जैसे कि राजकोषीय पुनर्गठन जारी रहना, उच्च घरेलू ब्याज दरें, तरलता की दिक्कतें, साथ ही निर्यात धीमा होना के बावजूद भारत की आर्थिक वृद्धि प्रभावशाली रही है। भारतीय कंपनियां और उनका नेतृत्व आज देश की अद्वितीय स्थिति में उनके योगदान के लिए बहुत प्रशंसा के पात्र हैं। जैसे-जैसे भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की ओर बढ़ रहा है, चाइना प्लस 1, एमएसएमई और 'भारत' जैसे उभरते रूझानों का लाभ उठाना महत्वपूर्ण होगा जो देश के लिए विकास के इंजन के रूप में काम करेंगे।

## आ अब लौट चलें : शराब पीने के बाद साथियों में घर लौटने की बात पर हुई बहस में गोली और चाकू चलने से तीन गंभीर घायल

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक

**रोहतक** पीजीआई में दो अलग-अलग घटनाओं में घायल हुए तीन लोगों को दाखिल करवाया गया। घायल तीनों में दो को गोली लगी थी और तीसरे के पैरों व गले पर चोट लगी है। रोहतक के सुखपुरा चौक पर दो दोस्तों को गोलियां मारी गई जबकि दूसरी घटना में शराब पी रहे दोस्त ने अपने ही साथी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। तीनों घायलों को लहूलुहान हालत में पीजीआई रोहतक में दाखिल करवाया गया है। जहाँ तीनों की हालत गंभीर बानी हुई है। वहीं, दोनों वारदातें सदर थाना क्षेत्र की हैं और वारदात का पता लगते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर जांच कर रही है।

पहली घटना सुखपुरा चौक स्थित एक होटल के बाहर हुई है। दो गुटों में आपसी विवाद में आपसी विवाद के चलते फायरिंग हुई है। एक गुट ने दूसरे पक्ष पर फयरिंग की और दो युवकों को गोली मार दी गई। गोली लगने से घायल हुए युवकों को उपचार के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। फिलहाल हमला करने वाले अज्ञात हैं। घायलों की पहचान गांव खिड़वाली निवासी करीब 27 वर्षीय अजय हुड्डा व राजीव कॉलोनी निवासी करीब 25 वर्षीय शिव के रूप में हुई है। दोनों का फिलहाल उपचार चल रहा है। पुलिस की जांच के अनुसार रविवार-सोमवार रात को यह वारदात हुई है। वहीं, दोनों युवक शिव व अजय हुड्डा रात को सुखपुरा चौक स्थित एक होटल में पार्टी कर रहे थे। रात को पार्टी खत्म करने के बाद घर जाने के लिए होटल से बाहर आए। होटल के सामने रोड पर खड़ी अपनी गाड़ी के पास जब वह पहुंचे तो उनकी वहां पहले से खड़े कुछ युवकों के साथ बहस हो गई। इसके बाद दूसरे पक्ष के युवकों ने उन पर गोलियां चलानी शुरू कर दीं।

इस दौरान शिव और अजय को गोली जा लगी। वारदात को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए।

वही दूसरी वारदात गांव खिड़वाली गांव की है जिस में एक किसान की चाकू से गर्दन काटने का मामला सामने आया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि आरोपी व घायल व्यक्ति दोनों बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान दोनों के बीच झगड़ा हो गया। वहीं आरोपी ने चाकू उठाकर किसान की गर्दन पर वार कर दिया। वह आरोपी के घर के बाहर खून से लथपथ अवस्था में पड़ा हुआ मिला। सूचना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया। किसान के पैरों पर भी डंडे मारने के निशान हैं। वारदात की सूचना पुलिस को दी गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव खिड़वाली निवासी रेखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका पति शीलू खेतीबाड़ी करता है व उसके पति को गांव के ही पवन ने चोट मारी है। घायल शीलू को इलाज के लिए रोहतक पीजीआई में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि पवन ने शीलू की गर्दन चाकू से काटी है। साथ ही पैरों पर भी डंडे मारे हुए हैं। आरोपी ने जान से मारने की नीयत से गर्दन काटी है। पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी।

पुलिस ने बताया कि हमला करने के आरोपी पवन को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को अदालत में पेश करके एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। जांच में बताया गया कि रात को वह अपने प्लाट में शीलू के साथ बैठकर शराब पी रहा था। इसी दौरान दोनों के बीच झगड़ा हो गया और शीलू को घर जाने के लिए कहा। लेकिन शीलू घर नहीं गया।



घायल को पीजीआई रोहतक में दाखिल करवाते परिजन।

# मुख्यमंत्री और प्रदेशाध्यक्ष ने सभी को दिलाई भाजपा की सदस्यता

## भाजपा में आने वाले सभी लोगों का पूरा मान सम्मान होगा: नायब सैनी

पायनियर समाचार सेवा। रोहतक



भाजपा प्रदेश कार्यालय में अन्य पार्टी व खिलाड़ियों को सदस्यता दिलवाते भाजपा नेता व मुख्यमंत्री

**लोकसभा** चुनाव से पहले भाजपा में एक के बाद एक बड़ी ज्वाइनिंग हो रही है। सोमवार को रोहतक में पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा और हरियाणा विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष आजाद मोहम्मद जैसे प्रदेश के बड़े राजनीतिक चेहरों और भीम अवार्डी मुक्केबाज स्वीटी बूरा, अर्जुन अवार्डी कबड्डी खिलाड़ी दीपक हुड्डा जैसी खेल हस्तियों सहित 100 से अधिक प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी भारतीय जनता पार्टी में आस्था जताते हुए पार्टी की सदस्यता ली। स्वयं हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सिंह सैनी ने सभी को भाजपा का पटका पहनाकर भाजपा की सदस्यता दिलाई। यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल और प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने अपने भाषणों में इशारा दिया कि लोकसभा चुनाव से पहले और भी अनेक बड़ी राजनीतिक हस्तियां भाजपा का दामन थामेगी।

भाजपा ज्वाइन कराने के लिए भाजपा कार्यालय पर आयोजित सदस्यता ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन महत्वपूर्ण लोगों ने भाजपा ज्वाइन की है, वे एक अच्छे मंच के अभाव में आगे नहीं बढ़ पा रहे थे, लेकिन अब ये सभी सही मंच पर आ गए हैं और सबका मान सम्मान करना हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने पार्टी ज्वाइन करने वाले सभी नेताओं से कहा कि पहले यह क्षेत्र राजनीतिक दृष्टि से भाजपा के लिए थोड़ा सूखा रहा है, लेकिन आप सबके आने से अब ये इलाका हरा-भरा हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस जब बनी तो उद्देश्य भारत को आजाद कराना था और उद्देश्य पूरा होने पर गांधी जी ने भी कांग्रेस को समाप्त करने की बात कही थी। गांधी जी ने कहा थी कि कांग्रेस आजादी के बाद भी रहेगी तो अनेक समस्याएं पैदा होंगी तथा कांग्रेस चल नहीं पाएगी। आज कांग्रेस की सबसे बड़ी समस्या ऊंच-नीच व परिवारवाद की है। आज स्थिति वही है कि कांग्रेस देश में लगभग समाप्त हो गई है। कांग्रेस में जो अच्छे लोग हैं, उन्हें अच्छा रास्ता दिखाई देता है तो वे इस पर चल देते हैं। आज भी सभी ने भाजपा ज्वाइन कर इन सभी ने अच्छा रास्ता चुना है। इसलिए सभी का भाजपा में स्वागत है और सबका पूरा मान सम्मान किया जाएगा।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कांग्रेस पार्टी पर प्रहार करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी कभी वंशवाद/परिवारवाद से बाहर नहीं निकल पाई। सन् 1975 में आपातकाल के दौरान देश में लोकतांत्रिक मूल्यों को तिलांजलि दी गई। उन्होंने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा को शून्य बताते हुए कहा कि इस पार्टी ने केवल भ्रष्टाचार की विचारधारा को आगे बढ़ाया है, जिससे देश की जनता त्रस्त हो गई। उन्होंने कहा कि अब भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इच्छा को पूर्ण करते हुए कांग्रेस मुक्त भारत बन गया है।

मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद देश व प्रदेश में शासन व्यवस्था में व्यापक बदलाव किया गया है। एचसीएस से एक आईएएस प्रमोट करने की शक्ति का अब उन्होंने पारदर्शी बनाते हुए मेरिट के आधार पर चयन किया जाता है। मनोहर लाल ने सदस्यता ग्रहण समारोह को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इस इलाका में पार्टी का पहले सुखा था, जो आज कुछ नेताओं व कार्यकर्ताओं के भाजपा में शामिल होने से अब यह इलाका हरा-भरा हो गया है। उन्होंने पार्टी में शामिल होने वाले पूर्व मंत्री कृष्णमूर्ति हुड्डा, विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष आजाद मोहम्मद, पूर्व कबड्डी कप्तान दीपक निवास हुड्डा, बॉक्सर स्वीटी बूरा, सतीश यादव, मोहित धनवंतरी, साहिल मग्गू, तकदीर सिंह नरवाल, पंकज शर्मा, केशव हुड्डा, गौरव हुड्डा तथा सभी हजारों समर्थकों का खुले दिल से स्वागत करते हुए कहा कि अब सब मिलकर पार्टी का परचम लहरायेंगे। उन्होंने प्रदेश के किसानों, जवानों व पहलवानों के योगदान की भी सराहना की।

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं लोकसभा सांसद नायब सिंह सैनी ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा, प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की नीतियों को स्वीकार करते हुए पार्टी में शामिल होने वाले सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं का पूरा मान-सम्मान किया जायेगा। सरकार द्वारा देश व प्रदेश में शासन प्रणाली को बेहतर बनाया गया है। उन्होंने प्रदेश के खिलाडियों को देश के हीरे की संज्ञा देते हुए बधाई दी।


ज्योतिसर अनुभव केंद्र कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करती एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा।

# गीता स्थली ज्योतिसर बनेगा विश्व का बेहतरीन पर्यटन स्थल : सुधा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र

**विधायक** सुभाष सुधा ने कहा कि गीता स्थली ज्योतिसर विश्व का सबसे बेहतरीन पर्यटन स्थल के रुप में अपनी पहचान बनाएगा। इस स्थल को विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल बनाने का सारा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मनोहर लाल को जाता है। इस ज्योतिसर अनुभव केंद्र का उद्घाटन 16 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेवाड़ी से आनलाइन प्रणाली से करने जा रहे है। इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में कार्यकर्ता शिरकत करेंगे। विधायक सुभाष सुधा ने यहां सेक्टर-7 आवास कार्यालय पर बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा सरकार की तरफ से गीता स्थली ज्योतिसर में महाभारत थीम पर आधारित प्रोजेक्ट का निर्माण किया जा रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत एग्जिबिशन आर्टिस्टिक, थीमेटिक, मल्टीमीडिया, नरेटिव जो कि महाभारत थीम पर आधारित होंगी। इस प्रोजेक्ट के लिए मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से 205.58 करोड़ रुपये की राशि का बजट तय किया गया। इस प्रोजेक्ट में से गैलरी 1 और 2 बनकर तैयार हो चुकी है। इसे ज्योतिसर अनुभव केंद्र का नाम दिया गया है। इस ज्योतिसर अनुभव केंद्र पर करीब 65 करोड़ रुपये का खर्च आया है। उन्होंने कहा कि ज्योतिसर को पर्यटन मंत्रालय भारत सरकार की तरफ से भी स्वदेश दर्शन योजना के तहत श्रीकृष्ण सर्किट में शामिल किया गया। इस योजना के तहत भारत सरकार की तरफ से ब्रह्मसरोवर, ज्योतिसर तीर्थ, नरकातारी, सन्निहित सरोवर और शहर के विकास कार्यों को शामिल किया गया। इसके लिए 8054.70 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई। इसके अलावा ज्योतिसर में महाभारत थीम के भवनों के लिए भी योजना के तहत 3526.17 लाख रुपये की राशि स्वीकृत की गई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मनोहर लाल का आभार व्यक्त करते हुए सराहना की।

### एडीसी डॉ. वैशाली शर्मा ने ज्योतिसर अनुभव केंद्र कार्यक्रम स्थल का किया निरीक्षण

एडीसी डा. वैशाली शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेवाड़ी से आनलाइन प्रणाली से ज्योतिसर अनुभव केंद्र का उद्घाटन करेंगे। इस कार्यक्रम स्थल पर तैयारियों का जायजा लिया गया और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागों के अधिकारी अपने-अपने विभाग से संबंधित तैयारियों को समय रहते पूरी करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सरबत के भले को करवाया श्री सुखमणि साहिब जी का पाठ



**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** निष्काम सेवा सोसायटी के वरिष्ठ उपप्रधान जगदेव सिंह गाबा ने सरबत के भले हेतु श्री सुखमणि साहिब जी का पाठ करवाया। कार्यक्रम में हरियाणा शूगरफैड के चेयरमैन एवं शाहाबाद विधायक रामकरण, अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष जसबीर सिंह दुग्गल, हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रवक्ता कवलजीत सिंह अजराना, हेमकुंड साहिब सेवा सोसायटी कुरुक्षेत्र के प्रधान तजिंदर सिंह मक्कड़, भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्या बीबी करतार कौर, पूर्व मंत्री कृष्ण बेदी के पुत्र गौरव बेदी, नगर पालिका शाहाबाद के पूर्व प्रधान हरीश क्वातरा और जिला कष्ट निवारण समिति के पूर्व सदस्य बलदेव सिंह गाबा ने विशेष रूप से शिरकत की। गुरुद्वारा शहीद बाबा दीप सिंह जी की सेवादार बीबी इंद्रजीत कौर के जत्थे और स्त्री सत्संग सभा ने श्री सुखमणि साहिब जी के पाठ के उपरांत कीर्तन किया। ज्ञानी खुशप्रीत सिंह और ज्ञानी गुरप्रीत सिंह ने गुरबाणी कथा द्वारा संगत को निहाल किया। समापन पर सरबत के भले हेतु गुरु चरणों में अरदास की गई। इस उपरांत माता निहाल कौर और जगदेव सिंह गाबा को सिरोपा पहना कर सम्मानित किया गया। गाबा ने आई संगत का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि उनके पिता स्व. कर्म सिंह गाबा हर वर्ष मार्गशीर्ष महीने में श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी का शुक्राना करने के लिए पाठ कराया करते थे। इसी परंपरा को वे आज भी निभा रहे हैं। इस अवसर पर नगर पार्षद नवनीत कौर तनेजा, ईशु सचदेवा, निशा ठकराल, बलदेव राज सेठी, आरडी गुप्ता, पार्षद प्रतिनिधि कुलवंत शर्मा, जसबीर सैनी, ललित भार्गव , भाजपा नेता मुलख राज गुंबर, महल सिंह भिंडर, निर्मल सिंह विर्क, नरिंद्र सिंह गिल, मनीष भाटिया, जसपाल सिंह दुग्गल, यशपाल वधवा, अमरजीत सिंह छाबड़ा, रंजीत सिंह गाबा, नवनीत सिंह गाबा, डा. गुरदीप सिंह हेर, सुरिंद्र पाल सिंह लाली, परवेश शर्मा बीएसएनएल और निष्काम सेवा सोसायटी के मेंबर्स मौजूद रहे।

### स्वामी दयानंद ने हमें वेदों की ओर लौटो का नारा दिया



**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज के राजनीतिक विज्ञान विभाग एवं एनएसएस प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में स्वामी दयानंद सरस्वती जी की जंयती मनाई गई। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रामपाल सैनी ने स्वामी दयानंद सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उनको नमन करते हुए कहा कि वह भारतीय दार्शनिक, सामाजिक नेता और आर्य समाज के संस्थापक थे। उनका जन्म 12 फरवरी 1824 को गुजरात के टंकारा में हुआ था। उन्होंने कहा कि स्वामी दयांनद सरस्वती ऐसे पहले व्यक्ति थे जिन्होंने 1876 में भारत भारतीयों के लिए स्वराज का नारा बुलंद किया था। डॉ. आरपी सैनी ने कहा कि स्वामी दयानंद सरस्वती जी द्वारा रचित प्रसिद्ध कृति सत्यार्थ प्रकाश आज भी आम जनमानस को जागरूक करने का काम करती है। स्वामी दयांनद जी ने हमें वेदों की ओर लौटों का नारा दिया था।

### रवीना राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन रंगोली मेकिंग में रही प्रथम



**कैथल ।** आईजी कैथल बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा रवीना ने राष्ट्र स्तरीय ऑन लाइन रंगोली मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाकर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कालेज की प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग ने बताया कि मुकुंद लाल नेशनल कॉलेज यमुनानगर के लीगल लिटरेसी सैल द्वारा राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर विभिन्न गतिविधियां करवाई गई जिसके परिणाम 10 फरवरी को घोषित किए गए। इसमें रंगोली प्रतियोगिता में कॉलेज की छात्रा रवीना ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए पुरस्कार स्वरूप 500 नकद व सर्टिफिकेट प्राप्त किया। प्रबंधक समिति के प्रधान, आरबी खुरानिया ने छात्रा को पुरस्कार देकर सम्मानित किया और ऐसे ही विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेते रहने के लिए प्रेरित किया। मौके पर सांयकालीन सत्र की प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर, लीगल लिटरेसी सैल के इंचार्ज अलका गोयल, सपना व अरुणा उपस्थित रहे।

# किसान आंदोलन के दृष्टिगत डीसी, एसपी ने किया टटियाना नाके का दौरा


दौरे के दौरान जरूरी हिदायतें देते हुए डीसी व एसपी।

पायनियर समाचार सेवा। कैथल

**आगामी** 13 फरवरी को विभिन्न किसान संगठनों ने प्रस्तावित दिल्ली कूच का आह्वान किया गया है जिसके दृष्टिगत डीसी प्रशांत पंवार, एसपी उपासना आदि ने टटियाना नाका का दौरा किया और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि आंदोलन की आड़ में छुपे उपद्रवियों पर काबू पाने के लिए प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी की गई हैं। जिला प्रशासन सदैव नागरिकों को सुरक्षा प्रदान करने तथा शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए तत्पर हैं। आंदोलन की आड़ में शरारती तत्वों को किसी भी प्रकार की शरारत नहीं करने दी जाएगी।

उन्होंने आम जन से आह्वान किया कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान नहीं दें। जिला प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। इस मौके पर एडीसी सी. जया श्रद्धा, एसडीएम कृष्ण कुमार, डीसीपी गोहाना रविंद्र तोमर, नायब तहसीलदार आशीष आदि मौजूद रहे।

### सरकार किसानों से बातचीत करके उनकी समस्याओं का हल करे : त्रिलोचन

**करनाल।** जिला कांग्रेस संयोजक त्रिलोचन सिंह ने मोदी और मनोहर सरकार को किसान विरोधी सरकार करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने देश को बांटने का काम किया है। किसानों के साथ धोखा किया गया है। अब किसान अपनी आवाज उठाने के लिए दिल्ली जाना चाहते हैं उन्हें रोकने के लिए मनोहर सरकार ने हरियाणा में सभी बोर्डर्स को सील कर दिया है। उन्होंने सवाल किया कि क्या भाजपा सरकार किसानों को अपने देश का नागरिक नहीं मानती। अगर मानती है तो किसानों को दिल्ली जाने से क्यों रोका जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हरियाणा में दहशत पैदा कर दी है। किसान, मजदूर और कर्मचारियों का शोषण किया जा रहा है। आम आदमी को भी परेशान किया जा रहा है। त्रिलोचन सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसान आंदोलन खत्म करवाने के लिए जो वादे किए थे उन्हें पूरा नहीं किया गया। यही वजह है कि किसान आंदोलन कर रहे हैं।

# नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मनाया बसंत पंचमी त्योहार

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र



**नवयुग** सीनियर सैकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में बसंत पंचमी का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से द्वादश के विद्यार्थियों ने माता सरस्वती का पूजन किया तथा माता सरस्वती का आशीर्वाद प्राप्त किया। कक्षा नर्सरी से द्वितीय के विद्यार्थियों ने पीले रंग के पारम्परिक वस्त्र पहन कर तथा पीला भोजन करके इस पर्व का आंनद लिया। कक्षा नर्सरी तथा एल के जी के विद्यार्थियों ने पतंग में रंग भरा, कक्षा यूकेजी के विद्यार्थियों ने थंब प्रिंटिंग के माध्यम से सूरजमुखी का फूल बनाया। कक्षा प्रथम और द्वितीय के विद्यार्थियों ने पेपर टियरिंग करके पतंग बनाई। कक्षा तृतीय से पंचम के विद्यार्थियों ने काईट मेकिंग प्रतियोगिता में भाग लिया तथा सुन्दर पतंगें बनाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस प्रतियोगिता में कक्षा तृतीय से जसमीत प्रथम वंशिका, द्वितीय कनिका दीपांशी तृतीय स्थान पर रहे। सभी प्रतिभागियों को प्रतिभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने बताया कि वसंत पंचमी हर साल हिंदू चंद्र कैलेंडर के अनुसार माघ माह के शुक्ल पक्ष के पांचवें दिन मनाई जाती है, जो आमतौर पर जनवरी के अंत या फरवरी में आती है। यह त्योहार विशेष रूप से भारतीय उपमहाद्वीप, विशेषकर भारत और नेपाल में मनाया जाता है। दक्षिणी राज्यों में उसी दिन को श्री पंचमी कहा जाता है। इस अवसर पर विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य देवेन्द्र अरोड़ा, उप प्रधानाचार्या रिद्धिमा, कोआर्डिनेटर ॠतु, मुख्याध्यापिका प्रीति मिश्रा, अध्यापिका मंजीत, स्वाति, नैंसी, सीमा, परम ज्योति, नीतू, सोनिया, गरिमा, पायल, हरिंदर, रिहाना, मधु, पूनम, आशा, अंजलि, मोनिका, विभा, रीना, स्नेह, अध्यापक जसमेर, शक्ति प्रकाश, इशांत, विशाल सहित स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

# कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड ने स्टॉक स्प्लिट व बोनस की घोषणा की

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कैप्री** ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड को आईआरडीएआई से कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस हासिल हुआ। कंपनी कारोबार बढ़ाने के लिए बीमा प्लेटफॉर्म विकसित करने की योजना बना रही है। कंपनी 'मोस्ट कंसिस्टेंट वेल्थ क्रिएटर' के रूप में उभरी है। एमएसएमई, अफोर्डेबल हाउसिंग, कंस्ट्रक्शन फाइनेंस सेगमेंट जैसे विविध क्षेत्रों में कार्यरत विविधीकृत गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड के निदेशक मंडल ने स्टॉक स्प्लिट और शेयरधारकों को 1 इक्विटी शेयर पर 1 बोनस शेयर देने की मंजूरी दे दी है। वित्त वर्ष 2024 की तीसरी तिमाही में कंपनी ने वित्त वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही में अर्जित 37.4 करोड़ रुपए के मुकाबले 81.7 फीसदी अधिक 68 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ अर्जित किया है और कंपनी का एयूएम 2023 की तीसरी तिमाही में दर्ज 8654.5 करोड़ रुपए के मुकाबले 54.4 फीसदी बढ़कर 13,362.1 करोड़ रुपए दर्ज किया गया है। कैप्री ग्लोबल एक विविध गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी है, जिसकी उपस्थिति एमएसएमई, किफायती आवास, निर्माण फाइनेंस सेगमेंट और कार ऋण वितरण जैसे विविध और उच्च विकास क्षेत्रों में है। कंपनी ने 2022 के अगस्त माह को गोल्ड लोन में भी कदम रखा था। कंपनी पहली पीढ़ी के उद्यमी, राजेश शर्मा द्वारा प्रवर्तित है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में 124 बिलियन रुपये का एयूएम दर्ज किया है। 31 दिसंबर 2023 तक प्रमोटर ग्रुप के पास कंपनी में 69.89 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। कंपनी को 16 जनवरी 2024 के दिन जीवन, सामान्य और स्वास्थ्य बीमा उत्पादों को वितरित करने के लिए भारतीय बीमा नियामक और विकास प्राधिकरण से दिसंबर 2023 में जारी समग्र कॉर्पोरेट एजेंसी लाइसेंस प्राप्त हुआ है।

मोतीलाल ओसवाल की 28वीं वार्षिक वेल्थ क्रिएशन अध्ययन रिपोर्ट 2018-2023 में कंपनी 'मोस्ट कंसिस्टेंट वेल्थ क्रिएटर' के रूप में उभरी है। कंपनी के शेयर की कीमतों ने 50 प्रतिशत की उच्चतम सीएजीआर हासिल की है। इस अवधि में कंपनी सबसे तेजी से धन सृजन करने वाली कंपनियों में से एक रही है। बीमा व्यवसाय में प्रवेश करते हुए, कंपनी ग्राहकों तक बीमा उत्पादों और सेवाओं को पहुंचाने के तरीके में प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने, बीमा समाधान देने के लिए डेटा एनालिटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉकचेन का उपयोग करने की योजना बना रही है। इससे कंपनी को आईआरडीएआई के '2047 तक भारत का बीमा' मिशन में अत्यधिक योगदान करने में मदद मिलेगी। कंपनी का मूल उद्देश्य बीमा के लिए ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण प्रदान करना है। वित्त वर्ष 2025 में बीमा क्रॉस-सेल से 200 मिलियन रुपये की शुद्ध शुल्क आय हासिल होने की उम्मीद है।

# ॠषिहुड यूनिवर्सिटी और एमआईजीएम ने रणनीतिक सहयोग बनाया



पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत

**ॠषिहुड** यूनिवर्सिटी (आरयू) ने जापान के मत्सुशिता इंस्टीट्यूट ऑफ गवर्मेंट एंड मैनेजमेंट (एमआईजीएम) के साथ एक महत्वपूर्ण सहयोग की घोषणा की। इस साझेदारी को 8 फरवरी, 2024 को एमआईजीएम से आरयू के सोनीपत परिसर में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल की उल्लेखनीय यात्रा के दौरान औपचारिक रूप दिया गया था। सहयोगात्मक प्रयासों को व्यापक चर्चाओं द्वारा चिह्नित किया गया, जिसके परिणाम स्वरूप चार महत्वपूर्ण डोमेन: स्टार्टअप और नवाचार, नीति और शासन, भारत-जापान सहयोग और शिक्षा और मानव चेतना में फैली पहलों के लिए एक साझा प्रतिबद्धता हुई। इस जीवंत अभ्यास का मार्गदर्शन करने वाले प्रमुख व्यक्ति थे, एमआईजीएम के महाप्रबंधक मासाकी हिदा और एमआईजीएम के वैश्विक निदेशक योको असदा, आरयू के कुलपति शोभित माथुर । उनके नेतृत्व और रणनीतिक दृष्टि ने नवाचार को प्रोत्साहित करने, नीतिगत अंतराल को पाटने और द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के उद्देश्य से साझेदारी की नींव रखी। भारतीय लोग विकास में विश्वास रखते हैं, क्योंकि जनसंख्या अधिक है इसलिए ब्रूटो जीडीपी भी अधिक होगा, एमआईजीएम के जनरल मैनेजर मासाकी हिएडा ने उद्धरण दिया। एमआईजीएम के महाप्रबंधक के रूप में मासाकी हिएदा ने सहयोगात्मक चर्चाओं को संचालित करने, अंतर्दृष्टि और विशेषज्ञता लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। एमआईजीएम के वैश्विक निदेशक योको असदा ने साझेदारी की रणनीतिक दिशा को आकार देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आरयू के नेतृत्व के साथ उनके संयुक्त प्रयास अकादमिक, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय सहयोग के क्षेत्र में रोमांचक विकास का वादा करते हैं।

# रेवाड़ी एम्स से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सम्बोधन का जिले की सभी विधानसभाओं में होगा लाइव प्रसारण

पायनियर सामाचार सेवा। पानीपत



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी शुक्रवार 16 फरवरी को रेवाड़ी में एम्स की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर जिले में सभी विधानसभा क्षेत्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जहां पर प्रधानमंत्री महोदय के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण होगा।

मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने सोमवार को आयोजित वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी उपायुक्तों को आदेश दिए कि इसको लेकर सभी तैयारियां शुरू की जाएं। प्रत्येक विधानसभा में यह कार्यक्रम आयोजित होगा। वीडियो कांफ्रेंस में मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव वी. उमाशंकर, अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, सूचना जनसम्पर्क एवं भाषा विभाग के महानिदेशक मनदीप सिंह बराड़, मुख्यमंत्री की अतिरिक्त प्रधान सचिव आशिमा बराड़ भी उपस्थित रही।

वीडियो कांफ्रेंस के बाद उपायुक्त डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सोमवार को जिला सचिवालय में आयोजित बैठक में उपस्थित सभी प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री के कार्यक्रम के सीधे प्रसारण के लिए चारों विधानसभाओं में कार्यक्रम आयोजित होंगे। करनाल लोकसभा सांसद

### लोकसभा सांसद संजय भाटिया, राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार, पानीपत ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा और शहरी विधायक प्रमोद विज

संजय भाटिया समालखा अनाज मण्डी में आयोजित कार्यक्रम में, इसराना विधानसभा के मडलौडा की अनाज मण्डी में आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कृष्णलाल पंवार, सैक्टर-18 स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक महिपाल ढांडा और सनौली रोड स्थित पुरानी सब्जी मण्डी में आयोजित कार्यक्रम में शहरी विधायक प्रमोद विज भाग लेंगे।

उन्होंने कहा कि समालखा कार्यक्रम के लिए एसडीएम समालखा, मतलौडा में एमडी शुगर मिल, पानीपत ग्रामीण विधानसभा के लिए सीईओ जिला परिषद और पानीपत शहरी विधानसभा में आयोजित कार्यक्रम के लिए निगम की संयुक्त-आयुक्त और उप निगमायुक्त नोडल अधिकारी होंगे। इसके साथ-साथ सम्बंधित बीडीपीओ और नायब तहसीलदार इस कार्य में लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम में सभी नए पैंशन लाभार्थियों की मौके पर ही पात्र लोगों की पैंशन बनवाने का काम भी सम्बड्क्षधत विभाग द्वारा किया जाएगा और हैल्थ चैकअप कैम्प भी आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी उपरोक्त स्थानों की साफ-सफाई व्यवस्था दुरूस्त की जाए। बैठक में एडीसी पंकज, सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी, एसडीएम समालखा अमित कुमार, सीटीएम टिनू पोशवाल, डीटीओ नीरज गोयल, सहायक सचिव आरटीए शम्मी शर्मा मौजूद थे।

# इजराइल ने बाइडन की चेतावनी के बाद रफह शहर में हमले किए

एजेंसी। रफह (गाजा पट्टी)

**इजराइल** ने गाजा पट्टी के दक्षिणी शहर रफह में सोमवार सुबह कई हमले किए। चार महीने से जारी इजराइल-हमास युद्ध में गाजा पट्टी में करीब 14 लाख फलस्तीनी अपने घरों को छोड़कर जा चुके हैं। इजराइल ने संकेत दिया है कि गाजा में उसके जमीनी अभियान के तहत मिस्र की सीमा पर स्थित घनी आबादी वाले इस शहर को निशाना बनाया जा सकता है।

वहीं, व्हाइट हाउस ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने रविवार को इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से कहा है कि इजराइल को आम नागरिकों की सुरक्षा की ठोस योजना के बिना





गाजा के घनी आबादी वाले रफह शहर में सैन्य अभियान शुरू नहीं करना चाहिए। रफह में एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने बताया कि सोमवार सुबह कुवैत हॉस्पिटल के आसपास हमले किए गए। घायलों में से कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। इजराइली सेना ने कहा कि उसने रफह के शबौरा इलाके में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। सैन्य बयान में कहा गया है कि कई हमले किए गए लेकिन उसने यह नहीं बताया कि किन ठिकानों को निशाना बनाया गया या इससे कितना नुकसान पहुंचा है। फलस्तीन के स्वास्थ्य अधिकारियों ने अभी हताहत के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। मिस्र के दो अधिकारियों और एक पश्चिमी राजनयिक ने कहा था कि मिस्र ने चेतावनी दी है कि अगर इजराइली सैनिकों को रफह में भेजा जाता है तो वह इजराइल के साथ अपना शांति समझौता निलंबित कर देगा। मिस्र की चेतावनी के बाद बाइडन और नेतन्याहू के बीच बातचीत हुई है। नेतन्याहू के कार्यालय ने बाइडन की अपील पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है। हमास के अल-अक्सा टेलीविजन स्टेशन ने चरमपंथी समूह के एक अज्ञात अधिकारी के हवाले से बताया कि रफह में किसी भी हमले से अमेरिका, मिस्र और कतर की मध्यस्थता वाली वार्ता बाधित होगी।

## गाजा हवाई हमले में कम से कम 50 फलस्तीनियों की मौत

**रफह।** इजराइल के बंधक बचाव अभियान के दौरान हुए हवाई हमलों में कम से कम 50 फलस्तीनी मारे गए। दक्षिणी गाजा शहर रफह में अस्पताल के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अबू यूसुफ अल-नज्जर अस्पताल के निदेशक डॉ. मारवान अल-हम्स ने सोमवार को कहा कि मृतकों में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। एसोसिएटेड प्रेस के एक पत्रकार ने भी अस्पताल में शवों को लाए जाने की सूचना दी। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने छापेमारी के बाद क्षेत्र में हवाई हमले भी किए और वहां रखे गए दो बंधकों को मुक्त कराया।

## इजराइली सेना ने गाजा पट्टी में दो बंधकों को छुड़ाया

इजराइली सेना ने कहा कि उसने सोमवार सुबह गाजा पट्टी में दो बंधकों को छुड़ाया। इजराइली सेना ने कैद से मुक्त कराए गए व्यक्तियों की पहचान फर्नांडो सिमोन मरमैन (60) और लुइस हार (70) के रूप में की है। उसने बताया कि हमास के आतंकवादियों ने सात अक्टूबर को किए हमले में किबुत्ज निर यिझाक से इन दोनों को बंधक बनाया था। दोनों को गाजा पट्टी के दक्षिणी सीमावर्ती शहर रफह से छुड़ाया गया। ये उन 136 बंधकों में शामिल थे जो इजराइल के मुताबिक अब भी हमास के कब्जे में हैं।

# नगालैंड के अवर सचिव समेत दो अन्य पर केस दर्ज

एजेंसी। नई दिल्ली



**केंद्रीय** अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने नगालैंड के अवर सचिव (कृषि) जितेंद्र गुप्ता और खेती से जुड़ी फोकस परियोजना के दो अन्य अधिकारियों के खिलाफ कथित रूप से दो करोड़ रुपये से अधिक रिश्वत लेने के मामले में प्राथमिकी दर्ज की है। सीबीआई ने आयकर विभाग की हवाई खुफिया इकाई की एक शिकायत पर कार्रवाई शुरू की है, जिसने 2013-बैच के आईएएस अधिकारी गुप्ता और उनके साथ यात्रा कर रहे दो लोगों- तत्कालीन उप वन संरक्षक रामपौकाई और पशु धन विकास विभाग में पशु चिकित्सा सहायक सर्जन ऑटो विहोई को रोका था, जो कथित तौर पर भारी नकदी के साथ 17 दिसंबर, 2023 को दिमापुर से नई दिल्ली की उड़ान में यात्रा कर रहे थे।

# एटमास्टको लिमिटेड का आईपीओ 15 फरवरी को खुलेगा

एजेंसी। नई दिल्ली

**इंजीनियरिंग**, खरीद व निर्माण कंपनी एटमास्टको लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए 56 करोड़ रुपए से अधिक राशि जुटाने की योजना है। कंपनी का आईपीओ 15 फरवरी को खुलेगा और 20 फरवरी को बंद होगा। आईपीओ पूरा होने के बाद कंपनी के शेयरों को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के लघु एवं मझोले उपक्रम (एसएमई) मंच एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध किया जाएगा। बयान के अनुसार, आईपीओ के तहत 54.8 लाख नए शेयर जारी किए जाएंगे। इसमें 18.25 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल है। इसके लिए दाम प्रति शेयर 77 रुपए तय किया गया है।

# संप्रग के 10 वर्षों की तुलना में राजग ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए : मोदी

एजेंसी। नई दिल्ली



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 वर्षों की तुलना में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने डेढ़ गुना अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए हैं। रोजगार मेले के तहत हाल ही में भर्ती किए गए एक लाख से अधिक कर्मियों को नियुक्ति-पत्र वितरित करने के बाद वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से उन्हें संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने पूर्ववर्ती सरकार पर भी निशाना साधा और कहा कि उस दौरान नौकरी के लिए विज्ञापन जारी होने से लेकर नियुक्ति पत्र देने तक बहुत लंबा समय लग जाता था तथा इसका फायदा उठाकर रिश्वत का खेल भी जमकर होता था। उन्होंने कहा, हमने भारत सरकार में भर्ती की प्रक्रिया को अब पूरी तरह पारदर्शी बना दिया है। इतना ही नहीं, सरकार का बहुत जोर है कि भर्ती प्रक्रिया एक तय समय के भीतर पूरी कर ली जाए। इससे हर युवा को अपनी योग्यता साबित करने का समान अवसर मिलने लगा है।

उन्होंने कहा, प्रत्येक युवा का मानना है कि वे कड़ी मेहनत और कौशल की बदौलत नौकरी हासिल कर सकते हैं। वर्तमान सरकार ने पिछले 10 वर्षों में पिछली सरकारों की तुलना में 1.5 गुना अधिक युवाओं को नौकरी दी है। यह जानकारी देते हुए, कि रोजगार मेले के माध्यम से रेलवे में भी भर्ती हो रही है, प्रधानमंत्री ने इस बात पर प्रकाश डाला कि जब यात्रा की बात आती है तो रेलवे आम लोगों की पहली पसंद है। मोदी ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि भारत में रेलवे बड़े पैमाने पर बदलाव के दौर से गुजर रही है और अगले दशक में इस क्षेत्र का पूरी तरह कायाकल्प होगा। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले रेलवे पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया था जबकि आज रेल लाइनों का विद्युतीकरण और दोहरीकरण बढ़ा है और साथ ही नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाने और यात्रियों के लिए सुविधाओं में भी वृद्धि हुई है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 2014 में उनके सत्ता में आने के बाद रेलवे के आधुनिकीकरण और उन्नयन पर ध्यान केंद्रित करते हुए पूरे ट्रेन यात्रा अनुभव को फिर से नया बनाने के लिए एक अभियान शुरू किया गया था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष के बजट में तहत वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी 40000 आधुनिक बोगियां तैयार कर उन्हें सामान्य ट्रेनों में जोड़ा जाएगा, जिससे यात्रियों के लिए सुविधा और सहूलियत बढ़ेगी। संपर्क के दूरगामी प्रभाव पर प्रकाश डालते हुए, प्रधानमंत्री ने नए बाजारों, पर्यटन के विस्तार, नए व्यवसायों और बेहतर संपर्क के कारण लाखों नौकरियों के सृजन का उल्लेख किया। प्रधानमंत्री ने कहा, विकास को गति देने के लिए बुनियादी ढांचे में निवेश बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हाल के बजट में बुनियादी ढांचे में निवेश के लिए 11 लाख करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि नई रेल, सड़क, हवाई अड्डे और जलमार्ग परियोजनाएं रोजगार के नए अवसर पैदा करेंगी। यह देखते हुए कि कई नई नियुक्तियां अर्धसैनिक बलों में हुई हैं, प्रधानमंत्री ने अर्धसैनिक बलों के लिए चयन प्रक्रिया में सुधार पर ध्यान दिया और बताया कि इस जनवरी से परीक्षा हिंदी और अंग्रेजी के अलावा 13 भारतीय भाषाओं में आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा, इससे लाखों उम्मीदवारों को समान अवसर मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज भारत, दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में स्टार्टअप्स की संख्या अब 1.25 लाख के आसपास पहुंच रही है उन्होंने कहा, इनमें बड़ी संख्या में स्टार्टअप टीयर 2 और टीयर 3 शहरों में हैं। इन स्टार्टअप्स से युवाओं के लिए लाखों रोजगार बन रहे हैं। इस बार के बजट में स्टार्टअप को मिलने वाली टैक्स छूट को आगे बढ़ाने का भी ऐलान किया गया है। प्रधानमंत्री ने हाल के बजट में। करोड़ से अधिक घरों के लिए रूफटॉप सौर ऊर्जा योजना की घोषणा का उल्लेख करते हुए, कहा कि इसका परिवार की वित्तीय स्थिति पर बहुआयामी प्रभाव पड़ेगा।उन्होंने इसका जिक्र करते हुए कहा, यह उन्हें अपने लिए बिजली पैदा करने के साथ-साथ अधिशेष बिजली से आय उत्पन्न करने में सक्षम करेगा।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने राजधानी दिल्ली में समेकित कर्मयोगी भवन परिसर के पहले चरण का शिलान्यास भी किया। इस परिसर का उद्देश्य मिशन कर्मयोगी की विभिन्न शाखाओं के बीच तालमेल और सहयोग को बढ़ावा देना है।नवनियुक्त युवा विभिन्न मंत्रालयों व विभागों जैसे राजस्व विभाग, गृह मंत्रालय, उच्च शिक्षा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, रक्षा मंत्रालय, वित्तीय सेवा विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, जनजातीय मामलों के मंत्रालय और रेलवे मंत्रालय में विभिन्न पदों पर भर्ती होकर सरकार में शामिल होंगे।

# लोगों को नौकरियां नहीं मिल रही हैं, उनकी जेब पर डाका डाला जा रहा है : राहुल गांधी

एजेंसी। कोरबा

**कांग्रेस** नेता राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर सोमवार को निशाना साधा और कहा कि देश में लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है तथा वे महंगाई की मार झेल रहे हैं। गांधी ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए लोगों से जागने को कहा और आरोप लगाया कि जनता की जेबें लूटी जा रही हैं तथा उन्हें गुमराह किया जा रहा है। उन्होंने कहा, पिछड़े वर्ग, दलित और आदिवासी देश की आबादी का 74 प्रतिशत हिस्सा हैं, लेकिन इन समुदायों का एक भी व्यक्ति भारत की शीर्ष 200 कंपनियों का मालिक या प्रबंधन में शामिल नहीं है, जिन्हें देश का सारा पैसा दिया जा रहा है। गांधी ने कहा, भाजपा इसे हिंदू राष्ट्र कहती है, लेकिन देश की 74 फीसदी आबादी और आम गरीबों को कुछ नहीं मिल रहा है।

उन्होंने केंद्र पर निशाना साधते हुए दावा किया कि वे केवल थाली पीटने, घंटा बजाने, मोबाइल फोन देखने और भूख से मरने के लिए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा, मुझे बताओ, क्या आपने राम मंदिर उद्घाटन (पिछले महीने) में किसी गरीब, मजदूर, बेरोजगार व्यक्ति या छोटे व्यवसायी को देखा है? मैंने केवल (गौतम) अडाणी, (मुकेश) अंबानी जी, अन्य बड़े उद्योगपतियों और अमिताभ बच्चन जैसी फिल्मी हस्तियों को देखा। वहां अडाणी जी, अंबानी जी और उनके परिवार के सदस्य बड़े-बड़े बयान दे रहे थे। कांग्रेस नेता ने इसे आर्थिक अन्याय करार देते हुए आरोप लगाया, लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है।



### राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटाया

**लखनऊ।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी की अगुवाई में निकाली जा रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा का उत्तर प्रदेश में रहने का समय बोर्ड परीक्षाओं को देखते हुए घटा दिया गया है। अब यह यात्रा 11 दिन के बजाय छह दिन ही उत्तर प्रदेश में रहेगी। कांग्रेस की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रवक्ता अंशु अवस्थी ने सोमवार को यहां जारी एक बयान में बताया कि राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की बोर्ड परीक्षाओं और छात्र-छात्राओं के हितों को देखते हुए राज्य में अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा का समय घटा दिया है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में पहले यह यात्रा 16 फरवरी से 26 फरवरी तक होनी थी लेकिन आगामी 22 फरवरी को शुरू हो रही उत्तर प्रदेश बोर्ड की परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए अब यह 21 फरवरी तक ही इस राज्य में रहेगी। उन्होंने कहा, संवेदनशीलता की मिसाल पेश करते हुए राहुल गांधी ने कई मौकों पर जनहित को प्राथमिकता पर रखा। वह इससे पहले भी कोरोना काल में लोगों की परवाह करते हुए बंगाल में अपनी रैलियां निरस्त कर चुके हैं।

# वैश्विक सहयोग, प्रवर्तन पर ध्यान देने से अवैध वस्तुओं की जब्ती बढ़ी : डीआरआई

एजेंसी। नई दिल्ली



**अंतरराष्ट्रीय** सहयोग और प्रवर्तन पर ध्यान देने के चलते बड़ी संख्या में अवैध वस्तुओं की जब्ती हो रही है और तस्करी पर रोक लगी है। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) के प्रमुख एम के सिंह ने सोमवार को यह बात कही। डीआरआई ड्रग्स, हथियार, वन्यजीव, पर्यावरण, धन शोधन और आतंकी वित्तपोषण से जुड़े विभिन्न वैश्विक प्रवर्तन अभियानों में सक्रिय रूप से शामिल है। डीआरआई के प्रधान महानिदेशक सिंह ने कहा, हमारे विदेशी समकक्षों के साथ खुफिया जानकारी के लगातार आदान-प्रदान के जरिए कई अभियान चलाए गए हैं। इसके चलते म्यांमा, बांग्लादेश, मालदीव, श्रीलंका और नेपाल सहित कई देशों में सीमा शुल्क अधिकारियों ने महत्वपूर्ण मात्रा में अवैध सामग्री जब्त की है। उन्होंने फिक्की कैस्केड के तस्करी विरोधी दिवस पर एक कार्यक्रम में कहा कि डीआरआई लाल चंदन, सिगरेट, नकली मुद्रा, विदेशी मुद्रा और वन्यजीव उत्पादों सहित कई अन्य वस्तुओं की तस्करी पर भी कड़ी नजर रख रहा है। सिंह ने कहा कि ए बरामदगी डीआरआई अधिकारियों के बीच बेहतरीन टीम वर्क का नतीजा है। इन्हें देश में हमारी सहयोगी कानून प्रवर्तन एजेंसियों का सहयोग हासिल है। उन्होंने कहा कि फिक्की कैस्केड की पहल से हमें तस्करी और जालसाजी के बढ़ते खतरे पर चर्चा करने का मंच मिलता है। फिक्की कैस्केड अर्थव्यवस्था को नष्ट करने वाली तस्करी और जालसाजी गतिविधियों के खिलाफ काम करने वाली एक समिति है। फिक्की कैस्केड के चेयरमैन अनिल राजपूत ने कहा, हमने 11 फरवरी, 2022 को तस्करी विरोधी दिवस की शुरुआत की थी और इसकी बढ़ाआयामी चुनौती के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और ठोस कार्रवाई करने का संकल्प लिया था। फिक्की कैस्केड ने अब तस्करी के सामान को करो नकार, विकसित भारत का सपना करो साकार नारे के साथ एक नया अभियान शुरू किया है।

# शाहजहां शेख ने ईडी मामले में अग्रिम जमानत याचिका दायर की

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में कथित राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा समन किए जाने पर तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शाहजहां शेख ने सोमवार को यहां एक विशेष सीबीआई अदालत के समक्ष अपने वकील के माध्यम से अग्रिम जमानत के लिए अनुरोध किया उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखालि में पांच जनवरी को उनके परिसर में छापे मारने पहुंचे ईडी के अधिकारियों पर भीड़ द्वारा किए गए हमले के बाद से शेख सार्वजनिक तौर पर नजर नहीं आए हैं। शेख ने वकील सब्यसाची बनर्जी के जरिए दावा किया कि वह धन शोधन मामले में एजेंसी की शिकायत में आरोपी नहीं हैं। ईडी ने इस मामले में राज्य के मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को गिरफ्तार किया था।विशेष सीबीआई अदालत के न्यायाधीश प्रशांत मुखोपाध्याय ने शेख की अग्रिम जमानत याचिका की अगली सुनवाई के लिए 23 फरवरी की तारीख तय की है जब ईडी के वकील याचिका का विरोध करते हुए अपनी दलीलें रखेंगे।

# ट्रंप की टिप्पणियों ने अमेरिकी सैनिकों और सहयोगियों की सुरक्षा को खतरे में डाला : नाटो प्रमुख

एजेंसी। वारसॉ


**उत्तर** अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) के प्रमुख जेन्स स्टोल्टनबर्ग ने सोमवार को आगाह किया कि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टिप्पणियां उनके देश के सैनिकों और सहयोगियों की सुरक्षा को खतरे में डाल रही हैं। रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनने के सबसे प्रबल दावेदार ट्रंप ने कहा कि रूस उन नाटो सदस्यों के साथ जो करना चाहे, करे, जो रक्षा पर खर्च के अपने लक्ष्यों को हासिल नहीं कर पाते हैं। नाटो महासचिव स्टोल्टनबर्ग ने एक बयान में कहा, ऐसा कोई भी संकेत कि सहयोगी देश एक-दूसरे की रक्षा नहीं करेंगे, अमेरिका समेत हमारी सुरक्षा को कमजोर करता है और अमेरिकी तथा यूरोपीय सैनिकों के लिए खतरा बढ़ाता है।

साउथ कैरोलाइना के कॉनवे में शनिवार को एक रैली में ट्रंप ने बताया था कि राष्ट्रपति पद पर रहते हुए उन्होंने एक नाटो सदस्य से कहा था कि वह नाटो सहयोगियों के कसूरवार होने पर रूस को उनके साथ अपने मनमाफिक व्यवहार करने के लिए प्रेरित करेंगे। ट्रंप की टिप्पणियों से पोलैंड और बाल्टिक देश लिथुआनिया, लात्विया और एस्टोनिया जैसे नाटो के अग्रिम पंक्ति के देशों में चिंता पैदा हो गई है जो शीत युद्ध के दौरान या तो पूरी तरह मॉस्को के नियंत्रण में थे या सोवियत संघ के नियंत्रण में थे।

यूक्रेन पर रूस के आक्रमण को देखते हुए उनकी चिंता बढ़ गई है। नाटो सहयोगियों ने 2014 में 2024 तक रक्षा पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का दो फीसदी खर्च करने का संकल्प लिया था। नाटो के आकलन के मुताबिक, 2023 की शुरुआत तक उसके 30 में से 10 सदस्य दो फीसदी तक या उससे अधिक खर्च करने के करीब थे जबकि 13 देश 1.5 प्रतिशत या उससे कम खर्च कर रहे थे।

# महाराष्ट्र द्वारा दिए गए कर का 50 प्रतिशत राज्य को वापस करे केंद्र : उद्धव ठाकरे

पायनियर समाचार सेवा। मुंबई



**शिवसेना** (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने कहा है कि केंद्र सरकार को राज्य के विकास के लिए, कर के रूप में महाराष्ट्र से एकत्र किए गए धन का 50 प्रतिशत हिस्सा वापस करना चाहिए। रविवार को मुंबई में एक कार्यक्रम में महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने इसी तरह की मांगों को लेकर कर्नाटक और केरल जैसे दक्षिणी राज्यों द्वारा नई दिल्ली में आयोजित हालिया विरोध प्रदर्शनों का भी जिक्र किया। ठाकरे ने दावा किया कि जब महाराष्ट्र कर के रूप में केंद्र को एक रुपया (एक रुपया = 100 पैसे) भेजता है, तो उसे केवल सात पैसे वापस मिलते हैं। उन्होंने (उद्धव ठाकरे ने) पूछा (केंद्र से) "शेष राशि का क्या होता है? आप किस प्रकार की रेवड़ियाँ बाँटते हैं? ठाकरे ने कहा "मैं कह रहा हूं कि जब महाराष्ट्र आपको एक रुपया देता है, तो राज्य के विकास के लिए हमें इसका आधा हिस्सा वापस दे दें। आप हमारे राज्य को लूट रहे हैं। जब हम (विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस) सत्ता में आएंगे, तो मैं महाराष्ट्र की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए मौजूदा कर-साझाकरण नीति को बदलने पर जोर दूंगा। शिवसेना (यूबीटी) अध्यक्ष उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार की "मोदी की गारंटी की प्रतिबद्धता पर भी कटाक्ष किया और दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आश्वासन महाराष्ट्र जैसे राज्यों से एकत्र करों पर आधारित है। सात फरवरी को, मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व में कर्नाटक के शीर्ष कांग्रेस नेताओं ने कर राशि के वितरण में राज्य के साथ हुए "अन्याय से को लेकर केंद्र के खिलाफ नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन किया था।आठ फरवरी को, मुख्यमंत्री पिनाराई विजयन के नेतृत्व में केरल के वाम लोकतांत्रिक मोर्चा के नेताओं और सांसदों ने भी राष्ट्रीय राजधानी में केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने केंद्र पर राज्यों को उनके करों का उचित हिस्सा नहीं देने का आरोप लगाया।

# हत्या आरोपियों के घरों पर की गई बुलडोजर कार्रवाइ

एजेंसी। दुर्ग

**छत्तीसगढ़** के दुर्ग जिले के भिलाई शहर में एक हत्याकांड के तीन आरोपियों के घरों में कथित अवैध निर्माण को बुलडोजर के जरिए ध्वस्त कर दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई स्थानीय नगर निगम के राजस्व निरीक्षक (आरआई) और पटवारी की रिपोर्ट के आधार पर की गई। उन्होंने बताया कि जिन घरों पर कार्रवाई की गई। वे छावनी थाना क्षेत्र के अंतर्गत शारदापारा इलाके में 17 वर्षीय लड़के शिवम की हत्या के आरोपी निकेश चौहान, सुमित चौहान और एक नाबालिग लड़के के हैं। पुलिस के मुताबिक, इस वर्ष 21 जनवरी को आपसी झड़प में शिवम की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई थी। इसके बाद पुलिस ने इन तीनों समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया था। अधिकारियों ने बताया कि आरआई और पटवारी ने अपनी जांच में पाया कि तीनों परिवारों ने अपनी निर्धारित जमीन से अधिक क्षेत्रफल पर मकान बनाए हैं।

अधिकारियों ने बताया कि अतिरिक्त भूमि पर अतिक्रमण के लिए उन्हें नोटिस दिया गया और नगर पालिका अधिनियम के अनुसार आगे की कार्रवाई की गई। स्थानीय भाजपा विधायक रिकेश सेन ने कार्रवाई का स्वागत किया और चेतावनी दी कि उनके निर्वाचन क्षेत्र वैशाली नगर में अपराध करने वालों को भी इसी तरह की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा। सेन ने एक वीडियो संदेश में कहा है, 12वीं कक्षा के छात्र शिवम की हत्या के आरोपियों के घर पर बुलडोजर की कार्रवाई की गई। मैंने 22 जनवरी (हत्या के बाद) को कहा था, अगर कोई (भारतीय दंड संहिता की धारा) 302 (हत्या) या 307 (हत्या का प्रयास) या छेड़छाड़ या किसी अन्य अपराध में लिप्त पाया गया, तो उसे इस तरह की कार्रवाई का सामना करना पड़ेगा।

# मोदी सरकार की गारंटी का मतलब जुमला : कांग्रेस

एजेंसी। नई दिल्ली

**कांग्रेस** ने सोमवार को आरोप लगाया कि मोदी सरकार की गारंटी का मतलब जुमला है क्योंकि उसने जो भी वादे किए, उनको वह पूरा नहीं कर पाई। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया ने सरकार को यह चुनौती दी कि वह अपने बनाए मानक के आधार पर संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) और मोदी सरकार के कार्यकाल की अर्थव्यवस्था से संबंधित 10 वर्षों के आंकड़ों की तुलना करे। सुप्रिया ने कहा, पिछले दिनों मोदी सरकार एक फर्जी श्वेत पत्र लेकर आई। विडंबना है कि मोदी सरकार अपना रिपोर्ट कार्ड नहीं दिखा रही, बल्कि 10 साल पहले की सरकार का लेखा-जोखा लेकर आई है। मेरी मोदी सरकार को खुली चुनौती है कि वे अपने बनाए मानक पर कांग्रेस और भाजपा सरकार के 10 साल के आंकड़े रखकर देख लें, दूध का दूध, पानी का पानी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि दोनों सरकारों की आंकड़ों के आधार पर तुलना करने की मोदी सरकार की हिम्मत नहीं है।

# गुजरात के मुख्यमंत्री पटेल रात भर एक गांव में ठहरे, युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की

### स्थानीय नेता दिनेशभाई भटोला के परिवार के सदस्यों के साथ रात्रि भोज किया

एजेंसी। बनासकांठा



**गुजरात** के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने बनासकांठा जिले के जलोत्रा गांव के निवासियों से ड्रिप सिंचाई और जैविक खेती अपनाने का अनुरोध किया था तथा युवाओं से नशे से दूर रहने और पढ़ाई करने की अपील की। ड्रिप सिंचाई एक विशेष विधि है, जिसमें पानी और खाद की बचत होती है। इस विधि में पानी को पौधों की जड़ों पर बूंद-बूंद करके टपकाया जाता है। पटेल सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के गांव चलो अभियान के तहत इस गांव में एक रात ठहरे। पटेल ने गांव में एक मंदिर में पूजा-अर्चना कर शनिवार को इस अभियान की शुरुआत की और वहां स्वच्छता अभियान में भाग लिया। उन्होंने कहा, भाजपा सरकार जिस उत्साह से काम कर रही है, उसे देखते हुए निकट भविष्य में सभी लंबित काम पूरे हो जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में हर किसी को पार्टी को मजबूत बनाने के लिए काम करना चाहिए ताकि विकसित भारत के साथ विकसित गुजरात का नारा साकार किया जा सके।

एक सरकारी विज्ञप्ति में कहा गया कि पटेल ने स्थानीय नेता दिनेशभाई भटोला के परिवार के सदस्यों के साथ रात्रि भोज किया। इस पहल के जरिए भाजपा का मकसद आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुजरात के सभी बूथ में अपना आधार मजबूत करना है।विज्ञप्ति में कहा गया है कि राज्य में 10-11 फरवरी के दौरान गांव चलो अभियान के तहत मंत्रियों और विधायकों समेत कुल 56700 पार्टी कार्यकर्ताओं को अलग-अलग बूथ का जिम्मा सौंपा गया। इसमें कहा गया है कि मुख्यमंत्री पटेल ने रविवार सुबह किसानों, युवाओं, महिलाओं और विभिन्न समुदायों के नेताओं से मुलाकात की और विभिन्न सरकारी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने किसानों से ड्रिप सिंचाई और जैविक खेती अपनाने का अनुरोध किया तथा युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील की। भाजपा ने 2019 में राज्य में सभी 26 लोकसभा सीटों पर जीत दर्ज की थी।

# सरकारी पिस्टल छीनकर भाग रहे बदमाश से पुलिस की मुठभेड़

## जवाबी फायरिंग में एक आरोपी के पैर में लगी गोली, सिक्योरिटी गार्ड की हत्या की थी

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद



**तड़के** लगभग छह बजे के आसपास लिंक रोड थाने की एसओ प्रीति सिंह जब अपने सहयोगी पुलिसकर्मियों एवं डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल की टीम के साथ उत्तम इंडस्ट्रीज के सिक्योरिटी गार्ड देव सिंह सिंह निवासी भिंड़ मुरैना मध्यप्रदेश की हत्या करने वाले दो हत्याभियुक्तों को कस्टड़ी में लेकर आलाकत्ल चाकू की बरामदगी के लिए बताये गये स्थान की और जा रही थी तो उनमें से एक हत्यारे संदीप शर्मा पुलिस रविंद्र पाल शर्मा निवासी 2सी वसुंधरा पुलिसकर्मी की सरकारी पिस्टल छीनकर फायर करते हुए भागने लगा। उसके बाद एसओ प्रीति सिंह व स्वॉट टीम ने जवाबी कार्रवाई करते हुए भाग रहे बदमाश संदीप शर्मा के पैर में गोली मारकर लंगड़ा कर दिया। उसके बाद कार्रवाई करते हुए एसओ प्रीति सिंह ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर घायल संदीप शर्मा व उसके साथी विशाल उर्फ वरूण निवासी सैक्टर 2बी 525 वसुंधरा को गिरफ्तार करके आलाकत्ल चाकू बरामद कर लिया।

इस संदर्भ में जब डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल से यह पूछा गया कि कि सिक्योरिटी गार्ड देव सिंह निवासी भिंड मुरैना की हत्या क्यों की गई तो इसके जवाब में पाटिल का कहना था कि गार्ड की हत्या की मूल वजह टशनबाजी रही। पाटिल ने बताया कि पुलिस कस्टड़ी में आये दोनों अपराधियों का कहना है कि घटना से पहले उनकी बाइक गार्ड से अकरा गई थी। जिसके बाद देव सिंह ने उन्हें गाली दे दी थी।

# हिस्ट्रीशीटर बदमाश चेंटा को लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



आपराधिक वारदात को अंजाम देने के लिए रास्ते से घूम रहे हिस्ट्रीशीटर बदमाश की थाना फेस.3 पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान हिस्ट्रीशीटर बदमाश विदेश पाल उर्फ चेंटा गोली लगने से घायल हो गया। बदमाश के पास से अवैध असलाह व चोरी की बाइक बरामद हुई है। थाना फेज.3 प्रभारी विजय कुमार ने बताया कि पुलिस मामूरा चौक पर वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस टीम को देखकर बाइक सवार एक युवक सेक्टर.59 की तरफ भागने लगा। संदेह के आधार पर पुलिस ने पीछा किया तो बदमाश ने अपनी बाइक की गति और बढ़ा दी और पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में बदमाश को गोली लगी और वह गिरकर घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में पकड़े गए बदमाश ने अपना नाम विदेशपाल उर्फ चेन्टा निवासी बसई बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया चेंटा थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है। इस पर चोरी के दर्जनों मुकदमें पंजीकृत है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह आपराधिक वारदात को अंजाम देने के इरादे से घूम रहा था पकड़े गए बदमाश के पास से बरामद बाइक भी चोरी की है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## संक्षिप्त समाचार



राजधानी में प्रेसवार्ता को संबोधित करते जेम सीईओ पाइक सिंह।

### जेम पोर्टल से रिकार्ड 3 लाख करोड़ की खरीद

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रानिक माध्यम से सार्वजनिक खरीद प्रक्रिया की शुरुआत करने वाले गवर्नमेंट ई-मार्केट प्लेस (जेम) ने नया रिकार्ड बनाते हुए चालू वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही के 11 महीनों में ही जेम ने 3 लाख करोड़ की रिकार्ड खरीदारी की है। यह जानकारी देते हुए जेम सीईओ ने पीके सिंह ने कहा कि उम्मीद है कि इस वित्त वर्ष में 4 लाख करोड़ का आकड़ा पार कर जाएंगे। जबकि पिछले वित्त वर्ष के 2 लाख करोड़ की वस्तु व सेवा खरीद के आंकड़ों को पीछे छोड़ दिया है। यही नहीं इस अवधि के दौरान जीएमवी लेनदेन के कुल औसत में भी उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज हुई है। वित्त वर्ष 22-23 में 504 करोड़ रुपये के मुकाबले 12 फरवरी 2024 तक ये 914 करोड़ रुपये तक बढ़ गया है।

### किशोरी का दो भाइयों ने किया अपहरण

**नोएडा।** थाना सेक्टर-49 क्षेत्र के बरौला गांव से दो भाइयों ने एक नाबालिक किशोरी का अपहरण कर लिया। पीड़ित परिवार ने आशंका जताई है कि आरोपी उनकी बेटी की हत्या कर सकते हैं। इसके अलावा थाना ईकोटेक-3 के सैनी गांव से एक किशोर अपने परिजनों की डांट के बाद घर से चला गया। बरौला गांव में किराए पर रहने वाली कामिनी काल्पनिक नाम ने बताया कि उसके पति सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। घर पर उनकी नाबालिक पुत्री बेटे रहते हैं। बीते 6 फरवरी को उनके 17 वर्षीय बेटी घर से मार्केट कुछ सामान लेने गई थी रास्ते में उसे अभिषेक उर्फ विक्की व लकी पुत्र विनोद जबरन उसका अपहरण कर ले गए। शाम के समय जब वह ड्यूटी से घर वापस लौटे तो उन्हें अपने बेटी के अपहरण की जानकारी मिली। इस संबंध में उन्होंने थाना सेक्टर 49 में आरोपियों के खिलाफ शिकायत की थाना पुलिस ने उनकी बेटी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। जबकि उनकी बेटी का अपहरण हुआ है। पीड़िता के मुताबिक दोनों लडके बदमाश किस्म के व्यक्ति हैं तथा पूर्व में भी किसी लडकी का अपहरण कर ले आए थे।

### सलाम नमस्ते में रेडियो उत्सव की शुरुआत

**नोएडा।** इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते में रेडियो उत्सव का आरंभ हुआ। सोमवार को सेक्टर 62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान आईएमएस के महानिदेशक प्रो डॉ विकास धवन के साथ कम्युनिटी आर्टिस्ट पूनम नारायण एवं वेस्ट मैनेजमेंट आर्टिस्ट और लेखक दीप्ति शर्मा ने अपने विचार व्यक्त किए। संस्थान द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम 12 फरवरी से 28 फरवरी तक मनाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान अपनी खुशी जाहिर करते हुए प्रो डॉ विकास धवन ने कहा कि यह उत्सव देश में सामुदायिक रेडियो के 20 पूरे होने का जश्न है। सलाम नमस्ते अपने 15 वर्षों की रेडियो यात्रा के दौरान महिलाएं, चेंजमेकर्स, कलाकार एवं युवाओं के भागीदारी को प्रदर्शित करते हुए 28 फरवरी को उत्सव का समापन करेगा।

# 12वीं मंजिल से नीचे कूदा सरकारी कर्मी

● सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पत्नी ने फांसी लगाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा के सेक्टर-75 स्थित पंचशील प्रतिष्ठा सोसायटी की 12वीं मंजिल से तडके एक व्यक्ति ने छलांग लगाकर दी। ऊंचाई से जमीन पर गिरने के कारण उक्त व्यक्ति की मौत हो गई।

वहीं ग्रेटर नोएडा वेस्ट की एक सोसायटी में रहने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर की पत्नी ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। पंचशील सोसायटी में गौरव भट्टाचार्य 58 वर्षीय अपनी पत्नी के साथ रह रहे थे। वह एक सरकारी विभाग में कार्यरत थे और पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में चल रहे थे। आज तडके करीब 3 बजे उनकी पत्नी की आंख खुली तो उन्हें गौरव भट्टाचार्य कमरे में नहीं दिखाई दिए। कमरे का दरवाजा भीतर से बंद था। उन्होंने देखा तो बालकनी का दरवाजा खुला हुआ था। बालकोनी से नीचे झांकने पर उन्हें गौतम भट्टाचार्य जमीन पर पड़े हुए दिखाई दिए। वह पड़ोसियों की मदद से उन्हें अस्पताल लेकर पहुंची जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर थाना 113 पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि गौतम भट्टाचार्य पिछले काफी समय से डिप्रेशन में थे और दवाइयां ले रहे थे। वह पूर्व में भी एक बार नींद की गोलियां खाकर आत्महत्या का प्रयास कर चुके थे। 58 वर्षीय गौतम भट्टाचार्य द्वारा 12वीं मंजिल से छलांग लगाकर जान देने की घटना पर सोसायटी के सभी लोग अचंभित हैं।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट के आम्रपाली गोल्फ सोसाइटी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर अनुज सिंह अपनी पत्नी पल्लवी उर्फ सोनिया के साथ रह रहे है। अनुज रविवार को अपनी ड्यूटी पर गए हुए थे। रात्रि के समय उन्होंने अपनी पत्नी को कई बार फोन किया लेकिन फोन रिसीव नहीं हुआ।

इसके बाद उन्होंने सोसायटी के गार्ड मुकेश को फोन कर अपने फ्लैट पर जाने को कहा। मुकेश जब अनुज के फ्लैट पर पहुंचा तो उसे पल्लवी उर्फ सोनिया फांसी के फंदे पर लटकी हुई मिली। गार्ड ने इसकी सूचना तुरंत अनुज तथा बिसरख पुलिस को दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौके से एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है जिसमें पल्लवी और सोनिया ने अपने पति व परिजनों से आत्महत्या का कदम उठाने पर माफ किए जाने की बात लिखी है। थाना प्रभारी ने बताया कि मृतका के परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है।

## नगर निगम चालकों ने की हड़ताल

**गाजियाबाद।** नगर निगम की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। नगर निगम सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के बाद अब डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन करने वाली गाडियों के ड्राइवर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। कूड़ा कलेक्शन गाडियों के ड्राइवरों ने एक जगह एकत्र होकर प्रदर्शन किया। ड्राइवरों ने बताया कि वह सभी नेचर गेन कंपनी के तहत कूड़ा कलेक्शन की गाड़ियों पर तैनात हैं। लेकिन पिछले तीन साल से न तो उनका वेतन बढ़ाया गया है ना हीं उन्हें कोई छुट्टी या फिर अन्य फंड दिया जा रहा है। तीन साल से उनको महज नौ हजार 90 रुपए मासिकवेतन दिया जा रहा है। जो इस महंगाई के जमाने में काफी कम है जबकि इसके मुकाबले दैनिक मजदूरी करने वालों को अधिक वेतन मिल रहा है। ड्राइवरों ने कहा कि आज से काम ठप कर दिया गया है जब तक उनकी मांगे नहीं मानी जाएंगी यह अनिश्चित कालीन हड़ताल जारी रहेगी।

# घर से 10 लाख व सोना लेकर दिल्ली निकला ज्वैलर लापता

● लावारिस हालत में मिली कार

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के थाना दनकौर के विलासपुर के कारोबारी के बेटे वैभव सिंघल का मामला अभी सुलझा ही था, कि एक और व्यापारी के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने की खबर से पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया है। कासना थाना क्षेत्र के डाढ़ा गांव निवासी ज्वैलर मोहित वर्मा दिल्ली जाने के लिए अपने घर से दस लाख रुपये और सोना लेकर निकले थे।

लेकिन वह दिल्ली नहीं पहुंचे और संदिग्ध परिस्थियों में लापता हो गये। उनकी कार ओमीक्रान.3 सेक्टर के पास लावारिस हालत में खड़ी मिली। मोहित का फोन भी स्विच ऑफहै। सूरजपुर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में गुमशुदगी दर्ज कर मोहित की तलाश शुरू कर दी है। सूचना के बाद लापता ज्वैलर्स की तलाश में जुटी पुलिस को ओमीक्रान.3 सेक्टर के उसकी कार को बरामद कर लिया गया है। ज्वेलर मोहित वर्मा की कार अंदर से लॉक है और कार के अंदर मोहित के जूते भी बरामद हुए हैं। मोहित के परिजनों को किसी अनहोनी को लेकर अशंकित है। परिवार वालों का कहना है कि जब मोहित दिल्ली के लिए जा रहे थे।

उसके पास 10 लख रुपये के अलावा कुछ आभूषण गलाने के बाद निकला सोना भी था। इस मामले को लेकर सूरजपुर थाना प्रभारी का कहना है कि मोहित की गुमशुदगी दर्ज कर ली गई है। उनकी कार ओमीक्रान.3 सेक्टर के पास मिली है। कार अंदर से लॉक है और कार के अंदर मोहित के जूते भी है। सर्विलांस और साइबर टीमें मोहित को तलाश में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज भी देखा जा रहा है।

# फॉर्च्यूनर कार, 10 सोने की अगूंठी और 11 लाख रुपये नकदी दें तभी लाएंगे बारात

● ग्रेटर नोएडा का मामला, पांच के खिलाफ केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



**दहेज** के लालच में कुछ लोग तमाम हदें पार कर लडकी वालों से मुंह खोलकर दहेज मांग रहे हैं। दहेज लोभी दहेज की मांग पूरी न होने पर अच्छा खासा रिश्ता भी तोड़ देने से गुरेज नहीं करते हैं। ऐसा ही एक मामला ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में सामने आया है।

दहेज की मांग पूरी न होने पर वर पक्ष निर्धारित तिथि पर बारात लेकर नहीं आया। पीड़िता के पिता ने थाना सूरजपुर में पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। ग्रेटर नोएडा के डेल्टा.1 सेक्टर निवासी रमेश काल्पनिक नाम ने बताया कि उन्होंने अपनी छोटी बहन की शादी गुडगांव जनपद के गांव भोरा कला निवासी हेमंत चौहान के साथ तय की थी। रिश्ता तय करते समय हेमंत और उसके परिवार ने कहा कि वह शादी में कोई दहेज नहीं लेंगे। 22 अक्टूबर 2022 को उनकी बहन और हेमंत की रिंग सेरेमनी ग्रेटर नोएडा के लोग वुड ग्रीन बैंक्विट एंड रिसोर्ट में हुई थी। विवाह के लिए 14 फरवरी 2023 की तिथि निर्धारित हुई थी। 15 जनवरी 2023 को वह हेमंत के घर शादी की पीली चिऋी देकर आया और पूरा परिवार शादी की तैयारियों में जुट गया।

14 जनवरी को हेमंत चौहान की मां मधु देवी ने उसकी मां को फोन कर पूछा कि वह दहेज में क्या.क्या दे रहे हैं। उनकी मां ने बताया कि परिवार के साथ सदस्यों के लिए उन्होंने सोने की अंगूठी बनवाई है लडकी के लिए करीब 50 तोले सोने के गहने हैं। 31 रिश्तेदारों के लिए कपड़े तथा मारुति ग्रैंड विटारा सिग्मा कार खरीद ली है इसके अलावा घर का तमाम दान दहेज का सामान भी खरीद लिया गया है। मधु चौहान ने कहा कि उनके 10 और रिश्तेदारों के लिए उन्हें सोने की अंगूठियां बनवाकर देने होंगी। साथ ही 51 रिश्तेदारों को कपड़े देने होंगे इसके अलावा कैश में 11 लाख तथा फार्च्यूनर कार देना होगा। उन्होंने जब यह मांग पूरी करने से इनकार किया तो हेमंत और मधु चौहान ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। इसके बाद हेमंत के जीजा नवदीप से बात की गई तो उसने हेमंत से उनकी मुलाकात कराई मुलाकात के बाद हेमंत नवदीप और उसकी बहन जूही ने शादी करने से साफ इनकार कर दिया। निर्धारित तिथि पर आरोपी बारात लेकर नहीं पहुंचे। उन्होंने जब सगाई के दौरान दिए गए उपहार और सामान को वापस लौटने की मांग की तो आरोपियों ने सामान और उपहार भी लौटने से साफइंकार कर दिया। थाना प्रभारी बताया कि पीड़ित की शिकायत पर हेमंत चौहान, उदयवीर सिंह, मधु, नवदीप व जूही के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# 11 हजार वोल्ट के करंट की चपेट में आने से युवक की मौत

**नोएडा।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के सलारपुर गांव में एक कार्यक्रम के दौरान एक व्यक्ति बिजली की करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिवार के लोगों ने उसे ग्रेटर नोएडा के एक अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान उसको घोषित कर दिया।

परिवार के लोगों का आरोप है बिजली विभाग के लापरवाही से यह हादसा हुआ है। जिसको लेकर उन्होंने कोतवाली पहुंचकर इस मामले की शिकायत की है। साथ ही सोमवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद शव को बिजली घर पर रखकर मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए हैं। गांव निवासी हुकम सिंह ने बताया कि उनके घर पर रविवार रात को एक कार्यक्रम था। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम घर की छत पर हो रहा था। उसी दौरान उनका भतीजा वीरेंद्र (45) 11 हजार वोल्ट की बिजली की लाइन की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। इस दौरान कार्यक्रम में शामिल अन्य लोगों ने भी भागकर अपनी जान बचाई। गंभीर अवस्था में परिवार के लोगों ने वीरेंद्र को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया। परिवार के लोगों का कहना है कि बिजली की लाइन उनके घर की छत से टच होकर गुजर रही है। कई बार उसको हटाने की मांग विभाग के अधिकारियों से परिवार के लोगों ने की है। लेकिन कोई समाधान नहीं हो पाया। आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही की वजह से यह हादसा हुआ है। मृतक वीरेंद्र के चार छोटे.छोटे बच्चे हैं। जो मजदूरी करके परिवार का पालन पोषण करते थे। जिनकी मौत के बाद परिवार के लोगों का रो.रोकर बुरा हाल है। जिन्होंने बिजली विभाग पर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत की है। परिवार के लोग ग्रामीणों के साथ शव को बिजली घर पर रखकर धरने पर बैठे गए है। जो विभाग के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में इससे पहले भी बिजली से कई भीषण हादसे हुए हैं लेकिन उसके बावजूद भी बिजली विभाग के अधिकारियों ने लाइन को बदला नहीं है। जिसके गुस्से में लोग धरने पर बैठे हैं। कोतवाली प्रभारी दनकौर संजय सिंह का कहना कि शिकायत के आधार पर जांच कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# हज यात्रा पर भेजने के नाम पर लाखों की ठगी

**नोएडा।** हज यात्रा पर भेजने के नाम पर ट्रैवल एजेंसी के संचालक ने एक व्यक्ति से 5 लाख रुपए हड़प लिए। पैसे वापस मांगने पर एजेंसी संचालक ने पीड़ित को अपने रसूख का हवाला देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ थाना सेक्टर.126 में मुकदमा दर्ज कराया है।

सेक्टर 128 स्थित जेपी विश टाउन सोसाइटी में रहने वाले मोहम्मद इकबाल ने बताया कि उन्होंने परिवार के लोगों को हज यात्रा करने के लिए दरियागंज दिल्ली के शाहजमाल प्रोपराइटर आफ अलखादम ट्रैवल्स के मालिक शाह जमाल से संपर्क किया। उन्होंने परिजनों को हज यात्रा पर भेजने के लिए उनसे साढ़े छह लाख रुपए ट्रांसफर करा लिए। तय तिथि के बाद भी जब उन्हें हज यात्रा के लिए नहीं भेजा गया तो उन्होंने शाहजमल से फोन पर बात की। लेकिन उसने कोई उचित जवाब नहीं दिया। इसके बाद उन्होंने अपने पैसे वापस मांगे तो वह उनसे पैसे लौटाने का झूठा वादा करता रहा। कुछ समय बाद उसने केवल डेढ़ लाख रुपए वापस किया। शेष 5 लाख रुपए की राशि को उसने वापस करने से साफ इनकार कर दिया।

पीड़ित के मुताबिक उसने जब अपने पैसों का तकाजा किया तो आरोपी ने उसे धमकाया कि उसकी बहुत ऊंची पहुंच है और अगर उसने पैसे मांगे तो अंजाम अच्छा नहीं होगा। आरोपी ने उसे नोएडा से भी उजाड़ने की धमकी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच पड़ताल की जा रही है।

# सौम्या विश्वनाथन हत्या मामले में चार दोषियों को जमानत

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली उच्च न्यायालय ने टीवी पत्रकार सौम्या विश्वनाथन की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहे चार दोषियों को सोमवार को जमानत दे दी।

न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत और न्यायमूर्ति मनोज जैन ने रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत सिंह मलिक और अजय कुमार की दोषसिद्धि और सजा को चुनौती देने वाली उनकी अपील के लंबित रहने तक उनकी सजा निलंबित कर दी। पीठ ने कहा कि दोषी 14 साल से हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय ने 23 जनवरी को दिल्ली पुलिस से चार दोषियों द्वारा दाखिल अपील पर जवाब देने को कहा था। एक प्रमुख अंग्रेजी समाचार चैनल में काम करने वाली विश्वनाथन की 30 सितंबर 2008 को सुबह-सुबह दक्षिण दिल्ली में नेल्सन मंडेला मार्ग पर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के वक्त वह अपनी कार से दफ्तर से घर लौट रही थीं।

एक विशेष अदालत ने 26 नवंबर 2023 को रवि कपूर, अमित शुक्ला, बलजीत मलिक और अजय कुमार को (आईपीसी) की धारा 302 (हत्या) और महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) के प्रावधानों के तहत दो उम्रकैद की सजा सुनाई थी। अदालत ने स्पष्ट किया था कि दोनों सजा एक साथ तामील कराई जाएगी। पांचवें दोषी अजय सेठी को (चोरी की संपत्ति बेईमानी से प्राप्त करने) तथा संगठित अपराध को बढ़ावा देने, जानबूझकर मदद करने और संगठित अपराध की आय प्राप्त करने की साजिश रचने के लिए मकोका के प्रावधानों के तहत तीन साल की कैद की सजा सुनाई गई थी। हालांकि, अदालत ने सेठी द्वारा पहले ही सजा काटने के मद्देनजर उसकी तीन साल की सजा खत्म कर दी थी। उसने कहा था कि सेठी 14 से अधिक साल से हिरासत में है और मुकदमे की सुनवाई के दौरान ही वह जेल में रह चुका है। कपूर ने वकील ने कहा कि वह पिछले 14 साल और नौ महीने से जेल में है और उन्होंने अदालत से अपील पर सुनवाई लंबित रहने तक उसकी सजा निलंबित करने का अनुरोध किया।

# अयोध्या में सीएम केजरी, मान ने श्रीरामलला के दर्शन किए

● परिवार के साथ पहुंचे दोनों मुख्यमंत्री, एक दिन पहले योगी मंत्रिमंडल और विधायकों ने किए थे दर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/अयोध्या



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान सोमवार को अयोध्या पहुंचे जहां दोनों नेताओं ने नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में भगवान श्री रामलला के दर्शन किए। केजरीवाल व मान के साथ उनके परिवार के सदस्य भी मौजूद थे।

मंदिर नगरी में आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं के इस दौरे से एक दिन पहले उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उनकी सरकार के मंत्रियों और विधानमंडल के दोनों सदनों के 325 से अधिक सदस्यों ने रविवार को मंदिर में दर्शन किए थे जिसमें समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्य शामिल नहीं हुए थे। आप के एक नेता ने बताया कि केजरीवाल व मान दोपहर करीब दो बजे अयोध्या हवाई अड्डे पहुंचे। दोनों नेताओं ने हवाई अड्डे पर एकत्र मीडियाकर्मियों से कोई बात नहीं की और राम जन्मभूमि की ओर चले गए। दोनों मुख्यमंत्रियों ने राम मंदिर में दर्शन किए। अरविंद केजरीवाल ने अपनी पत्नी सुनीता केजरीवाल और भगवंत मान ने अपनी पत्नी गुरप्रीत कौर और अपने परिवार के कुछ अन्य सदस्यों के साथ राम जन्मभूमि में श्री रामलला के दर्शन किए। दोनों ने राम मंदिर में करीब सवा घंटा बिताया। दर्शन के बाद अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने एक पोस्ट में कहा, माता-पिता और अपनी धर्मपत्नी के साथ आज अयोध्या जी पहुंचकर श्रीराम मंदिर में रामलला जी के दिव्य दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसी पोस्ट में केजरीवाल ने कहा, इस अवसर पर भगवंत जी एवं उनका परिवार भी साथ रहा। सबने मिलकर मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम जी के दर्शन किए एवं देश की तरक्की के साथ समस्त मानवता के कल्याण की प्रार्थना की।

प्रभु श्री रामचंद्र जी सबका मंगल करें। जय श्री राम। आप की उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सभाजीत सिंह ने कहा कि दोनों नेताओं ने राम मंदिर में पूजा अर्चना की। मुख्य विपक्षी दल समाजवादी पार्टी को छोड़कर उत्तर प्रदेश के दोनों सदन (विधानसभा और विधान परिषद) के करीब 325 विधायकों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ रविवार को नवनिर्मित राम मंदिर में श्री रामलला का दर्शन पूजन किया। राम मंदिर में आदित्यनाथ ने भगवान के सामने साष्टांग दंडवत कर पूजा-अर्चना की। अयोध्या में गत 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नवनिर्मित राम मंदिर में भगवान श्री राम के बाल रूप श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की गई थी। तबसे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के साथ-साथ विभिन्न राज्यों की राजनीतिक हस्तियों और प्रमुख लोगों का मंदिर आना लगा हुआ है।

# अल नीनो की विदाई के साथ ला नीना के लिए रहें तैयार भारत में गर्मी और मानसून पर क्या होगा असर?

## आशंका है कि अल नीनो की विदाई अप्रैल 2024 तक हो सकती है



**कयास** लगाए जा रहे हैं कि देश में इस बार मॉनसून के दौरान सामान्य से कहीं ज्यादा बारिश हो सकती है। बता दें कि देश के उत्तर-पश्चिम, उत्तर-पूर्व और मध्य इलाके इस बार सर्दियों में कमोबेश सूखे ही रहे हैं। वहीं यह भी अनुमान है कि इन क्षेत्रों में इस साल बसंत और गर्मियां कुछ ज्यादा ही गर्म रह सकती हैं।

यदि इन मौसमी बदलावों के कारणों पर नजर डालें तो जहां अनुमान है कि साल के अंत तक बनने वाली ला नीना की घटना बारिश में वृद्धि की वजह बन सकती हैं। वहीं दूसरी तरफ अल नीनो और ग्लोबल वार्मिंग का मिला जुला प्रभाव बढ़ते तापमान की वजह बन सकता है। आपकी जानकारी के लिए बता दें कि अल नीनो और ला नीना दोनों ही भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में घटित होने वाली मौसमी हलचलें हैं। यह दोनों ही घटनाएं अल नीनो दक्षिणी दोलन (ईएनएसओ) नामक घटना के दो विपरीत चरण हैं। जहां अल नीनो भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर के पूर्वी और मध्य भागों के तापमान में वृद्धि से जुड़ा है, वहीं दूसरी तरफ ला नीना तापमान में आने वाली गिरावट को दर्शाता है।

यह दोनों ही घटनाएं करीब-करीब पूरी दुनिया को प्रभावित करती है। यदि भारत में मॉनसूनी पर पड़ने वाले इसके असर को देखें तो जहां अल नीनो, मॉनसून को कमजोर करता है, वहीं दूसरी तरफ ठंडा चरण, ला नीना, बारिश में इजाफा करता है। अप्रैल 2024 तक बना रहेगा अल नीनो, तापमान और चरम मौसमी घटनाओं में वृद्धि की आशंका

हालांकि ऐसा नहीं है कि ला नीना हमेशा ऐसा ही प्रभाव डालेगा, इसका भी चरित्र बदल सकता है। उदाहरण के लिए भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में बने ला नीना के बावजूद भारत में मार्च से जून 2022 के बीच भीषण गर्मी और लू का कहर देखा गया था।

### मॉनसून के दौरान बारिश में हो सकता है इजाफा

वैज्ञानिकों के मुताबिक भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में मौजूदा अल नीनो की अप्रैल 2024 तक विदाई हो सकती है। नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के नवीनतम अपडेट के अनुसार, अप्रैल से जून तक ईएनएसओ तटस्थ परिस्थितियों (न तो एल नीनो और न ही ला नीना) के एक संक्षिप्त चरण के बाद, जुलाई में दोबारा ला नीना में बदल सकता है।

नेशनल सेंटर फॉर एटमॉस्फेरिक साइंस और यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के मौसम विज्ञान विभाग के शोध वैज्ञानिक अक्षय देवरस ने बताया कि एनओएए का नवीनतम पूर्वानुमान सितंबर से नवंबर 2024 के बीच ला नीना के बनने की 70 फीसदी से अधिक की संभावना का संकेत देता है।

उनका यह भी कहना है कि भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर की सतह के नीचे के अवलोकन सामान्य से अधिक ठंडे पानी के बढ़ते क्षेत्र को दर्शाते हैं। इस प्रवृत्ति से गर्मियों की शुरूआत में वर्तमान अल नीनो घटना के समाप्त होने और बाद में ला नीना जैसी स्थितियों की ओर बदलाव की आशंका है।

वहीं भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बॉम्बे और मैरीलैंड विश्वविद्यालय, अमेरिका के जलवायु वैज्ञानिक रघु मुर्तुगुड्डे का कहना है कि आमतौर पर गर्मी और मॉनसून के मौसम के लिए ईएनएसओ की भविष्यवाणी करना चुनौतीपूर्ण होता है। उनके मुताबिक ऐसा इसलिए होता है क्योंकि उत्तरी गोलार्ध में वसंत के दौरान, समुद्र और वायुमंडल के बीच संपर्क कमजोर (स्प्रिंग बैरियर) हो जाता है, जिससे इसके पूर्वानुमान चुनौतीपूर्ण हो जाता है।

मुर्तुगुड्डे ने बताया कि, ला नीना पूर्वी उष्णकटिबंधीय प्रशांत क्षेत्र में सामान्य ठंड की स्थिति का तीव्र होना है। ऐसे में स्प्रिंग बैरियर कम महत्वपूर्ण हो सकता है क्योंकि मजबूत अल नीनो अक्सर ला नीना में बदल जाता है। वहीं देवरस का कहना है कि वर्तमान में स्प्रिंग बैरियर को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता,

ऐतिहासिक आंकड़ों से पता चलता है कि महत्वपूर्ण अल नीनो घटनाएं (1950 के बाद से करीब 63 फीसदी) आम तौर पर ला नीना घटनाओं के बाद होती हैं।

देवरस के मुताबिक इसका एक हालिया उदाहरण 2016-17 में सामने आई ला नीना घटना है, जो 2014 से 16 के बीच एक मजबूत अल नीनो के बाद सामने आई थी। वहीं अगर हम कमजोर अल नीनो घटनाओं को भी शामिल करें, तो 1950 के बाद से उनमें से आधे से अधिक के बाद ला नीना की घटनाएं हुई हैं। यही वजह है कि अवलोकन, मॉडल पूर्वानुमान और पिछले आंकड़े 2024 की दूसरी छमाही में ला नीना के बनने की अच्छी संभावना का संकेत देते हैं।

मुर्तुगुड्डे का कहना है कि, मुझे इस साल ला नीना की उम्मीद है लेकिन अहम सवाल यह है कि, यह ला नीना कितना मजबूत होगा। उनके अनुसार अल नीनो मई के आसपास अचानक से कमजोर पड़ सकता है और एक एक मजबूत ला नीना में बदल सकता है।

अनुमान है कि इसकी वजह से दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के उत्तरार्ध में भारत के अधिकांश हिस्सों में औसत से अधिक बारिश हो सकती है, जो आम तौर पर जून में शुरू होती है और हाल के वर्षों में अक्टूबर तक बढ़ रही है।

मुर्तुगुड्डे ने बताया कि इसकी वजह से भारत में औसत बारिश पर सकारात्मक प्रभाव पड़ना चाहिए, लेकिन उत्तर प्रदेश, झारखंड और बिहार जैसे राज्यों को फिर से बारिश में कमी का सामना करना पड़ सकता है।

देवरस ने बताया कि यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि ला नीना कब बनेगा, लेकिन मौजूदा पूर्वानुमानों से संकेत मिलता है कि यह दक्षिण-पश्चिम मॉनसून की दूसरी छमाही के दौरान मौजूद रह सकता है।


आंकड़े भी दर्शाते है कि ला नीना वर्षों के दौरान भारत में मॉनसून का प्रदर्शन सामान्य तौर पर संतोषजनक रहा है।

उनके मुताबिक पिछली ला नीना की घटना, तीन साल जारी रहने के बाद मार्च 2023 में समाप्त हुई। इस घटना के चलते न केवल मॉनसून में अच्छी बारिश हुई साथ ही मॉनसून का मौसम भी सामान्य से अधिक लम्बा रहा। उदाहरण के लिए, 2022 में मॉनसून का सीजन देश भर में छह फीसदी अधिक बारिश के साथ समाप्त हुआ था। इसकी वजह से अक्टूबर तक अच्छी बारिश हुई। इन तीन ला नीना वर्षों के दौरान भारत के कई राज्यों में भारी बारिश की घटनाएं दर्ज की गई।

इनकी वजह से देश के कई हिस्सों में मॉनसून के दौरान अकस्मात बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं भी दर्ज की गई।

ऐसा में यदि ला नीना इस साल भी मॉनसून सीजन के अंत में विकसित होता है तो ऐसा ही कुछ एक बार फिर देखने को मिल सकता है। इतना ही नहीं वातावरण और महासागरों में बढ़ती गर्मी भी इन चरम मौसमी घटनाओं में योगदान दे रहीं हैं। मुर्तुगुड्डे ने बताया कि, उत्तर-पश्चिम और पूरे पाकिस्तान में जो हो रहा है, उसका सीधा सम्बन्ध अरब सागर के गर्म होने से जुड़ा है। उनके मुताबिक भारत के अन्य हिस्सों में भी ला नीना के चलते चरम मौसमी घटनाओं का अनुभव हो सकता है।

# डार्विन दिवस: कैसे विकास के सिद्धांतों ने पृथ्वी पर जीवन के बारे में हमारी जानकारी बढ़ाई



**डार्विन ने 1859 में ऑन द ओरिजिन ऑफ स्पीशीज नामक पुस्तक प्रकाशित की, जिसमें प्राकृतिक चयन के मामले का वर्णन किया गया था।**

**हर** साल 12 फरवरी को डार्विन दिवस के अवसर पर हम चार्ल्स डार्विन के काम और विज्ञान का जश्न मनाते हैं। उनके प्रयोगों, निष्कर्षों और उपलब्धियों के बारे में जानने की कोशिश करते हैं, वे आज भी हमें प्रभावित करते हैं। विकासवादी सृष्टि की खोज ने कई क्षेत्रों में वैज्ञानिकों को हमारी प्रजातियों और हमारी उत्पत्ति कैसे हुई, इसके बारे में जीवन बदलने वाली और जीवन बचाने वाली खोजें करने के लिए प्रेरित किया है। डार्विन और उनके शोध के लिए हम सब उनके आभारी हैं।

विस्तार द्वारा विकास की यह प्रक्रिया पृथ्वी भर में लगभग 3.5 अरब वर्षों से चल रही है, जिसके परिणामस्वरूप शानदार जैव विविधता देखने को मिलती है। विकास की बेहतर समझ ने वैज्ञानिकों को यह महसूस करने में मदद की है कि जीवन के मूलभूत तंत्र सभी ज्ञात जीवित रूपों में समान हैं। इसने वैज्ञानिकों को विश्व स्तर पर समान मॉडल जीवों, जैसे बैक्टीरिया ई. कोलाई या फल मक्खी ड्रोसोफिला का उपयोग करके सहयोगात्मक रूप से जीवन का अधिक विस्तार से अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित किया। जिससे नई वैज्ञानिक खोजों का सत्यापन और पुनरुत्पादन बहुत तेज और अधिक कुशल हो गया। प्राकृतिक इतिहास संग्रहालय के मुताबिक, चार्ल्स डार्विन, वह व्यक्ति जिन्हें प्राकृतिक चयन के जनक के रूप में जाना जाता है, इनका जन्म 12 फरवरी, 1809 को हुआ था, वह एक अमीर अंग्रेजी परिवार में छह बच्चों में से पांचवें थे। उनके पिता एक डॉक्टर थे और उनके दादा प्रकृतिवादी थे जिन्होंने चार्ल्स द्वारा की जाने वाली खोजों के लिए आधार तैयार किया था। 1825 में, चार्ल्स, जो श्रॉपशायर में गरीबों और बीमारों की देखभाल में अपने पिता की मदद कर रहे थे, मेडिकल स्कूल के लिए चले गये। उन्हें यह नीरस लगा और उनकी पढ़ाई में मेहनत की कमी थी। ज्यादा समय नहीं बीता जब उनके पिता ने उन्हें एंग्लिकन पार्सन बनने के लिए कैम्ब्रिज के क्राइस्ट कॉलेज में भेज दिया। हालांकि वह अध्ययन धार्मिक पाठ्यक्रम पर था, डार्विन ने खुद को प्राकृतिक विज्ञान की ओर आकर्षित पाया। उस समय एक मित्र ने उन्हें बीटल या गुबरैला के संग्रह में रुचि जगाई और वह अन्य पार्सन प्रकृतिवादियों से परिचित हुए जिन्होंने उनकी रुचि को और भी अधिक बढ़ा दिया। उन्होंने खुद को प्राकृतिक इतिहास का अध्ययन करने के लिए उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों की यात्रा करने को अपने आप को प्रोफेसर के साथ शामिल होने के लिए तैयार किया। अपनी वापसी के बाद, डार्विन को दक्षिण अमेरिका के तट पर जाने वाले एक अभियान पर एक प्रकृतिवादी के रूप में सेवा करने का प्रस्ताव मिला। जहाज एचएमएस बीगल था, जिसके कप्तान रॉबर्ट फिट्जरॉय थे। डार्विन 1931 में अपनी यात्रा पर निकले और उन्होंने इस जहाज पर पांच साल बिताए। पूरे दक्षिण अमेरिका में, डार्विन को नए भूविज्ञान, मानवविज्ञान, प्राणीशास्त्र और वनस्पति विज्ञान से अवगत कराया। उन्होंने इंग्लैंड वापस लाने के लिए जीवाश्मों, चट्टानों, पौधों और कीड़ों के नमूने सावधानीपूर्वक एकत्र किए। डार्विन और फिट्जरॉय दोनों ने यात्रा की पत्रिकाएं प्रकाशित की, जो आज प्रभावशाली दस्तावेज हैं। एचएमएस बीगल के इंग्लैंड लौटते ही डार्विन के विकासवाद के सिद्धांत पहले से ही फैल रहे थे। यह विशेष रूप से गैलापागोस द्वीप समूह के फिंच थे जिन्होंने उनके सिद्धांतों को चित्रित किया। उन्होंने बेहतर समझ हासिल करने के लिए यात्रा से अपनी पत्रिकाओं को दोबारा लिखा, माल्थस के काम को पढ़ा और अपने सिद्धांतों का परीक्षण करने के लिए पौधों के साथ प्रयोग किए। अत्यधिक काम करने के इस समय के दौरान, उनकी शादी हो गई लेकिन उन्हें एक लंबे समय तक चलने वाली बीमारी भी हो गई। आखिरकार, डार्विन ने 1859 में ऑन द ओरिजिन ऑफ स्पीशीज नामक पुस्तक प्रकाशित की, जिसमें प्राकृतिक चयन के मामले का वर्णन किया गया था। जबकि पुस्तक अप्रत्याशित रूप से लोकप्रिय थी, चर्च की ओर से इसका विरोध हुआ, जिसने ईश्वरीय रचना को जीवन के स्रोत के रूप में सिखाया। उन्होंने अपने जीवन के अगले 22 वर्षों तक विकास और चयन पर काम करना और प्रकाशित करना जारी रखा।

# हिमाचल-पंजाब में शीतलहर, मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ में ओलावृष्टि और उत्तर प्रदेश में बारिश



**देश** के कई हिस्सों में तापमान में दिन के समय बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। उत्तर भारत के कई हिस्सों में सुबह और शाम के समय सर्दी का प्रकोप बना हुआ है, जबकि दिन के समय धूप खिलने से तापमान बढ़ने के साथ गर्मी का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग के मुताबिक, उत्तर के मैदानी इलाकों के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान सात से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। जबकि इन्हीं इलाकों के कुछ हिस्सों में यह सामान्य से दो से चार डिग्री सेल्सियस नीचे है।

वहीं, मौसम विभाग के तापमान संबंधी पूर्वानुमान को देखें तो अगले पांच दिनों के दौरान उत्तर पश्चिम भारत में न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने अनुमान लगाया गया है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले दो दिनों के दौरान पूर्वी भारत के कई हिस्सों में न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है, हालंकि उसके बाद कोई बड़ा बदलाव होने की संभावना नहीं है। वहीं, अगले पांच दिनों के दौरान मध्य भारत में न्यूनतम तापमान में कोई खास बदलाव होने की संभावना नहीं जताई गई है।

कल, देश के मैदानी इलाकों में पंजाब के अमृतसर में न्यूनतम तापमान 4.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं कल, केरल के कन्नूर में अधिकतम तापमान 37.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

एक ओर जहां दिन का तापमान बढ़ रहा है वहीं आज, यानी 12 फरवरी को हिमाचल प्रदेश और पूर्वी राजस्थान के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप रहने की आशंका जताई गई है। वहीं कल, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के अलग-अलग हिस्सों में लोगों को शीतलहर का कहर झेलना पड़ा। जबकि, उत्तराखंड के मुक्तेश्वर के अलग-अलग हिस्सों में जमकर पाला पड़ा।

### कहां होगी बारिश और ओलावृष्टि?

12 फरवरी को पूर्वी मध्य प्रदेश, पूर्वी विदर्भ और छत्तीसगढ़ के अलग-अलग हिस्सों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तूफानी हवाओं के साथ बौछारें पड़ने तथा ओलावृष्टि होने के आसार हैं। वहीं आज, झारखंड और ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में गरज के साथ बौछारें पड़ने तथा बिजली गिरने की आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक, 12, 15 और 16 फरवरी को ओडिशा में और 12 से 14 फरवरी के दौरान दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश होने की भी संभावना है, इन हिस्सों में 0.1 मिमी से 15.5 मिमी तक बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया गया है।


### मौसम विभाग की मछुआरों को समुद्र से दूर रहने की चेतावनी

मौसम विभाग के मुताबिक, आज कोमोरिन क्षेत्र में 45 से 55 किमी प्रति घंटे की दर से चलने वाली तूफानी हवाओं के और तेज होकर 65 किमी प्रति घंटे तक पहुंचने के आसार हैं। वहीं आज, उत्तर पश्चिम अरब सागर से सटे ओमान की खाड़ी के ऊपर 40 से 45 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली तूफानी हवाओं के और तेज होकर 55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार में तब्दील होने की आशंका जताई गई है।

उपरोक्त तूफानी हवाओं को देखते हुए मौसम विभाग ने मछुआरों को इन इलाकों में मछली पकड़ने तथा किसी तरह के व्यापार से संबंधित काम के लिए न जाने की चेतावनी जारी की है।

# वैज्ञानिकों ने खोजी वर्म की एक नई प्रजाति, बिना कीटनाशक फसलों को रख सकती है सुरक्षित

## वैज्ञानिकों के मुताबिक स्टीनरनेमा एडम्सी इंसानों और अन्य स्तनधारियों के लिए हानिकारक नहीं है, जो उसे एक सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल कीट नियंत्रण विकल्प बनाता है।



**अमेरिकी** वैज्ञानिकों ने कृमि (वर्म) की एक नई प्रजाति खोजी है। उनका दावा है कि यह नन्हा जीव कीटनाशकों के बिना भी फसलों को कीटों से सुरक्षित रखने में मददगार साबित हो सकता है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह सूक्ष्म कृमि पहले कीटों को संक्रमित करते हैं, फिर उन्हें खत्म कर देते हैं। वैज्ञानिकों ने अमेरिकी जीवविज्ञानी बायरन एडम्स के सम्मान में इस नई प्रजाति को स्टीनरनेमा एडम्सी नाम दिया है। इसकी शारीरिक बनावट का जिक्र करते हुए वैज्ञानिक लिखते हैं कि यह आकार में बेहद छोटे होते हैं, इन्हें माइक्रोस्कोप के बिना देखना करीब-करीब नामुमकिन होता है। इनकी चौड़ाई मानव बाल से करीब आधी और लंबाई एक मिलीमीटर से भी कम होती है।

यह खोज यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, रिवरसाइड के शोधकर्ताओं द्वारा की गई है, जिसके नतीजे जर्नल ऑफ पैरासिटोलॉजी में प्रकाशित हुए हैं। गौरतलब है कि कृमि की यह नई प्रजाति स्टीनरनेमा नामक नेमाटोड परिवार की सदस्य है। स्टीनरनेमा नेमाटोड को सबसे पहले 1920 में खोजा गया था। इनका उपयोग लम्बे समय से फसलों में लगने वाले कीटों को नियंत्रित करने के लिए किया जाता रहा है।

वैज्ञानकों का कहना है कि स्टीनरनेमा नेमाटोड इंसानों और अन्य स्तनधारियों के लिए सुरक्षित हैं। शोध में यह भी सामने आया है कि कृमि की यह नई प्रजाति न केवल गर्म और आर्द्र क्षेत्रों में पनप सकती है, साथ ही फसलों को कीटों से सुरक्षित रखने में भी मददगार साबित हो सकती है। इन क्षेत्रों में दूसरी नेमाटोड प्रजातियां जीवित रहने के लिए संघर्ष करती हैं।

इस बारे में प्रमुख शोधकर्ता प्रोफेसर एडलर डिलमैन का कहना है कि, हम हर साल फसलों पर खरबों कीड़ों का छिड़काव करते हैं, वे आसानी से उपलब्ध होते हैं।

उनके मुताबिक स्टीनरनेमा की 100 से ज्यादा प्रजातियां उपलब्ध होने के बावजूद, वैज्ञानिक हमेशा नई विविधताओं की तलाश में रहते हैं। उनका मकसद ऐसी प्रजातियों की खोज करना है जो विभिन्न जलवायु में पनप सकें और कीटों के विशिष्ट प्रकारों को लक्षित करने की क्षमता रखते हों।

इस बारे में जानकारी देते हुए प्रेस विज्ञप्ति में शोधकर्ताओं ने उल्लेख किया है कि एक अलग स्टीनरनेमा प्रजाति की गहरी समझ हासिल करने की उम्मीद में, डिलमैन की प्रयोगशाला ने थाईलैंड में अपने सहकर्मियों से कुछ नमूनों मंगाए थे। जब हमने इन नमूनों का डीएनए विश्लेषण किया तो पाया कि ये वे नहीं थे, जिनका हमने अनुरोध किया था। आनुवंशिक रूप से, वे पहले दर्ज किए गए दूसरे कृमि से भिन्न थे।

शोधकर्ताओं ने इन वर्म की पहचान स्टीनरनेमा एडम्सी के रूप में की है जोकि नेमाटोड की एक नई प्रजाति है।

बता दें कि नेमाटोड अविश्वसनीय तौर पर विविधता से भरे होते हैं। यह धरती पर करीब-करीब हर वातावरण में पाए जाते हैं। आम तौर पर यह बेहद सूक्ष्म होते हैं, लेकिन इनकी कुछ प्रजातियां कई मीटर तक लंबी हो सकती हैं।

इनमें से कुछ परजीवी होते हैं और कई पारिस्थितिक तंत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिसमें कार्बनिक पदार्थ को विघटित करना और कीड़ों की आबादी को नियंत्रित करना शामिल है।

इस कृमि में कीड़ो को मरने की अनूठी क्षमता होती है। शोध के मुताबिक किशोरावस्था में नेमाटोड मिट्टी में रहते हैं, इस दौरान इनका विकास अवरुद्ध रहता है। इस चरण के दौरान, वे संक्रमित करने के लिए कीड़ों की तलाश में मिट्टी में घूमते हैं।

एक बार जब उन्हें मेजबान का पता लग जाता है तो वो उनके शरीर में प्रवेश कर उसमें हानिकारक बैक्टीरिया छोड़ देते हैं। इससे वो कीड़ा संक्रमित हो जाता है। यह संक्रमण बेहद घातक होता है क्योंकि इसके 48 घंटों के भीतर ही कीट मर जाता है। इसके बाद यह नेमाटोड उस कीट के शरीर उपयोग अपनी नई पीढ़ियों के विकास के लिए करता है।

शोधकर्ताओं का अगला लक्ष्य इस नेमाटोड की विशिष्ट विशेषताओं को उजागर करना है। उनका कहना है कि हम अभी भी पूरी तरह निश्चित नहीं हैं कि क्या यह वर्म गर्मी, यूवी प्रकाश, या शुष्क परिस्थितियों को सहन कर सकता है।

इसके अलावा यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह कितने कीड़ों को संक्रमित कर सकता है। हालांकि शोधकर्ताओं के मुताबिक चूंकि स्टीनरनेमा एडम्सी एक ऐसे जीनस से संबंधित है जो कई कीट प्रजातियों को संक्रमित कर सकती है, उन्हें भरोसा है कि यह कीटों की एक विस्तृत श्रृंखला के खिलाफ प्रभावी होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### रणजी ट्रॉफी: दिल्ली की जीत में चमके हिमांशु

**धर्मशाला।** तेज गेंदबाज हिमांशु चौहान के पांच विकेट से दिल्ली ने सोमवार को यहां हिमाचल प्रदेश को दूसरी पारी में 250 रन पर समेटकर 76 रन से जीत हासिल की जो उसकी मौजूदा रणजी ट्राफी सत्र में दूसरी जीत है। ग्रुप डी में दिन का शानदार प्रदर्शन बाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज कुलवंत खेजरोलिया का लगातार चार गेंद में चार विकेट झटकना रहा जिससे उन्होंने पांच विकेट हासिल किए और मध्य प्रदेश ने बड़ौदा पर पारी और 52 रन से जीत हासिल की। खेजरोलिया रणजी ट्राफी इतिहास में चार गेंद में चार विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए। मध्य प्रदेश ने बड़ौदा को 98.3 ओवर में 270 रन पर समेटकर बड़ी जीत दर्ज की और अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। धर्मशाला में चौहान ने अपने करियर में तीसरी बार पांच विकेट चटकाए जिससे दिल्ली ने अंतिम दिन मुकाबले से छह अंक हासिल किए।

### पीजीटीआई प्लेयर्स में भाग लेंगे 124 खिलाड़ी

**कोलकाता।** गत चैंपियन सचिन बैसोया, मनु गंडास और राहिल गंगजी सहित 124 खिलाड़ी मंगलवार से यहां शुरू होने वाली टाटा स्टील पीजीटीआई प्लेयर्स गोल्फ चैंपियनशिप 2024 में भाग लेंगे। टूर्नामेंट की पुरस्कार राशि एक करोड रुपए है। इससे 2024 टाटा स्टील पीजीटीआई सत्र की भी शुरुआत होगी। प्रो एम प्रतियोगिता 17 फरवरी को होगी। जो 124 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे उनमें 121 पेशेवर और तीन एमेच्योर खिलाड़ी शामिल हैं। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाले अन्य शीर्ष खिलाड़ियों में खलिन जोशी, अमन राज, करण प्रताप सिंह, उदयन माने, अंगद चीमा, जयराज सिंह संधू, हर्षजीत सिंह सेठी, सुनहित बिश्नोई और गौरव प्रताप सिंह शामिल हैं।

### सुप्रीम कोर्ट ने टीएनएफए की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु फुटबॉल संघ (टीएनएफए) की मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। मद्रास उच्च न्यायालय ने नए प्रशासनिक पैनल की नियुक्ति होने तक फुटबॉल संस्था के मामलों की देखरेख के लिए एक समिति गठित करने का आदेश दिया था। टीएनसीए ने इस आदेश को चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और केवी विश्वनाथन की पीठ ने पाया कि यह याचिका कानूनी प्रक्रिया का दुरूपयोग है जिससे उन्होंने तमिलनाडु फुटबॉल संघ के अध्यक्ष जेसिया विलावयारार सहित अधिकारियों पर 50,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया।

# पॉल ने कॅरियर का दूसरा एटीपी खिताब जीता




एजेंसी। डलास

**दूसरे** वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने गैर वरीय मार्कोस गिरोन को तीन सेट तक चले फाइनल में मात दी और डलास ओपन टेनिस टूर्नामेंट जीतकर अपना दूसरा कॅरियर एटीपी खिताब हासिल किया। दोनों अमेरिकी खिलाड़ियों ने फाइनल से पहले डलास में एक भी सेट नहीं गंवाया था।

पॉल ने फाइनल में गिरोन को 7-6 (3), 5-7, 6-3 से पराजित किया। पॉल का यह चौथा एटीपी फाइनल था और इस खिताबी जीत से वह रैंकिंग में 14वें स्थान पर पहुंच जाएंगे। न्यूजर्सी के इस 26 साल के खिलाड़ी ने 2021 में स्टॉकहोम में पिछला खिताब जीता था। वहीं 30 वर्षीय गिरोन अपना पहला एटीपी खिताब जीतने की कोशिश में थे। कैलिफोर्निया का यह खिलाड़ी दो साल पहले सान डिएगो में अपने पिछले फाइनल में हार गया था।

# रैंकिंग में नागल 23 पायदान उछले

## शीर्ष 100 में बनाई जगह, जोकोविच टॉप पर

एजेंसी। नई दिल्ली



**भारत** के शीर्ष एकल खिलाड़ी सुमित नागल ने सोमवार को 23 पायदान की छलांग लगाकर अपने करियर में पहली बार एटीपी एकल रैंकिंग के शीर्ष 100 में प्रवेश किया।

रविवार को चेन्नई ओपन चैलेंजर में मिली जीत से नागल ताजा जारी एकल रैंकिंग में 98वें स्थान पर पहुंच गए जिसमें शीर्ष पर सर्बियाई स्टार नोवाक जोकोविच काबिज हैं। पिछले महीने नागल ग्रैंडस्लैम में 35 साल में वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को हराने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने पहले दौर में दुनिया के 27वें नंबर के कजाखस्तान के एलेक्जैंडर बुबलिक को हराकर उलटफेर किया था, हालांकि दूसरे दौर में वह चीन के जुनचेंग शांग से हार गए थे। 2019 में बाएं हाथ के प्रजनेश गुणेश्वरन के शीर्ष 100 में पहुंचने के बाद बाद नागल शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले पहले भारतीय हैं। नागल ने रविवार को चेन्नई में मिली जीत के बाद कहा, मैं बहुत भावुक हूं।

हर टेनिस खिलाड़ी का सपना कम से कम शीर्ष 100 में पहुंचना होता है। जैसा कि मैंने पहले कहा कि अपने देश के घरेलू दर्शकों के सामने यह मैच जीतना शानदार है, इसके लिए इससे बेहतर जगह नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इसे बयां करने के लिए शब्द थे। हर कोई रो रहा था। शब्द कम थे, आंसू ज्यादा। मैं अब भी बहुत भावुक हूं। पिछले साल मेरी रैंकिंग 500 थी, जिसके बाद मेरी सर्जरी हुई और वित्तीय सहयोग भी नहीं था तो पिछला साल काफी मुश्किल रहा। उन्होंने कहा, काफी उतार चढ़ाव हुए। मैं खुश हूं कि हर दिन आगे बढ़ने के लिए मुझे एक तरीका मिल गया।

# विराट की गैर मौजूदगी में इंग्लैंड के पास सीरीज जीतने का मौका

### भारतीय खिलाड़ियों की फिटनेस और मौका भुनाने की इंग्लैंड की क्षमता पर टिका है सीरीज का परिणामः स्टुअर्ट ब्रॉड

एजेंसी। केपटाउन

**इंग्लैंड** के पूर्व तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड का मानना है कि विराट कोहली का टेस्ट श्रृंखला में नहीं होना इस श्रृंखला और खेल के लिए अच्छा नहीं है लेकिन उनकी गैर मौजूदगी में इंग्लैंड के पास भारत को हराने का सुनहरा मौका है।

विराट निजी कारणों से श्रृंखला से बाहर है जबकि भारत ने दूसरा टेस्ट जीतकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी कर ली है। ब्रॉड ने यहां दिए इंटरव्यू में कहा, विराट किसी भी स्पर्धा को अपने जनून, आक्रामकता और बेहतरीन खेल से शानदार बना देते हैं। दर्शक उनका खेल देखने को आतुर रहते हैं। लेकिन निजी मसले हमेशा क्रिकेट से जुड़े मसलों से बड़े होते हैं। उनका मानना है कि विराट की गैर मौजूदगी युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी उपयोगिता साबित करने का सुनहरा मौका होगी। इंग्लैंड के लिए 167 टेस्ट में 604 विकेट ले चुके इस गेंदबाज ने कहा , जब महान खिलाड़ी नहीं खेलते हैं तो युवाओं के लिए भी यह खुद को साबित करने का मौका होता है।हमने पिछले टेस्ट में देखा कि यशस्वी जायसवाल ने कैसे दोहरा शतक जड़ा। अगले तीन मैचों में कोई और खिलाड़ी भारत के लिए चमकेगा और हो सकता है कि वह इस लायक हो जाए कि जब विराट खेल को अलविदा कहें तो उनकी जगह ले सके। ब्रॉड का मानना है कि भारत और इंग्लैंड के बीच यह सबसे प्रतिस्पर्धी श्रृखलाओं में से है और अगले तीन टेस्ट में इंग्लैंड के पास अच्छा मौका है। उन्होंने कहा, विराट के नहीं होने से बहुत कुछ बाकी खिलाड़ियों की फिटनेस पर निर्भर करेगा। विराट और इंग्लैंड के तेज गेंदबाजों खासकर जिम्मी एंडरसन के बीच प्रतिद्वंद्विता काफी मशहूर रही है। यह क्रिकेट और इस श्रृंखला के लिए शर्मनाक है कि विराट नहीं खेल रहे हैं।

उन्होंने कहा, भारत ने पिछला टेस्ट जीता लेकिन इंग्लैंड की बैजबॉल शैली भारत में प्रभावी रही है। भारतीय खिलाड़ियों की फिटनेस और मौका भुनाने की इंग्लैंड की क्षमता पर अगले तीन मैच निर्भर करेंगे। उन्होंने नई गेंद के अपने साथी रहे जिम्मी एंडरसन के प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए कहा , हमने दूसरे टेस्ट में देखा कि तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम रही है। जसप्रीत बुमराह ने भारत को मैच जिताया और जिम्मी ने उम्दा गेंदबाजी की। सभी को लगा था कि पिच स्पिन लेगी लेकिन तेज गेंदबाजों को अधिक सफलता मिली। शायद सुबह की नमी की वजह से।



### टेस्ट के लिए भी बने अलग विंडो

**इस** पूर्व गेंदबाज का कहना है कि टेस्ट क्रिकेट के लिए ऐसी विंडो बन सकती है जिसमें सभी देश एक समय पर टेस्ट खेलें। उन्होंने कहा, टेस्ट क्रिकेट की बात ही अलग है। हैदराबाद में भारत और इंग्लैड के बीच पहला टेस्ट हो या गाबा पर वेस्टइंडीज की आस्ट्रेलिया पर जीत। दोनों शानदार मैच थे। मुझे लगता है कि टी-20 क्रिकेट के दौर में टेस्ट क्रिकेट के लिए विंडो बन सकती है जब सभी टीमें एक समय पर खेलें। बच्चे इस पर बात करें और हाइलाइट देखें। अपने कैरियर में आईपीएल नहीं खेल सके ब्रॉड बतौर कमेंटेटर पहली बार लीग के दौरान यहां होंगे। उन्होंने कहा, हर क्रिकेटर वानखेड़े स्टेडियम पर मुंबई इंडियंस को खेलते देखना चाहता है और मेरे लिए भी यह पहला अनुभव होगा जब मीडिया काम के सिलसिले में आईपीएल के दौरान मैं भारत में रहूंगा।

उन्हें नहीं लगता कि टी-20 क्रिकेट के इस दौर में वह और एंडरसन तेज गेदंबाजी में आखिरी महान टेस्ट जोड़ी थी। उन्होंने कहा , मुझे नहीं लगता कि हमारी जोड़ी आखिरी था लेकिन हम दोनों के लंबे कैरियर की वजह से हमने मिलकर जितने विकेट लिए हैं, उससे आगे निकलना मुश्किल होगा। लेकिन मेरा मानना है कि फिर से क्रिकेट को ऐसी कोई शानदार जोड़ी अगले कुछ साल में जरूरी मिलेगी। जसप्रीत बंमराह टेस्ट क्रिकेट में बहुत ही परिपक्व गेंदबाज हैं। ब्रॉड ने कहा, मैं तेज गेंदबाजी की जोड़ियों को देखकर बड़ा हुआ हूं। कर्टनी वॉल्श और कर्टले एम्बरोज हो, वकार युनूस और वसीम अकरम या डेरेन गाफ और एंडी कैडिक हो। ऐसी ही एक जोड़ी जल्दी ही निकलेगी।

### राजकोट टेस्ट से पहले इयान चैपल बोले

# भारत को अंग्रेज देंगे कड़ी चुनौती

### स्टोक्स के आक्रामक नेतृत्व वाली इंग्लैंड की टीम रूट की टीम से बेहतर

एजेंसी। मेलबर्न



**आस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान इयान चैपल को लगता है कि बेन स्टोक्स की अगुआई वाली इंग्लैंड की टीम बची हुई टेस्ट श्रृंखला में भारत को कड़ी टक्कर देगी लेकिन उन्होंने मेजबान टीम जीतने का समर्थन किया। भारत और इंग्लैंड इस समय पांच मैच की श्रृंखला में 1-1 से बराबरी पर हैं। चैपल ने अपने कॉलम में लिखा, घरेलू टीम होने के नाते भारत को आखिर में इस मुश्किल श्रृंखला को जीतना चाहिए लेकिन उन्हें बचे हुए मुकाबलों में कड़ी चुनौती मिलेगी।

उन्होंने लिखा, स्टोक्स के आक्रामक नेतृत्व वाली इंग्लैंड की टीम जो रूट की अगुआई वाली टीम से बेहतर है जो पिछले दौरे पर स्पिन के आगे पस्त हो गई थी। भारत के 2021 में पिछले दौरे पर इंग्लैंड की टीम रूट की अगुआई में पहला टेस्ट जीतने के बाद श्रृंखला गंवा बैठी थी। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली श्रृंखला का हिस्सा नहीं होंगे और बचे हुए तीन टेस्ट के लिए भारतीय टीम में केएल राहुल और रविंद्र जडेजा की वापसी होगी। चैपल ने लिखा, भारत मजबूत टीम है और उनके पास रोहित शर्मा के रूप में एक अच्छा कप्तान है। रविंद्र जडेजा और केएल राहुल के चोट से उबरकर वापसी करने से उनकी टीम मजबूत होगी लेकिन कोहली का बची हुई श्रृंखला में नहीं खेलना एक झटका है। उन्होंने लिखा, उम्मीद है कि चयनकर्ता अब श्रेयस अय्यर की बल्लेबाजी काबिलियत को ज्यादा महत्व देना बंद कर देंगे और कुलदीप यादव की विकेट झटकने की क्षमता को ज्यादा अहमियत देना सीखेंगे। चैपल ने लिखा, भारत बनाम इंग्लैंड श्रृंखला ऐसी ही जा रही है जैसे इसे जानी चाहिए थी। दो प्रतिभाशलाी टीम के बीच में कड़ा मुकाबला।

## एडीलेड की घटना ने काफी प्रभावित किया



**मेलबर्न।** पिछले महीने एडीलेड में देर रात पार्टी के बाद अस्पताल में भर्ती होने की घटना पर आस्ट्रेलियाई आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल ने कहा कि इससे उनका परिवार काफी प्रभावित हुआ था।

मैक्सवेल पिछले महीने इस पार्टी में पूर्व आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ब्रेट ली के सिक्स एंड आउट कंसर्ट देखते हुए शराब पी रहे थे। इसके बाद उनकी हालत खराब हो गई। उन्हें अस्पताल ले जाया गया और वह एम्बुलेंस में ही बेहोश हो गए थे। मैक्सवेल ने कहा, मुझे लगता है कि इस घटना ने मुझसे ज्यादा मेरे परिवार को प्रभावित किया। मुझे पता था कि उस हफ्ते मेरी छुट्टी थी। और निश्चित रूप से यह घटना और इसका समय आदर्श नहीं था। इस 35 साल के खिलाड़ी ने दिखाया कि वह छोटे प्रारूप में आस्ट्रेलिया के सबसे खतरनाक बल्लेबाजों में बरकरार हैं। मैक्सी ने वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टी*20 में 55 गेंद में 120 रन की नाबाद शतकीय पारी खेलकर कमाल कर दिया। उन्होंने टी-20 पांचवां शतक जड़कर भारतीय कप्तान रोहित शर्मा के रिकॉर्ड की बराबरी की।

# बीएटीसी खिताब जीतना चाहेगा भारत

## पीवी सिंधु और पुरुष टीम पर होगा फोकस

चोट के चलते कई महीनों बाद वापसी कर रही हैं पीवी



एजेंसी। शाह आलम (मलेशिया)

**थॉमस** कप चैम्पियन भारत अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन के बूते बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप (बीएटीसी) का खिताब जीतने की कोशिश करेगा जिसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु की चोट से वापसी होगी।

भारतीय पुरुष टीम ने 2022 में थॉमस कप जीता और पिछले साल के एशियाई खेलों में पहला रजत पदक हासिल किया था। टीम की कोशिश इस महाद्वीपीय प्रतियोगिता के फाइनल तक पहुंचने की होगी जिसमें उसने 2016 और 2018 में कांस्य पदक जीता था। भारतीय पुरुष टीम को ग्रुप ए के लीग मैच में मजबूत चीन और हांगकांग का सामना करना होगा जिससे यह उसके लिए इतना आसान नहीं होगा। एचएस प्रणय की अगुआई में भारत लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की युगल जोड़ी के साथ शीर्ष दो में जगह बनाकर नॉकआउट चरण में जगह बनाने की कोशिश करेगा।

सिंधू के नेतृत्व वाली महिला टीम को ग्रुप डब्ल्यू में सिर्फ चीन से भिड़ना है जो ग्रुप की दूसरी टीम है जिससे भारत ने नॉकआउट में अपना स्थान सुनिश्चित कर लिया है। महिला टीम के लिए सफर मुश्किल भरा होगा जिसमें सिंधू और दो युगल जोड़ियां तृषा जॉली और गायत्री गोपीचंद तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो शामिल हैं। सिंधु के लिए यह टूर्नामेंट ज्यादा अहमियत रखता है क्योंकि वह पिछले साल अक्टूबर से खेल से बाहर हैं जिससे वह अपनी मैच फिटनेस देखना चाहेंगी और जरूरी आत्मविश्वास हासिल करना चाहेंगी। इस 28 साल की खिलाड़ी को फ्रेंच ओपन में घुटने में चोट लग गई थी। वह बेंगलुरु में मेंटॅर प्रकाश पादुकोण के मार्गदर्शन में ट्रेनिंग में जुटी थीं। यह महाद्वीपीय टूर्नामेंट खिलाड़ियों के लिए भी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि इससे रेस टूर द 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए महत्वपूर्ण क्वालीफिकेशन अंक मिलेंगे। ध्यान युवा और दूसरे दर्जे के भारतीय खिलाड़ियों पर भी लगा होगा जिसमें अस्मिता चालिहा, अनमोल खरब और तन्वी शर्मा शामिल हैं।

### पुरुष टीम का सामना कल हांगकांग से होगा

**भारत** बुधवार से अपने अभियान की शुरूआत करेगा जिसमें पुरुष टीम का सामना हांगकांग से होगा जबकि सिंधु एंड कंपनी की भिड़ंत चीन से होगी जिसमें ओलंपिक चैम्पियन चेन यु फेई अनुपस्थित होंगी। लेकिन दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी हान युए, दुनिया की नौंवे नंबर की वांग झी यि और दुनिया की 15वें नंबर की झांग यि मान भारत की चालिहा और खरब के लिए ज्यादा मजबूत साबित होंगी। हांगकांग की पुरुष टीम में दुनिया के 18वें और दुनिया के 22वें नंबर के दो मजबूत खिलाड़ी मौजूद हैं लेकिन उनके पास कोई अच्छी युगल जोड़ी नहीं है जिससे भारत के प्रतिद्वंद्वियों की बाधा पार करने की उम्मीद है।

## दिल्ली राष्ट्रीय मैराथन का आयोजन 25 को

**नई दिल्ली।** भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) से राष्ट्रीय प्रतियोगिता और पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा के रूप में मान्यता प्राप्त नई दिल्ली मैराथन का आयोजन 25 फरवरी को यहां जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया जाएगा। पुरुष और महिला वर्ग में चोटी पर रहने वाले पांच एथलीटों को पुरस्कार राशि दी जाएगी। पुरुष और महिला दोनों वर्ग में विजेता को 1.5 लाख रुपए जबकि दूसरे स्थान पर रहने वाले को एक लाख रुपए का पुरस्कार मिलेगा। इसके अलावा तीसरे, चौथे और पांचवें स्थान पर रहने वाले खिलाड़ियों को क्रमशः 50,000 रुपए, 30,000 रुपए और 30,000 रुपए मिलेंगे।

एएफआई ने कहा, नई दिल्ली मैराथन को भारतीय एथलेटिक्स महासंघ से राष्ट्रीय मैराथन का दर्जा हासिल है। यह मैराथन पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग स्पर्धा भी है। पुरुष और महिला वर्ग में ओलंपिक का क्वालीफाइंग समय क्रमशः 2 घंटे 8 मिनट और 10 सेकंड और 2 घंटे 26 मिनट और 50 सेकंड है। भारत के अभी तक किसी भी धावक ने पेरिस ओलंपिक  लिए क्वालीफाई नहीं किया है।

## आइवरी कोस्ट ने जीता अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स खिताब



**अबिदजान।** आइवरी कोस्ट ने सेबेस्टियन हालेर के अंत में किए गए विजई गोल की मदद से यहां फाइनल में नाईजीरिया पर 2-1 की जीत से अफ्रीका कप ऑफ नेशन्स खिताब अपने नाम किया। हालेर ने 81वें मिनट में करीब से किए गए गोल से आइवरी कोस्ट को खिताब दिलाया। टीम के लिए पहला गोल फ्रैंक केसी ने 62वें मिनट में दागकर 1-1 से बराबरी दिलाई थी। यह 1992 और 2015 के बाद आइवरी कोस्ट का तीसरा खिताब है। अनुभवी मिडफील्डर मैक्स ग्रेडल अब 36 वर्ष के हो चुके हैं और 2015 चैम्पियनशिप में टीम का हिस्सा थे।

# हमारे कुछ खिलाड़ी सीनियर टीम के लिए खेलेंगे

## भारत की अंडर-19 क्रिकेट टीम के कोच कानिटकर बोले

एजेंसी। बेनोनी

**भारत** के अंडर-19 मुख्य कोच ऋषिकेश कानिटकर को भरोसा है कि उनकी टीम के कुछ खिलाड़ी भविष्य में सीनियर टीम की ओर से खेलेंगे। पांच बार की चैम्पियन भारत को रविवार को अंडर-19 विश्व कप फाइनल में आस्ट्रेलिया से 79 रन से हार का सामना करना पड़ा लेकिन खिलाड़ी जैसे कप्तान उदय सहारन, मुशीर खान, सौम्य पांडे और सचिन धास ने पूरे टूर्नामेंट में प्रभावित किया।

कानिटकर ने मैच के बाद प्रेस कांफ्रेंस में कहा, निश्चित रूप से भारत का भविष्य उज्जवल है। गेंदबाजी और बल्लेबाजी, दोनों में ही कुछ खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा है। उन्होंने मुश्किल हालात में परिपक्वता दिखाई जो भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है।



भारतीय टीम आयु ग्रुप में पावरहाउस रही है और अंडर-19 विश्व कप ने विराट कोहली, युवराज सिंह, मोहम्मद कैफ, सुरेश रैना, शिखर धवन, रोहित शर्मा, रविंद्र जडेजा, केएल राहुल, ऋषभ पंत, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल जैसे स्टार दिए हैं। कानिटकर ने कहा, हर बार कुछ खिलाड़ी ऐसे होते हैं जो या तो इंडियन प्रीमियर लीग या भारतीय टीम में अच्छा प्रदर्शन करते हैं।

मुझे पूरा भरोसा है कि इसमें भी कुछ खिलाड़ी ऐसे होंगे जो भारतीय टीम में खेलेंगे लेकिन इसके लिए भी काफी कड़ी प्रतिस्पर्धा है। अंडर-19 टीम के अर्शिन कुलकर्णी और अविनाश राव को पहले ही इंडियन प्रीमियर लीग का अनुबंध मिल चुका है।

कानिटकर (49 वर्ष) को लगता है कि अंडर-19 विश्व कप में खेलने से खिलाड़ियों को पता चलता है कि सीनियर स्तर पर कैसे खेला जाता है। उन्होंने कहा, खिलाड़ियों के लिए यह शानदार यात्रा है, उनका प्रदर्शन सुर्खियों में रहता है और उनका प्रदर्शन मायने रखता है क्योंकि सभी की निगाहें लगी होती हैं। वे इन परिस्थितियों के आदी हो जाते हैं। वे जानते हैं कि उनसे क्या उम्मीद की जाती है और जब वे शीर्ष स्तर पर खेलेंगे तो उन्हें तैयार रहना चाहिए।

## भारत के डेविस कप खिलाड़ियों का होगा बेंगलुरु में सम्मान

**बेंगलुरु।** पाकिस्तान को हाल में उसकी धरती पर हराने वाली भारतीय डेविस कप टीम के खिलाड़ियों को सोमवार को यहां बेंगलुरु ओपन के उद्घाटन समारोह के दौरान सम्मानित किया गया।

कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के अध्यक्ष आर अशोक ने कहा, यह कर्नाटक राज्य लॉन टेनिस संघ के लिए गर्व की बात है कि डेविस कप के स्टार खिलाड़ी बेंगलुरु ओपन 2024 में भाग ले रहे हैं। पाकिस्तान में उनकी उपलब्धि प्रेरणादाई है। इस ऐतिहासिक मुकाबले में जीत दर्ज करने वाली पूरी टीम को हम हार्दिक बधाई देते हैं और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामना देते हैं। भारत ने इस महीने के शुरू में पाकिस्तान को 4-0 से हराकर डेविस कप विश्व ग्रुप एक में जगह बनाई थी।